RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 137
नई दिल्ली, शनिवार, 26 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर



मलयालम फिल्म हृदयम के अधिकार करण जौहर ने खरीदे

विविध-11


www.dailypioneer.com

# योगी ने दोबारा संभाली यूपी की बागडोर

## मंत्रिमंडल में शपथ लेने वालों में दो उप मुख्यमंत्रियों समेत 18 कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार के 14 मंत्री और 20 राज्य मंत्री

- पिछली सरकार के एक उप मुख्यमंत्री सहित कुल 22 मंत्रियों का पत्ता साफ
- पिछली सरकार में कानून मंत्री रहे ब्रजेश पाठक को पदोन्नति उपमुख्यमंत्री बने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पूरे** पांच साल तक यूपी की हुकूमत करने के बाद योगी आदित्यनाथ ने देश के सबसे बडे राज्य की दोबारा सत्ता संभाल ली। देश के प्रमुख साधु संतों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक दिग्गज हास्तियों की मौजूदगी में योगी आदित्यनाथ ने राजधानी के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में गगन चुंबी नारों के बीच मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

योगी के साथ दो उप मुख्यमंत्रियों समेत कुल 52 मंत्रियों, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों और राज्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। योगी की पिछली सरकार में उप मुख्यमंत्री डाक्टर दिनेश शर्मा सहित कुल 22 मंत्रियों को इस बार मंत्रिमंडल में स्थान नही मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा समेत तमाम केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्री, योगी और उनके कैबिनेट मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। योगी मंत्रिमंडल में आज शपथ लेने वालों में दो उप मुख्यमंत्रियों समेत 18 कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार के 14 राज्य मंत्री और 20 राज्य मंत्री शामिल हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने लगातार दूसरी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली जबकि पिछली सरकार में कानून मंत्री रहे ब्रजेश पाठक को पहली बार उपमुख्यमंत्री की शपथ दिलाई गई। चुनाव हारने के बावजूद योगी सरकार में दोबारा उप मुख्यमंत्री बनने में कामयाव रहे केशव प्रसाद मौर्या फिलहाल विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) हैं जबकि पहली बार उप मुख्यमंत्री बने ब्रजेश पाठक लखनऊ के कैंट क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए हैं। लखनऊ के शहीद पथ के निकट स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 49 वर्षीय योगी आदित्यनाथ को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

योगी आदित्यनाथ यूपी के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गये है, जिन्होने पूरे पांच साल तक यूपी की सरकार चलाने के बाद चुनाव लडे और चुनाव जीतने के बाद दोबारा मुख्यमंत्री बने। यह करिश्मा आजादी के बाद अभी तक कोई मुख्यमंत्री नही कर सका हैं। शपथ ग्रहण में दलितों, पिछड़ों का संतुलन साधने के साथ ही अल्पसंख्यक वर्ग से सिख और मुसलमान भी मंत्री बनाए गए हैं। पिछली बार मंत्री रहे मोहसिन रजा को इस बार मौका नहीं मिला है। मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री के रूप में नया चहेरा दानिश आजाद अंसारी को शामिल किया गया है। दानिश अभी किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। सिख समाज से आने वाले बलदेव सिंह औलख भाजपा (शेष पेज 8)

### कैबिनेट मंत्री

**सूर्य** प्रताप शाही, सुरेश कुमार खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह (भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी), बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, भूपेंद्र चौधरी, अनिल राजभर, जितिन प्रसाद, राकेश सचान, अरविंद कुमार शर्मा, योगेंद्र उपाध्याय के अलावा सहयोगी दल अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल और निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के प्रमुख संजय निषाद ने शपथ ली।

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**नितिन** अग्रवाल, कपिलदेव अग्रवाल, रविंद्र जायसवाल, संदीप सिंह, गुलाब देवी, गिरीश चंद्र यादव, धर्मवीर प्रजापति, असीम अरुण, जे.पी.एस. राठौर, दयाशंकर सिंह, नरेंद्र कश्यप, दिनेश प्रताप सिंह, अरुण कुमार सक्सेना और दयाशंकर मिश्र दयालु ने शपथ ली।

### राज्य मंत्री

**मयंकेश्वर** सिंह, दिनेश खटीक, संजीव गौड़, बलदेव सिंह औलख, अजीत पाल, जसवंत सैनी, रामकेश निषाद, मनोहर लाल मन्नू कोरी, संजय गंगवार, बृजेश सिंह, के. पी. मलिक, सुरेश राही, सोमेंद्र तोमर, अनूप प्रधान वाल्मीकि, प्रतिभा शुक्ला, राकेश राठौर गुरु, रजनी तिवारी, सतीश शर्मा, दानिश आजाद अंसारी और विजय लक्ष्मी गौतम ने शपथ ली।

### मोदी ने कहा-लिखेंगे नया अध्याय



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले योगी आदित्यनाथ को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में यह प्रदेश जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए प्रगति का एक और नया अध्याय लिखेगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के बाद योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में दूसरी बार राज्य की बागडोर (शेष पेज 8)

### योगी सरकार में दानिश इकलौते मुस्लिम चेहरे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** 2.0 मंत्रिमण्डल में इस बार अल्पसंख्यक वर्ग से आने वाले युवा नेता व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री दानिश आजाद अंसारी को जगह मिली है। शुक्रवार को उन्हें योगी आदित्यनाथ सरकार में राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आजाद भाजपा सरकार के एकमात्र मुस्लिम मंत्री हैं। पिछली योगी सरकार में भाजपा की तरफ से शिया समाज से आने वाले मोहसिन रजा को जगह मिली थी। जबकि इस सरकार में भाजपा ने अंसारी समाज से आने वाले दानिश आजाद को राज्यमंत्री बनाया है। लखनऊविश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ क्वालिटी मैनेजमेंट और इग्नू से मास्टर ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री हासिल कर चुके 33 वर्षीय दानिश आजाद ने राजनीति की शुरूआत पढ़ाई के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक के आनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) से (शेष पेज 8)

# सीमा पर तनाव कम करने को सेनाओं का पीछे हटना जरूरी



- भारत-चीन के विदेश मंत्रियों के बीच चली तीन घंटे लंबी वार्ता, गतिरोध समाप्त होने के संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने शुक्रवार को चीन से स्पष्ट रूप से कहा कि पूर्वी लद्दाख सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं है और तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत अपेक्षाकृत धीमी गति से आगे बढ़ रही है। इसके साथ यह भी कहा गया कि सीमा पर तनाव कम करने के लिए दोनों पक्षों को सैनिकों को पीछे हटाना जरूरी है और बातचीत जारी रखनी होगी। भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच तीन घंटे लंबी बैठक के दौरान ये चिंताएं जताईं। लगभग दो साल पहले लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर (शेष पेज 8)

### पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुद्दा उठाते हुए कश्मीर पर चीनी विदेश मंत्री वांग यी की हालिया टिप्पणियों पर आपत्ति जताई, जो उन्होंने इस्लामाबाद में दो दिन पहले आयोजित इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक में की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उन्होंने कश्मीर पर वांग यी की टिप्पणियों पर भारत की आपत्ति दर्ज कराई। चीनी मंत्री ने पाकिस्तान में इस्लामिक सहयोग संगठन में अपने उद्घाटन भाषण में कश्मीर का उल्लेख करते हुए कहा था कि (शेष पेज 8)

### चीन में पढ़ रहे छात्रों का मुद्दा उठाया

**जयशंकर** ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बातचीत के दौरान भारतीय छात्रों के चीन लौटने का मुद्दा उठाया, ताकि वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। साथ ही, उम्मीद जताई कि बीजिंग इस विषय पर बिना भेदभाव वाला रुख अपनाएगा। जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने चीन में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों के मुद्दे को मजबूती से उठाया, जिन्हें कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण लौटने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हमें उम्मीद है कि चीन इस बारे में बिना भेदभाव वाला रूख अपनाएगा क्योंकि यह विषय हमारे काफी संख्या (शेष पेज 8)

# यूक्रेन के मारियुपोल में थिएटर पर हवाई हमले में 300 लोग मारे गए

- लुडमिला डेनिसोवा ने कहा था कि 1,300 से अधिक लोगों ने इमारत में शरण ले रखी थी

**भाषा।** खारकीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि मारियुपोल शहर में एक थिएटर पर रूसी हवाई हमले में लगभग 300 लोग मारे गए थे। रूस के हमलों से बचने के लिए लोग इस थिएटर में शरण लिए हुए थे। टेलीग्राम चैनल पर प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से शहर सरकार ने बताया कि 16 मार्च को थिएटर पर हमले में मृतक संख्या लगभग 300 थी।

यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि क्या आपातकालीन कर्मचारियों ने मौके का पूरा मुआयना कर लिया था और प्रत्यक्षदर्शियों को मौके के आंकड़े के बारे में कैसे पता चला। हवाई हमले के तुरंत बाद, यूक्रेनी संसद के मानवाधिकार आयुक्त लुडमिला डेनिसोवा ने कहा था कि 1,300 से अधिक लोग इमारत में शरण लिए हुए हैं। खारकीव के बाहरी इलाके में शुक्रवार को कोहरा छाया रहा और सुबह से ही लगातार गोलाबारी हो रही है। शहर के एक अस्पताल में, कई घायल सैनिकों को लाया गया और वहां उनका इलाज चल रहा है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने देश से अपनी सैन्य रक्षा बनाए रखने का आग्रह किया। समाचार एजेंसी इंटरफैक्स की खबर के अनुसार, रूस की सेना ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने कीव क्षेत्र में यूक्रेन के ईंधन अड्डे को नष्ट कर दिया।

उन्होंने बृहस्पतिवार की रात अपने वीडियो संबोधन में कहा, हमारी रक्षा के हर दिन के साथ, हम उस शांति के करीब पहुंच रहे हैं जिसकी हमें बहुत आवश्यकता है। हम एक मिनट के लिए भी नहीं रुक सकते, क्योंकि हर मिनट हमारी किस्मत, हमारा भविष्य तय करता है कि हम जिएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि युद्ध के पहले महीने में 128 बच्चों सहित हजारों लोग (शेष पेज 8)

# बीरभूम नरसंहार: जांच सीबीआई के हवाले

- कलकत्ता हाई कोर्ट ने एसआईटी को फटकार लगाई, केस तत्काल केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का दिया आदेश

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**बीरभूम** नरसंहार मामले की जांच सीबीआई करेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर विश्वास करने से इन्कार करते हुए तत्काल जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की खंडपीठ ने सीबीआई से 7 अप्रैल तक प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपने को कहा।

केस की जांच में कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं होने के कारण अदालत ने सीबीआई को बिना देर किए जांच संभालने का निर्देश दिया। न्यायाधीशों ने कहा कि घटना की केस डायरी हमारे सामने रखी गई है। हमने इसकी बारीकी से जांच की है, जिससे पता चलता है कि 22 मार्च को एसआईटी का गठन किया गया था, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। केस डायरी से यह भी पता चला है कि थाना घटना स्थल से बहुत करीब है, लेकिन समय रहते पुलिस नहीं (शेष पेज 8)



### पुलिस ने बरामद किए सैकड़ों बम

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी के आदेश का पालन करते हुए बंगाल पुलिस ने बीरभूम और पश्चिम मिदनापुर जिले में शुक्रवार को सैकड़ों बम बरामद कर नष्ट कर दिए। पुलिस सूत्रों ने कहा कि आसनसोल के पास एक अवैध हथियारों की फैक्ट्री भी पकड़ी गई है, जहां 12 अप्रैल को उपचुनाव होने हैं।

### छात्र नेता हत्याकांड की जांच भी सीबीआई करे

**बीरभूम** हत्याकांड के बाद उपजे जनाक्रोश का प्रभाव एक महीने पहले घटित हुए अनीस खान हत्याकांड पर भी पड़ा है। स्थानीय लोग इस चर्चित कांड की जांच भी सीबीआई से कराने की मांग कर रहे हैं। हावड़ा जिले के अमता में शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने बंगाल के (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,362 | ↓ | 233 | |
| निफ्टी | 17,153 | ↓ | 69 | |
| सोना | 51,827 | ↑ | 30 | /10g |
| चांदी | 69,089 | ↑ | 596 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### निशक्त जनों को आवेदन की अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को निशक्त जनों को सिविल सेवाओं में अस्थाई रूप से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), दिल्ली, दमन एवं दीव, दादर एवं नगर हवेली, अंडमान एवं निकोबार द्वीप पुलिस सेवा (डीएएनआईपीएस) और भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा (आईआरपीएफएस) के लिए आवेदन करने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने आवेदकों से इस संबंध में यूपीएससी को एक अप्रैल तक अपना आदेवन पत्र जमा करने का निर्देश भी दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार द्वारा 18 अगस्त 2021 को जारी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने कहा कि उसने आईपीएस, डीएएनआईपीएस और आईआरपीएफएस के तहत निशक्त जनों को सभी श्रेणियों के पदों में आवेदन की अस्थाई छूट इसलिए दी है।

# सुपरटेक दिवालिया, प्रभावित होंगे 25,000 फ्लैट खरीदार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 432 करोड़ कर्ज न चुकाने पर एनसीएलटी ने की कार्रवाई

**रियल** एस्टेट डेवलपर फर्म सुपरटेक लिमिटेड को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने शुक्रवार को दिवालिया घोषित कर दिया है। एनसीएलटी के इस कदम का असर दिल्ली और एनसीआर में सुपरटेक के 25,000 से अधिक घर खरीदारों पर पड़ सकता है। एनसीएलटी ने यह आदेश यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बकाया लगभग 432 करोड़ रुपये भुगतान नहीं करने पर दिया है। रियल एस्टेट फर्म सुपरटेक लिमिटेड सुपरेटेक समूह की कंपनियों में से एक है।

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने शुक्रवार को रियल एस्टेट फर्म सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी। सुपरटेक समूह की इस कंपनी के लिए पिछले एक साल में लगा यह दूसरा बड़ा झटका है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने 31 अगस्त, 2021 को सुपरटेक लिमिटेड के दो 40 मंजिला टावरों को गिराने का आदेश दिया था।

एनसीएलटी की एक पीठ ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए सुपरटेक लिमिटेड के निदेशक मंडल के स्थान पर एक अंतरिम समाधान पेशेवर नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। बैंक ने अपनी याचिका में कंपनी के दिवालिया होने का दावा किया था। सुपरटेक लिमिटेड पर करीब 1,200 करोड़ रुपए (शेष पेज 8)

# एमसीडी बिल लोस में पेश, कई माह तक टले चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- विशेषज्ञों ने कहा तीनों निगमों के विलय के बाद करना होगा वार्डों का परिसीमन जिसमें कम से कम छह माह लगेंगे

**केंद्र** सरकार ने दिल्ली के तीन नगर निगमों का एकीकरण करने संबंधी दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2022 को शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों के विरोध के बीच लोकसभा में पेश किया। विपक्षी दलों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इस विधेयक को पेश करना इस सदन के विधाई दायरे में नहीं आता है। केंद्र के इस कदम से दिल्ली में नगर निगम चुनाव कम से कम छह महीने टल गए हैं। इसमें और भी ज्यादा समय लग सकता है।

निचले सदन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उक्त विधेयक पेश किया। इसका कांग्रेस, आरएसपी और बहुजन समाज पार्टी ने विरोध किया। गृह राज्य मंत्री राय ने कहा कि वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि विधेयक को पेश करना कहीं से भी भारत के संविधान की मूल भावना का उल्लंघन नहीं है और न ही यह संघीय ढांचे के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 239 (क) (क) के तहत दिल्ली से जुड़े इस कानून में संशोधन करने में सदन सक्षम है। राय ने कहा कि दिल्ली में तीन समवर्ती नगर निगमों के सृजन का मुख्य उद्देश्य जनता को प्रभावी नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराना था, लेकिन पिछले 10 वर्षों का अनुभव यह दर्शाता है कि ऐसा नहीं हुआ। इसलिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि यह विधेयक दिल्ली सरकार और दिल्ली विधानसभा के अधिकार क्षेत्र का हनन करता है। वहीं, कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि यह विधेयक संघीय ढांचे पर प्रहार करता है। बसपा के रीतेश पांडे ने कहा यह संविधान के प्रावधानों के खिलाफ है।



लोकसभा में दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2022 पेश करते केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।

दिल्ली नगर निगम के वार्डों की संख्या में प्रस्तावित संशोधन को लेकर शुक्रवार को विशेषज्ञों ने कहा कि निगम चुनाव पांच-छह महीने से पहले होने की संभावना नहीं है, क्योंकि तीन निगमों के विलय के बाद परिसीमन कवायद की आश्यकता होगी। फिलहाल दिल्ली के तीनों नगर निगमों उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी), दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) और पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) में कुल 272 वार्ड हैं। इनमें से उत्तर और दक्षिण नगर निगम में 104-104 जबकि पूर्वी दिल्ली नगर निगम में 64 वार्ड हैं। विधेयक के अनुसार विलय के बाद दिल्ली नगर निगम में वार्डों की संख्या 250 से ज्यादा नहीं हो सकती। साथ ही जब तक एकीकरण कानून के तहत निकाय की पहली बैठक नहीं हो जाती तब तक एक विशेष अधिकारी को इसके कामकाज पर नजर रखने के लिए नियुक्त किया जा सकता है। संविधान विशेषज्ञ तथा दिल्ली विधानसभा के पूर्व सचिव एस. के. शर्मा ने कहा कि वार्डों की संख्या मौजूद 272 से कम की जाती है तो परिसीमन कवायद की जरूरत होगी, जिसमें काफी समय लगेगा।

उन्होंने कहा, परिसीमन के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया में कई महीने लगेंगे, और फिर सार्वजनिक सुझाव व आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। इसलिए, अगले पांच से छह महीनों में निकाय चुनाव होने की संभावना नहीं है। इसमें और भी देरी हो सकती है। दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव राकेश मेहता ने भी कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में वार्डों की संख्या में संशोधन के प्रस्ताव के बाद आने वाले कुछ महीनों में निकाय (शेष पेज 8)

# गौतमबुद्ध नगर के हाथ फिर खाली गाजियाबाद से अजित बने राज्य मंत्री

## एनसीआर के प्रति बेरुखी से सोशल मीडिया पर लोग हुए मायूस

**रिंकू यादव।** नोएडा



उत्तर प्रदेश की दूसरी योगी आदित्यनाथ सरकार में भी गौतमबुद्ध नगर को हिस्सेदारी नहीं मिल पाई है। जिले के हाथ एक बार फिर खाली रह गए हैं, जिससे गौतमबुद्ध नगर के मतदाताओं में मायूसी छाई हुई है।

लोग सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। दरअसल, जिले के लोगों को इस बार उम्मीद थी कि तीनों विधायकों में से कोई एक जरूर मंत्री पद पाएगा। पिछली सरकार में भी गौतमबुद्ध नगर से कोई विधायक मंत्री नहीं बन पाया था। वहीँ गाजियबाद जिले मैं पांच विधायक चुनाव जीते जिनमे सुनील शर्मा ने ढाई लाख वोटों से जीत दर्ज की थी, उसके बावजूद भी सिर्फ मुरादनगर के अजीतपाल त्यागी को राज्य मंत्री बनाया गया है, बाकि किसी भी विधायक को योगी कैबिनेट मैं जगह नहीं मिल सकी है।

गौतमबुद्ध नगर के तीनों विधायकों नोएडा से पंकज सिंह, दादरी से मास्टर तेजपाल सिंह नागर और जेवर से ठाकुर धीरेंद्र सिंह को योगी मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। इस पर प्रतिक्रिया लेने के लिए गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा के प्रतिनिधि संजय बाली से बात की गई। उन्होंने कहा हमारे लिए उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार दोबारा बन रही है। वही पर्याप्त है। गौतमबुद्ध नगर को मंत्री की कोई जरूरत नहीं है। दूसरी तरफ तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लोग मायूस हैं। उनका कहना है कि जिले में कम से कम एक मंत्री बनाना जरूरी था। भारतीय जनता पार्टी ने गौतमबुद्ध नगर के साथ सौतेला व्यवहार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शपथ ग्रहण समारोह देखने के लिए नोएडा समेत पूरे गौतमबुद्ध नगर जिले से करीब 2000 लोग लखनऊ गए हैं।

दरअसल, जिले के लोगों को इस बार पूरा भरोसा था कि तीनों विधायकों में से कोई ना कोई मंत्री जरूर बनेगा। अब जब किसी को मौका नहीं मिला तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और मतदाता मायूस हैं। इस विधानसभा चुनाव के दौरान कहा जा रहा था कि यहां के मतदाता भारतीय जनता पार्टी की सरकार से खफा हैं।

जब परिणाम आए तो जिले के तीनों विधायक और भारी अंतर से चुनाव जीत गए। नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने तो उत्तर प्रदेश में दूसरी सबसे बड़ी जीत हासिल की है। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि इस बार पंकज सिंह को मंत्री बनाया जाएगा।

# भीड़ ने नेपाली युवक को मौत के घाट उतारा

## बच्चा चोरी का शक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में दनकौर कस्बे के पास एक गांव से बड़ी घटना सामने आई है। ग्रामीणों ने एक नेपाली युवक को बच्चा चोरी करने के आरोप में बुरी तरह पीटा। गंभीर रूप से घायल युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस गांव में पहुंची थी। युवक को पहले जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर नोएडा के निजी अस्पताल में इलाज करवाया लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। पुलिस की ओर से युवक के परिवार को सूचना भेजी गई है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे का कहना है मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

ग्रेटर नोएडा के अपर पुलिस उपायुक्त विशाल पांडे ने बताया नेपाल का मूल निवासी 20 वर्षीय युवक ननकू ग्रेटर नोएडा में दनकौर थानाक्षेत्र के गांव कनारसी में रह रहा था। वह यहां एक किसान परिवार में नौकरी करता था। गुरुवार की देर शाम ननकू पड़ोस में रहने वाले नरेश के घर में घुस गया। नरेश के परिवार ने आरोप लगाया कि उनका बच्चा चोरी करके ले जा रहा था। शोर.शराबा सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। गांव वालों ने ननकू की पिटाई करनी शुरू कर दी। उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इसके बाद ननकू को दनकौर कोतवाली ले जाकर पुलिस को सौंप दिया गया। विशाल पांडे ने बताया कि युवक ननकू की स्थिति खराब थी। उपचार करवाने के लिए दनकौर कोतवाली पुलिस उसे नोएडा जिला अस्पताल लेकर गई। वहां उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। हालात बिगड़ती देखकर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद दनकौर पुलिस ने ननकू को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि ननकू के परिवार को इस घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है। जिन लोगों ने युवक के साथ मारपीट की है, उनकी पहचान की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जब परिजन ग्रेटर नोएडा आ जाएंगे तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ वारदात के बाद दनकौर कोतवाली पुलिस ने कनारसी गांव में दबिश दी। जानकारी मिली है कि ननकू के साथ मारपीट करने वाले सारे आरोपी फरार हैं।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। युवक के साथ मारपीट करने वाले लोगों की पहचान करके कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर घटना के बाद से गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव में सन्नाटा पसरा है।

# 47 हजार से अधिक पेंशनधारकों की होगी जांच

## मृतक व अपात्रों की होगी पहचान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में अगर कोई व्यक्ति अपात्र होकर भी वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांगजन पेंशन का लाभ वर्तमान में ले रहा है तो वह जल्द ही पकड़ा जाएगा। ऐसे व्यक्तियों की तलाश करने और पेंशनरों के सत्यापन के लिए अब अभियान चलाया जाएगा, इस संबंध में शासन स्तर से निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके साथ ही पेंशनधारकों को अपने बैंक खाते को अपने आधार कार्ड से लिंक कराना भी अनिवार्य होगा।

जिले में 27800 महिलाओं को विधवा पेंशन, 13 हजार से अधिक को वृद्धावस्था पेंशन और सात हजार से अधिक लोगों को दिव्यांगजन पेंशन के तहत प्रतिमाह के हिसाब से एक-एक हजार रुपये दिए जाते हैं। हर साल वित्तीय वर्ष की शुरुआत के वक्त पेंशनरों के सत्यापन के लिए अभियान चलाया जाता है, जिससे कि यह पता चल सके कि पेंशन लेने वाला कोई व्यक्ति ऐसा तो नहीं हैए जो अपात्र है। इसके साथ ही इस पर भी ध्यान दिया जाता है कि किसी ऐसे व्यक्ति के बैंक खाते में तो पेंशन नहीं जा रही है, जिसकी मृत्यु हो चुकी है।

यदि ऐसा पाया जाता है तो उस व्यक्ति का नाम पेंशनर की सूची से हटाया जाता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि वृद्धावस्था, दिव्यांगजन, विधवा पेंशन का लाभ लेने वाले 47 हजार पेंशनधारकों के सत्यापन का कार्य पूरा करा लिया जाएगा। कार्य लेखपाल तो ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिव और लेखपाल से कराया जाएगा।

> "विधानसभा चुनाव के बीच उद्यमियों के योजना के प्रति कम रूझान को देखते हुए इसे बढ़ाकर 21 फरवरी किया गया, जिसमें 900 में से 500 उद्यमियों ने दिलचस्पी ली और बकाया करीब 3.25 करोड़ रुपया जमा कराया। योजना के तहत उद्यमियों को मेंटीनेंस शुल्क में लगने वाले ब्याज पर 50 फीसदी की छूट दी जा रही है। ओटीएस की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च किया गया है। इसके बाद आवंटियों पर दस फीसदी अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इन उद्यमियों के बकाया जमा न होने पर आवंटन भी रद किए जाएंगे"
>
> **-राकेश झा**
>
> क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा

## बेटियों पर चाकू से हमले के आरोपित पिता को भेजा जेल

**गाजियाबाद।** बार्डर थाना क्षेत्र के टीला शहबाजपुर गांव में एक युवक ने अपनी दो बेटियों के गले पर चाकू से हमला किया था। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पिता को शुक्रवार दोपहर जेल भेज दिया है। वारदात से दोनों बेटियां सहमी हैं। उधर, आरोपित की पत्नी ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

टीला शहबाजपुर गांव के रहने वाले सत्यवीर के परिवार में पत्नी ज्योति, दो बेटियां आशी और प्रियांशी हैं। वह शराब पीने का आदी है। वह तीन माह पूर्व दोनों बेटियों के साथ मायके चली गई थी। बृहस्पतिवार सुबह वह शीतला माता की पूजा को ससुराल पहुंची थी। यहां सत्यवीर शराब पीता मिला था। शराब पीने से रोकने पर सत्यवीर ने पिटाई कर दी थी। इससे नाराज होकर वह पति की शिकायत करने पुलिस चौकी गई थी। इस बीच पिता ने चाकू से दोनों बेटियों को जख्मी कर दिया था।

## दहेज में कार नहीं देने पर महिला से मारपीट का आरोप

**नोएडा।** एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इसे लेकर पीड़िता ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में अनीता ने बताया कि उनकी शादी कुछ समय पहले हाजीपुर गांव में रहने वाले सत्येंद्र से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ महीने बाद ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। कई बार दोनों पक्षों के बीच पंचायती में समझौता भी हुआ। पीड़िता ने कहा कि ससुराल वाले कार न लाने पर उनसे साथ मारपीट कर रहते हैं।


Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) ख्यूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) के नाम | मांग सूचना तिथि तथा एनपीए तिथि के साथ राशि | प्रतिभूत परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| (एलसी नं. 00004695 ऑफ नई दिल्ली शाखा) संजय जैन (ऋणकर्ता) पूनम जैन (सह–ऋणकर्ता 1) अजय जैन (सह–ऋणकर्ता 2) मोना जैन (गारंटर 1) | 22.02.2022 / रु. 1,06,83,471.00 (रु. एक करोड़ छह लाख तिरासी हजार चार सौ इकहत्तर मात्र) एनपीए (09.01.2022) | संपत्ति सं. डी–115, खसरा सं. 40, ग्राम तुर्क मीरपुर, पुर चंदू नगर, मुख्य मार्ग करावल नगर, शाहदरा, नई दिल्ली, दिल्ली – 110096 |
| (एलसी नं. 00042237 ऑफ दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) अंकित सिंह (ऋणकर्ता) नंदू (सह–ऋणकर्ता 1) पुष्पा सिंह (सह–ऋणकर्ता 2) | 22.02.2022 / रु. 68,01,472.00 (रु. अड़सठ लाख एक हजार चार सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (09.01.2022) | मकान सं. 121, एफ ब्लॉक, खसरा सं. 19/18, शिवा एन्क्लेव, गली सं. 10, विकास नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110059 |
| (एलसी नं. 0001800 ऑफ रोहिणी शाखा) आकाश केड़िया (ऋणकर्ता) विकास केड़िया (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 25,68,189.00 (रु. पच्चीस लाख अड़सठ हजार एक सौ नवासी मात्र) एनपीए (09.01.2022) | भूखंड सं. 101, प्रथम तल छत के बिना, पॉकेट–5, सेक्टर–21, रोहिणी, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110085 |
| (एलसी नं. 00041463 ऑफ दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) सतीश शर्मा (ऋणकर्ता) संगीता शर्मा (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 25,04,298.00 (रु. पच्चीस लाख चार हजार दो सौ अट्ठानबे मात्र) एनपीए (09.01.2022) | भूखंड सं. 122 एवं 123, प्रथम तल (आगे की ओर), खसरा सं. 7/21/2, ओम विहार एक्स. उत्तम नगर, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110059 |
| (एलसी नं. 00042830 ऑफ दिल्ली–सफदरजंग शाखा) प्रीति (ऋणकर्ता) विनोद कुमार (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 24,19,248.00 (रु. चौबीस लाख उन्नीस हजार दो सौ अड़तालिस मात्र) एनपीए (09.01.2022) | संपत्ति–55/3 ऊपरी भूतल आगे की ओर, सफदरजंग एन्क्लेव, अर्जुन नगर, निकट सुखमनी हास्पिटल, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110029 |
| (एलसी नं. 00001704 ऑफ दिल्ली–जनकपुरी शाखा) इंदरजीत सिंह (ऋणकर्ता) शोभा (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 23,66,974.00 (रु. तेईस लाख छियासठ हजार नौ सौ चवहत्तर मात्र) एनपीए (09.01.2022) | लैट सं.–जीएफ–02, भूतल (एचआईजी), पीछे की ओर, डीएलएफ अंकुर विहार, हदबस्त ग्राम–सदुल्लाबाद, गाजियाबाद, उ.प्र., गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नं. 00041683 ऑफ दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) मेम बिरि (ऋणकर्ता) ओमवीर चौधरी (सह–ऋणकर्ता 1) पंकज कुमार सिंह (सह–ऋणकर्ता 2) | 22.02.2022 / रु. 22,42,747.00 (रु. बाईस लाख बयालिस हजार सात सौ सैंतालिस मात्र) एनपीए (09.01.2022) | भूखंड सं. टी–19, तृतीय तल छत के साथ, आगे की ओर, खसरा 08, ग्राम बिंदापुर, गली सं. 02, ब्लॉक टी, उत्तम नगर, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110059 |
| (एलसी नं. 00001754 ऑफ दिल्ली जनकपुरी शाखा) मोहित दत्ता (ऋणकर्ता) नीतिका (सह–ऋणकर्ता 1) सुरेश दत्ता (सह–ऋणकर्ता 2) | 22.02.2022 / रु. 20,15,781.00 (रु. बीस लाख पंद्रह हजार सात सौ इक्यासी मात्र) एनपीए (09.01.2022) | भू.सं. 95, टी.एफ. छताधिकार के साथ, खसरा सं. 456, ग्राम नवादा माजरा, हस्तसाल ब्लॉक, डब्ल्यूई, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, नई दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली–110059 |
| (एलसी नं. 00000322 ऑफ ग्रेटर नोएडा शाखा) दीपेंद्र नाथ सिन्हा (ऋणकर्ता) सोनामणि सिन्हा (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 20,04,309.00 (रु. बीस लाख चार हजार तीन सौ नौ मात्र) एनपीए (09.01.2022) | यूनिट सं. 1885, 18वां तल, ब्लॉक–नर्मदा, महागुनपुरम, एनएच–24, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नं. 00001398 ऑफ नई दिल्ली–पश्चिम शाखा) डबलू गुप्ता (ऋणकर्ता) प्रीति गुप्ता (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 19,16,724.00 (रु. उन्नीस लाख सोलह हजार सात सौ चौबीस मात्र) एनपीए (09.01.2022)? | भूखंड सं. 159, भूतल, पॉकेट सं. 3, ब्लॉक–एफ, सेक्टर–16, रोहिणी दिल्ली, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110085 |
| (एलसी नं. डीईएल34944 ऑफ दिल्ली–सफदरजंग शाखा) नितिन खुराना (ऋणकर्ता) | 22.02.2022 / रु. 16,54,670.00 (रु. सोलह लाख चव्वन हजार छह सौ सत्तर मात्र) एनपीए (11.04.2021) | मकान/लैट सं. 285, तल सं. तृतीय, भूखंड सं. गली सं. 6, राम नगर, ग्राम–कृष्णा नगर, नई दिल्ली, दिल्ली–110051 |
| (एलसी नं. 00000819 ऑफ दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) दिनेश कुमार (ऋणकर्ता) सुमन (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 13,80,878.00 (रु. तेरह लाख अस्सी हजार आठ सौ अट्ठहत्तर मात्र) एनपीए (09.01.2022) | भूखंड सं. 251/2–सी, द्वितीय तल, बाईं तरफ का लैट, ब्लॉक नं. 4, खसरा सं. 1824/415, ग्राम–चंद्रावली श्री राम नगर, शाहदरा, निकट–यूको बैंक, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110032 |
| (एलसी नं. 00001872 ऑफ ग्रेटर नोएडा शाखा) सूरज दत्त (ऋणकर्ता) सुमन दत्त (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 13,37,146.00 (रु. तेरह लाख सैंतिस हजार एक सौ छियालिस मात्र) एनपीए (09.01.2022) | लैट सं. एसएफ–2, भूखंड सं. 27, खसरा सं. 78, एमआई, द्वितीय तल सीधे हाथ की ओर, सुदामापुरी, कृष्णा वाटिका, डुंडाहेड़ा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201009 |
| (एलसी नं. 00042355 ऑफ दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) सुषमा (ऋणकर्ता) रिंकू (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 11,56,015.00 (रु. ग्यारह लाख छप्पन हजार पंद्रह मात्र) एनपीए (09.01.2022) | डब्ल्यूजेड–48, तृतीय तल छत के साथ, खसरा–13/15, गली सं. 30, ग्राम चौखंडी, संत गढ़, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110018 |
| (एलसी नं. 00001096 ऑफ कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) नाजिम एन (ऋणकर्ता) तबरेज आलम मोह. (सह–ऋणकर्ता 1) | 22.02.2022 / रु. 9,00,825.00 (रु. नौ लाख आठ सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (10.12.2021) | भूखंड सं. 503 का भाग, खसरा सं 1342/12एमआई का भाग, खन्ना नगर, हदबस्त, ग्राम लोनी, निकट घानू राम स्वीट, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नं. 00002144 ऑफ नई दिल्ली–पश्चिम शाखा) सतीश मौर्य (ऋणकर्ता) अनीता देवी (सह–ऋणकर्ता 1) | 26.02.2022 / रु. 13,52,039.00 (रु. तेरह लाख बावन हजार उनतालिस मात्र) एनपीए (09.01.2022) | आरजेड–जी–465बी, टीएफ (पीछे की ओर छत के साथ) खसरा सं. 50/1/2 एवं 2, ग्राम–पालम, गली सं. 17, राज नगर–2, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली उत्तर, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110077 |
| (एलसी नं. 00002880 ऑफ नोएडा शाखा) चानसन मोटर्स प्रा. लि. (ऋणकर्ता) हरजीत सिंह चंढोक (सह–ऋणकर्ता 1) दलजीत कौर (सह–ऋणकर्ता 2) | 26.02.2022 / रु. 53,51,751.00 (रु. तिरेपन लाख इक्यावन हजार सात सौ इक्यावन मात्र) एनपीए (09.09.2021) | लैट सं. 95–सी, द्वितीय तल, ब्लॉक सीसी डीडीए एलआईजी लैट, शालीमार बाग, दिल्ली, गौतम बुद्ध नगर, दिल्ली–110088 |
| (एलसी नं. 00043364 ऑफ गुड़गांव–सोहना मार्ग शाखा) अमित डबास (ऋणकर्ता) अशोक कुमार (सह–ऋणकर्ता 1) | 26.02.2022 / रु. 36,48,840.00 (रु. छत्तीस लाख अड़तालिस हजार आठ सौ चालीस मात्र) एनपीए (09.11.2020) | भूखंड सं.–डी–20, द्वितीय तल, सेक्टर–08, बगडोला द्वारका, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110075 |
| (एलसी नं. 00008325 ऑफ चंडीगढ़ मेट्रो शाखा) सैटेलाइट ग्रुप (ऋणकर्ता) दिग्विजय सिंह (सह–ऋणकर्ता 1) प्रतिमा सिंह (सह–ऋणकर्ता 2) स्वतंत्रता सेनानी (गारंटर 1) | 26.02.2022 / रु. 30,44,534.00 (रु. तीस लाख चवालिस हजार पांच सौ चौंतिस मात्र) एनपीए (09.01.2021) | एम_ मशीन_नामः– 1) ऑटो हॉट ग्ले बीओपीपी लेबलिंग मशीन 2) 2 नग पीवी वाटर स्टोरेज टैंक 100 मीटर क्षमता सिंटेक्स डी/डब्ल्यू 3) ऑटो पाउच फिलिंग मशीन 4) ऑटो रिंसिंग फिलिंग एण्ड कैपिंग मशीन वास्ते पेट वाटर बोटल्स क्षमता 60 बीपीएम 5) कॉर्बन, 6) चिलर, 7) कॉनवेयर 32 फुट, 8) डोजिंग पंप (पेंटेर), 9) ड्रायर, 10) फीड वाट पंप्स विद पंप, 11) फिल्ट्रेशन फिल्टर, 12) फिल्टर मीडिया, 13) आई. आर. हीटर, 14) इंक जेट प्रिंटिंग मशीन, 15) मेम्ब्रेस होजिंग, 16) एमएस कॉर्बन फिल्टर वेसल, 17) एमएस सैंड फिल्टर वैसल, 18) ओजोन कांसिस्टेटर, 19) वन ओल्ड एण्ड यूज्ड रिकंडीशन्ड सायलेंट डी.सी. सेट, 20) ओआरपी मीटर, पीएच मीटर, लो मीटर, 21) ओजोन ब्लेंडिंग सिस्टम (एसएस टैंक एण्ड पंप), 22) पोस्ट माइक्रॉन फिल्ट्रेशन, 23) पीवीसी टैंक, 24) आर.ओ. प्लांट 10000एलपीएच कंप्लीट (वर्सेल 351 मेंब्रेस हाउजिंग) 25) आर.ओ. प्लांट 10000एलपीएच कंप्लीट (वर्सेल एसएस मेंब्रेस हाउजिंग), 26) एस.एस. पाइप एण्ड फिटिंग, 27) एस. एस. टैंक (5000 लीटर), 28) सेमी ऑटोमेटिक पेट स्ट्रेच ब्लो मोल्डिंग मशीन , 29) स्टेनलेस स्टील सी. आई.पी. टैंक, पंप के साथ, 30) वीएफडी एण्ड मोटर 31 के साथ स्टेनलेस स्टील न्यूट्रीशन टैंक, 31) अल्ट्रावायलेट स्टर्लिस्योर एपी_ इन्वॉयस_नं.:– 1) 184, 2) 105, 3) 459, 4) 270, 5) 140, 6) 183, 7) 101, 8) 33, 9) 139, 10) 250, 11) 129, 12) 135, 13) 102, 14) 264, 15) 128, 16) 7, 17) 104, 18) 99, 19) 22, 20) 21, 22) 100, 23) 103 |
| (एलसी नं. 00002651 ऑफ करनाल शाखा) नरेश एन (ऋणकर्ता) माया एम (सह–ऋणकर्ता 1) | 26.02.2022 / रु. 11,17,455.00 (रु. ग्यारह लाख सत्रह हजार चार सौ पचपन मात्र) एनपीए (09.01.2021) | खेवट सं. 831, किला सं. 36//4, मौजा खेड़ी सांपला, रोहतक, रोहतक रोहतक, हरियाणा–124501 |
| (एलसी नं. 00000020 ऑफ सोनीपत शाखा) अनुज कुमार यादव (ऋणकर्ता) वंदना यादव (सह–ऋणकर्ता 1) | 26.02.2022 / रु. 10,31,380.00 (रु. दस लाख इकतीस हजार तीन सौ अस्सी मात्र) एनपीए (09.02.2021) | रुकिला सं 47//14, 15/2, 5/2, 16/1/2 ग्राम सेरसा, राय कुंडली सोनीपत निकट एचएसआईआईडीसी, कुंडली सोनीपत सोनीपत हरियाणा–131001 |
| (एलसी नं. 00000484 ऑफ बरेली शाखा) राजेश कुमार (ऋणकर्ता) सुमन देवी (सह–ऋणकर्ता 1) | 26.02.2022 / रु. 4,28,680.00 (रु. चार लाख अट्ठाईस हजार छह सौ अस्सी मात्र) एनपीए (01.07.2019) | खेत सं. 140, पार्ट बांके, ग्राम चनेहाती, निकट सब्जी मण्डी, बरेली, बरेली, उत्तर प्रदेश–243001 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 26–03–2022
स्थान : दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड


# एक्सप्रेसवे पर डासना से मेरठ तक वाहन चालकों की होगी जेल ढीली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों को एक अप्रैल से टोल चुकाना पड़ेगा। दिल्ली से डासना तक टोल नहीं देना होगा। लेकिन दिल्ली से मेरठ तक पूरे मार्ग का टोल चुकाना होगा। करीब 30 हजार वाहन चालकों पर टोल का बोझ पड़ेगा।

सराय काले खां से मेरठ में काशी टोल प्लाजा तक टोल वसूली के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बीते साल ही नोर्टिफिकेशन जारी कर चुका है। अब दरों में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक अप्रैल 2021 से चल रहा मुफ्त का सफर सिर्फ सात दिन और कर सकते हैं।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एनएचएआई ने मंत्रालय के पास इसका प्रस्ताव भेजा है। इसे दो-चार दिन में हरी झंडी मिलने की संभावना है। सराय काले खां से लेकर मेरठ स्थित काशी टोल प्लाजा तक की दरें एनएचएआई हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया बीते साल ही तय कर नोटिफिकेशन जारी कर चुका था।

## ई-रिक्शा में सवार मनचलों ने युवतियों से की छेड़छाड़

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत करैहड़ा मार्ग पर ई-रिक्शा में सवार चार मनचलों ने दो युवतियों के साथ छेड़छाड़ की घटना को को अंजाम दे दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह घटना सुबह उस समय घटी कि जब स्कूटी सवार दो युवतियां अपनी जॉब पर जा रही थीं। छेड़छाड़ होती देख जब लोगों ने मनचलों का विरोध करना शुरू किया तो चारों लड़के भाग निकले। लोगों का कहना है इस रोड पर ऐसी वारदातों को होना आम बात हो गई है। बता दें कि अपराध की रोकथाम के लिये पुलिस प्रशासन ने रोमियों स्क्वॉड बनाया हुआ है।

# चिपियाना-धोबीघाट रेल ओवरब्रिज पर काम अधूरा

## 125 मीटर लंबा ट्रेस ब्रिज तैयार हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

धोबीघाट आरओबी और चिपियाना बुजुर्ग में रेल लाइन के ऊपर बन रहे आरओबी रेल ओवरब्रिज का काम पूरा होने में अभी और समय लगेगा। धोबीघाट के लिए 76.5 मीटर लंबा धनुषाकार गर्डर और चिपियाना बुजुर्ग की चार लेन के लिए 125 मीटर लंबा ट्रेस ब्रिज तैयार है। कार्यदायी संस्थाओं ने इन्हें लांच करने के लिए रेलवे को ब्लाक का प्रस्ताव भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि मार्च में रेलवे से कोई बड़ा ब्लाक मिलना मुश्किल है, क्योंकि इस माह मालगाड़ियों को समय से उनके गंतव्य तक पहुंचाना रेलवे की प्राथमिकता होती है।

यूं तो रेलवे की प्राथमिकता में यात्री ट्रेन होती हैं। 11 माह तक कहीं भी ब्लाक या इमरजेंसी होती है तो मालगाड़ी को रुकवाकर यात्री ट्रेनों को पहले निकलवाया जाता है। वहीं मार्च में मालगाड़ियों का शेड्यूल व्यस्त हो जाता है। माल भेजने और मंगवाने वाली कंपनियों से लेकर रेलवे के लिए भी अधिक से अधिक मालगाड़ियों का समय रहते उनके गंतव्य तक पहुंचना जरूरी होता है।

मामला राजस्व से जुड़ा होने के कारण अधिकारी मालगाड़ियों के परिचालन पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इसलिए वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में ब्लाक मिलना मुश्किल है। वहीं इन दोनों आरओबी के लिए लंबा ब्लाक रहेगा। धोबीघाट आरओबी के लिए कार्यदायी संस्था ने 15 मार्च से पहले ही ब्लाक का प्रस्ताव भेज दिया था। बावजूद इसके अभी तक ब्लाक स्वीकृत नहीं हुआ है।


सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता 700020. CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एक्सेल ऑटो/ विनीत कुमार झा, अजय कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिन्हा और विनीत कुमार झा, अजय कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिन्हा, रोली सिन्हा, ललिता सिन्हा, सूर्यदेव सिंह, निर्मला सिंह (गारंटर्स)/ सूर्यदेव सिंह, निर्मला सिंह, रोली सिन्हा, ललिता सिन्हा, सत्येंद्र कुमार सिन्हा (बंधककर्ताओं) फ्लैट नंबर 204, दूसरी मंजिल चंदन विला अपार्टमेंट जगदेव पथ, आररा गार्डन के पास पटना- 800014/ 194351000001, 194355000003 and 625905051907 | अपार्टमेंट नंबर सी4बी-014 बी-विंग पहली मंजिल बिल्डिंग नंबर 4, डीएलएफ कार्लटन एस्टेट फेज वी डीएलएफ सिटी गांव-वजीराबाद तहसील और जिला गुड़गांव हरियाणा गुड़गांव, सुपर क्षेत्र का परिमाप 126.05 वर्ग मीटर (1357 वर्ग फुट) भवन संख्या 4 में पार्किंग स्थान संख्या 4बीसी-16 (खुला/ढका हुआ) सांकेतिक कब्जे की तिथि 23.03.2022 | 26,11,2021 ₹ 6,81,55,076.99/- | गुड़गांव और पटना |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक: मार्च 25, 2022**
**स्थान: गुड़गांव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**


# संक्षिप्त समाचार




## आईएमएस में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। शुक्रवार को आयोजित इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के पहले दिन बतौर मुख्य वक्ता विजन डिजिटल इंडिया के चेयरमैन डॉ हरि कृष्ण मरम, एनेनबर्ग स्कूल के डिजिटल फ्यूचर सेंटर, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ जेफकोल, भारत में ग्रॉस डोमेस्टिक नॉलेज मॉडल के आविष्कारक प्रो अम्बर्टो सुलपासो ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, डीन प्रो डॉ मंजू गुप्ता, के साथ शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में नीतू कुमारी नूतन, स्मृति रस्तोगी, सुजाता सिंह, लक्षिका जोशी, शिव विनायक शर्मा, डॉ स्मृति जैन, डॉ प्रीति अधव, डॉ वेंकटेश्वर रेड्डी आदि मौजूद थे वहीं जोफ़गेल, उम्बर्तु सुल्पासो, डॉ पी श्रीनिवास राव ने वर्चुअली रूप से शामिल हुए।

## कंपनी मैनेजर के क्रेडिट कार्ड से 85 हजार निकाले

**नोएडा।** साइबर ठगों ने एक युवक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 85 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला। इस संबंध में युवक ने सेक्टर 24 थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ आईटी एक्ट में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 22 निवासी पीड़ित प्रवीण मालवीय ने बताया कि वह एक कंपनी में मैनेजर हैं। प्रवीण के पास एक बैंक का क्रेडिट कार्ड है। प्रवीण ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक नंबर से मैसेज आया था, जिसमें क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही गई थी। लिमिट बढ़ाने के लिए मैसेज में एक लिंक दिया था। प्रवीण ने इस लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके जरिए ठगों ने पीड़ित के क्रेडिट कार्ड की जानकारी ले ली और कुछ ही देर बाद ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में 85 हजार रुपये निकाल लिए। जब पीड़ित के मोबाइल पर मैसेज आया तो उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद उन्होंने क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कराया।

## किसानों ने बिल्डरों के खिलाफ की महापंचायत




**गाजियाबाद।** भारतीय किसान संगठन के बैनर तले वेबसिटी, सनसिटी के बिल्डरों के खिलाफ आक्रोषित प्रभावित किसानों ने वेबसिटी में महापंचायत की। किसानों ने महापंचायत में आरोप लगाया कि बिल्डर लगातार अपनी मनमानी कर रहे हैं, लेकिन जीडीए किसानों की कोई सुध नहीं ले रहा है। बिल्डरों ने तानाशाही रवैया अपना रखा है। संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश नागर ने कहा कि किसान काफी समय से अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। पूर्व में जीडीए का घेराव भी किया गया था, उस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष ने यह आश्वासन दिया था कि किसानों और बिल्डर को बैठाकर समस्या का जल्द से जल्द हल कर दिया जाएगा। लेकिन जीडीए ने एक बार फिर किसानों के साथ वादाखिलाफी की है। पिछले 20 दिन से भी अधिक समय से किसान धरने पर बैठे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। इस महापंचायत में आज आगे की रणनीति बनाई जाएगी और इस मसले का हल निकालने के लिए निर्णय लिया जाएगा। इस महापंचायत में टेकचंद सिंह, महेन्द्र प्रधान, नितिन प्रधान, अंकित चौधरी, प्रदीप शर्मा आदि सैंकड़ों किसान शामिल रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राष्ट्रीय औसत से तीन गुना अधिक कमाते हैं दिल्लीवाले

## वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने पेश किया आउटकम बजट



आउटकम बजट पेश करने जाते वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया। फोटो: रंजन डिमरी

● दिल्ली वालों से ज्यादा सिर्फ गोवा और सिक्किम के लोगों की आमदनी

संजय राय। नई दिल्ली

विधानसभा में नए वित्त वर्ष का बजट पेश करने से पहले पुराने बजट का लेखा-जोखा देने की पहल के तहत पिछले पांच सालों से दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किया गया प्रयोग इस साल भी जारी रहा। बजट सत्र के तीसरे दिन यानी कि शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने आउटकम बजट की स्टेट्स रिपोर्ट पेश की।

इसका मकसद सरकार द्वारा किये गए कामों और सार्वजनिक व्यय को पूरी पारदर्शिता के साथ दिल्ली वालों के सामने रखना है। वित्तमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार आउटकम बजट पेश करने वाली देश की पहली राज्य सरकार है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि फाइलों और जुमलों के जाल में नहीं फंसती, जो बोलती है उसे पूरा करके दिखाती है केजरीवाल सरकार। अपनी सरकार का हिसाब-किताब पेश करते हुए सिसोदिया ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी की जीडीएसपी वित्तवर्ष 2020-21 की तुलना में 17.65 फीसदी बढ़कर 9.24 लाख करोड़ रुपये हुई है। यानी कि 6 वर्षों में 50त्न की बढ़ोत्तरी।

सर्वे के मुताबिक 2021-22 में प्रति व्यक्ति आय सालाना आधार पर 16.81 प्रतिशत बढ़कर 4,01,982 रुपये हो गई है। यह राष्ट्रीय औसत से तीन गुना अधिक है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि आजादी के 75 सालों में बहुत सी सरकारें आई लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार एकमात्र ऐसी सरकार है जिसने खुद की जबाबदेही तय करते ही इस परम्परा की शुरुआत की और जो कहा सो किया की कसौटी परखड़े होकर जनता को ये बताया है कि पिछले साल बजट के दौरान किए गए अपने वादों को कितना पूरा किया। कौन-सी योजना पूरी हुई और कौन सी योजना की स्थिति क्या है। उनकी सरकार के अलावा किसी भी सरकार में इतनी हिम्मत नहीं है कि वो आउटकम बजट पेश कर सकें। क्योंकि वह फाइलों और जुमलों के जाल में नहीं फंसाते, जो बोलते है उसे करके दिखाते है।




### आर्थिक सर्वेक्षण

वित्तवर्ष में जीडीएसपी में 10.23 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जबकि इस अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि दर 8.9 फीसदी का अनुमान है। प्रतिव्यक्ति आय में 16.81 प्रतिशत की वृद्धि, हुई है। यह देश में प्रतिव्यक्ति आय से 3 गुणा ज्यादा, दिल्ली की प्रतिव्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में लगभग 4.02 लाख है।

### क्या है आउटकम बजट

जब सरकार किसी योजना की शुरुआत करती है और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर व पूंजीगत व्ययों के लिए धन आवंटित करती है तो ये आउटपुट होता है, लेकिन आउटकम से अभिप्राय उस योजना से लोगों को मिलने वाला फायदा है। उदाहरण के लिए सरकार एक अस्पताल में एक एक्स-रे मशीन लगाती है तो ये सरकार का आउटपुट है लेकिन उस मशीन के माध्यम से कितने लोगों की जाँच हुई ये उसका आउटकम है।

### आउटकम बजट की झलकियां



**शिक्षा:** केजरीवाल सरकार ने पिछले बजट में स्कूलों में नए कमरे बनाने की बात की और सरकारी स्कूलों में 13,181 कमरे बनाकर तैयार किए। स्कूलों में छात्रों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 18 लाख हुई। पिछले साल बजट में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस की शुरुआत करने की बात की। पिछले सत्र में 20 स्कूल शुरू हो चुके है। जिसमें 2300 बच्चे पढ़ रहे है। साथ ही इस सत्र में 11 नए स्कूल खोले जा रहे है तो एसओएसई में कुल सीटों की संख्या बढ़कर 4800 हो जाएगी



**स्वास्थ्य:** वर्तमान में 520 मोहल्ला क्लिनिक काम कर रहे हैं, जहाँ पिछले 1 साल में 1.44 करोड़ लोगों ने अपना इलाज करवाया है। इन मोहल्ला क्लिनिक में प्रतिदिन 60 हजार लोगों ने अपना इलाज करवाया है। अस्पतालों में 13,844 बेड्स बढ़ाएं गए हैं। कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए ऑक्सीजन बेड्स की संख्या 3865 से बढ़ाकर 9243 किए गए। साथ आईसीयू बेड्स की संख्या 534 से बढ़ाकर 2091 किए गए हैं। सौ फिसदी युवाओं को पहली डोज लग चुकी है। नब्बे प्रतिशत वयस्कों को दूसरी डोज साथ ही 15 से 18 वर्ष के 70 प्रतिशत बच्चों को दोनों डोज लग चुकी है। यह देश में सबसे ज्यादा है।



**परिवहन:** केजरीवाल सरकार ने नई शुरुआत करते हुए आरटीओ ऑफिस की सुविधाओं को फेसलेस बनाया जिससे अबतक 5 लाख लोगों को फायदा हुआ है। ई-व्हीकल पालिसी को प्रोत्साहित किया जिससे पिछले 2 सालों में कुल बिकने वाले वाहनों में ई-व्हीकल की संख्या 10 प्रतिशत पहुंच गई है। वर्ष 2024 तक 25 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



## तीन करोड़ महिलाओं ने मुफ्त बस यात्रा की

मनीष सिसोदिया ने विधानसभा को अवगत कराया कि वर्ष 2021-22 में तीन करोड़ से अधिक महिलाओं ने राजधानी में सार्वजनिक परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ उठाया। दिल्ली परिवहन निगम और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम के तहत बेड़े में 6900 बसें हैं। परिवहन विभाग में अगस्त-दिसम्बर 2021 के बीच पांच लाख से अधिक लोगों ने 'पहचान रहित सेवाओं' का लाभ उठाया।

### दिसंबर तक 1.33 लाख सीसीटीवी लग चुके हैं

अब तक कुल 2.75 लाख सीसीटीवी कैमरा लग चुके हैं। दिल्ली जितना सघन सीसीटीवी नेटवर्क पूरे विश्व में कहीं नहीं है।

इसके अलावा कुल 10,500 मुफ्त वाई-फाई स्पॉट लगाए चुके है। पिछले 1 साल में 2 हजार वाई-फाई स्पॉट बढ़े हैं। साथ ही दिसंबर तक 3.10 लाख विपत्ति ग्रस्त महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता दी गई। बजट वर्ष 2020-21 में ये संख्या 2.81 लाख थी। सरकार के इस कदम से राजधानी में अपराधों की लगाम लगी है और पकड़े जाने का खौफ है।

### 93 फीसद घरों में अब पहुंच रहा नल से जल

दिल्ली में अब 93 प्रतिशत घरों में पाइप से पानी की आपूर्ति हो रही है और गर्मी के दौरान जल उत्पादन 953 मिलियन गैलन (एमजीडी) प्रति दिन बरकरार रखा गया है। इस साल दिल्ली में जलापूर्ति की मांग बढ़कर 1505 एमजीडी होने वाली है जिसकी आपूर्ति 1,200 एमजीडी रहने की उम्मीद है। वर्तमान में लगभग दो करोड़ लोगों को 15,041 किलोमीटर लंबे पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए जलापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा 125 भूमिगत जलाशयों से भी पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# देशभक्ति पाठ्यक्रम और नए स्कूल शिक्षा बोर्ड पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 में देशभक्ति पाठ्यक्रम और दिल्ली स्कूली शिक्षा बोर्ड की स्थापना पर जोर दिया गया है। दिल्ली शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अधिक बजटीय आवंटन करने वाला राज्य अथवा केंद्रशासित प्रदेश है। सर्वेक्षण के मुताबिक वर्ष 2020-21 में सरकार का सालाना प्रति छात्र व्यय 66,593 रुपए से घटकर 63,556 रुपए पर आ गया है।



दिल्ली में 1,231 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं जो यहां मौजूद कुल स्कूलों का 21.73 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2021-21 में दिल्ली में हुए कुल प्रवेश में सरकारी और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूलों की हिस्सेदारी 39.39 प्रतिशत रही।आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया कि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर निजी स्कूलों में छात्रों के होने वाले नामांकन वर्ष 2014-15 के 31.07 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 46.72 प्रतिशत तक पहुंच गया।

हालांकि,वर्ष 2020-21 में इसमें कमी आई है और यह 43.91 प्रतिशत रह गई है। इसी प्रकार निजी स्कूलों के उच्च और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में भी छात्रों का पंजीकरण बढ़ा है और यह वर्ष 2014-15 के 29.08 से बढ़कर 2019-20 में 31.90 प्रतिशत हो गया लेकिन वर्ष 2020-21 में इसमें कमी आई और यह 29.94 प्रतिशत रहा। आरबीआई की राज्य बजटीय विश्लेषण रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली सरकार ने वर्ष 2021-22 में सभी राज्यों के मुकाबले सबसे अधिक 22.8 प्रतिशत बजट का आवंटन शिक्षा क्षेत्र के लिए किया। दिल्ली सरकार ने वर्ष 2020-21 में 15,707 करोड़ शिक्षा के लिए आवंटित किए जो वर्ष 2014-15 में 6,555 करोड़ रुपये था। दिल्ली के कृषि क्षेत्र में वृद्धि हुई है और वर्ष 2020-21 के 43,569 हेक्टेयर से बढ़कर वर्ष 2021-22 में यह 47,850 हेक्टेयर तक पहुंच गया।

रिपोर्ट में कहा गया, वर्ष 2021-22 में अनुमानित फसली क्षेत्र बढ़कर 47,850 हेक्टर हो गया है जो वर्ष 2020-21 में 43,569 हेक्टेयर था जबकि वर्ष 2012-13 में यह क्षेत्र 35,178 हेक्टेयर था। बाकी इलाके गैर कृषि या वन क्षेत्र के हैं और उसके बाद बंजर भूमि का स्थान आता है। आर्थिक सर्वे के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में वर्ष 2019-2020 के मुकाबले वर्ष 2020-21 में वाहनों की संख्या में 3.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर अधिक

● जुलाई 2019 से जून 2020 के बीच बेरोजगारी दर 8.7 प्रतिशत रहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अधिक दर्ज की गई है। विस में शुक्रवार को पेश 2021-22 की आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई।

समीक्षा के अनुसार जुलाई 2019 से जून 2020 के बीच दिल्ली में अनुमानित बेरोजगारी दर 8.7 प्रतिशत, जबकि रोजगार दर 91.3 प्रतिशत थी। वहीं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर इस दौरान 8.9 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में केवल दो प्रतिशत थी। आर्थिक समीक्षा के अनुसार इस अवधि में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार दर क्रमश: 91.1 प्रतिशत और 98 प्रतिशत रही।

वही महिलाओं के लिए जुलाई 2019 से जून 2020 के बीच रोजगार दर 90.2 प्रतिशत जबकि पुरुषों के लिए यह 91.5 प्रतिशत थी। राजधानी में रोजगार को लेकर सरकार ने कई मेले लगाए गए है।

## संक्षिप्त समाचार



पाटी में शामिल कर स्वागत करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

### हिमाचल कांग्रेस को झटका, बड़े नेता आप में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के 31 प्रमुख लोगों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनकी मौजूदगी में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इससे कांग्रेस पार्टी को झटका लगा है। आप में शामिल होने वालों में प्रमुख नाम निम्न है, संत राम, ,मुनीश शर्मा, निर्मल पांडे, सुदर्शन जसपा संदीप मिनहंस शामिल हैं। इसके अलावा मंडी जिला कुलदीप शर्मा, विशाल दीप, सुरेन्द्र बंधु भी शामिल रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल के साथ हिमाचल प्रदेश के स्टेट इंचार्ज व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी का आम आदमी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि पूरे देश में लोग पुरानी और भ्रष्टाचार की राजनीति से तंग आ चुके हैं। लोगो को अब नए विकल्प की तालश है, नई पार्टी कि तलाश है जो इस देश को बेहतर भविष्य दे सके। इस अवसर पर सत्येंद्र जैन ने सबका आम आदमी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आम आम आदमी पार्टी में शामिल हुए यह सभी दिग्गज लोग अपने-अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं।

### समाज कल्याण मंत्री ने किया दिव्यांगजन शिविर का दौरा

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल में दिव्यांगजन शिविर का दौरा किया। इस अवसर पर एलएनजेपी अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर सुरेश कुमार भी मौजूद थे।दिव्यांगजन शिविर में दिव्यांग नागरिकों को एक ही दिन में विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे, विकलांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, डिजिटल विकलांगता प्रमाण पत्र और ऋण आदि प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही दिल्ली में केजरीवाल सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी नागरिकों को जागरूक किया गया।

## थैले में मिला नाबालिग का शव, हत्या की आशंका

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में एक नाबालिग लड़के का शव थैले में पड़ा मिला। लड़का बृहस्पतिवार रात से रोहिणी इलाके से लापता था।

मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा के अनुसार, वाई-ब्लॉक मंगोलपुरी के सामने पीर बाबा मजार के पास एक अज्ञात शव बैंगनी रंग के एक ट्रैवल बैग में रखा हुआ था। शव के गले पर धारदार हथियार से रेतने का घाव था। छानबीन में पता चला कि 17 वर्षीय किशोर रोहिणी सेक्टर एक का रहने वाला था। घटना के सिलसिले में दक्षिण रोहिणी पुलिस थाने में शुक्रवार को एक मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच जारी है।

## कालकाजी मंदिर से अतिक्रमण हटाने के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया जिसमें दक्षिण दिल्ली स्थित कालकाजी मंदिर से अतिक्रमण अनधिकृत निवासियों और दुकानदारों को, जिनके पास दुकानों पर कब्जा रखने का वैध अधिकार नहीं है, हटाने का आदेश दिया था।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा, वे इस अर्जी पर सुनवाई को इच्छुक नहीं हैं। हम याचिकाकर्ताओं को आजादी देते हैं कि वे अपनी शिकायतों को उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासक के समक्ष ले जाए और प्रशासक अनुकूल निर्देश के लिए उच्च न्यायालय को रिपोर्ट देगा। पीठ ने कहा, कुछ मामलों में उच्च न्यायालयों के प्रति विश्वास रखने की जरूरत है। हम सभी उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश रहे हैं। यहां सभी मामलों के अपीलीय मंच नहीं है। आराध्य की गरिमा की रक्षा की जानी चाहिए। अंत में पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पीएन मिश्रा से कहा कि उन्हें इस कार्वाई में सहयोग करना चाहिए। पीठ ने कहा, उन्होंने उच्च न्यायालय का फैसला देखा है। उच्च न्यायालय ने जिस कारण पर विचार किया है।

## एम्स निदेशक पद के लिए 3 नामों का चयन

● मंजूरी के लिए 29 मार्च को निकाय के समक्ष पेश किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण की अध्यक्षता वाली खोज एवं चयन समिति ने एम्स निदेशक के पद के लिए तीन नामों का चयन किया है, जिन्हें संस्थान के निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय के समक्ष 29 मार्च को पेश किया जाएगा।

एक बार जब अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का निकाय इसे मंजूरी दे देगा तो इन नामों को अंतिम सहमति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के पास भेजा जाए। जिन तीन नामों का चयन किया गया है उनमें एम्स के अंत:स्राव विज्ञान (एन्डोक्राइनोलॉजी) विभाग के प्रमुख डॉ. निखिल टंडन, एम्स ट्रामा सेंटर के प्रमुख एवं हड्डी रोग विभाग के प्रमुख डॉ. राजेश मल्होत्रा और संस्थान में जठरांत्ररोग विज्ञान (गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी) विभाग में प्रोफेसर डॉ. प्रमोद गर्ग शामिल हैं। एम्स निदेशक पद के लिए नामों का चयन का जिम्मा जिस समिति को सौंपा गया है उसमें राजेश भूषण के अलावा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश एस गोखले, सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के. विजय राघवन और डीयू के कुलपति योगेश सिंह शामिल हैं।

उन्होंने मंगलवार को बैठक की और तीन नामों का चयन किया। इन तीन नामों को मंजूरी के लिए 29 मार्च को एम्स के निकाय के समक्ष पेश किया जाएगा और उसके बाद अंतिम मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एसीसी को भेजा जाएगा।

# दिल्ली व एनसीआर में केवल एक जगह देना होगा टैक्स

## राजधानी व बॉर्डर राज्यों ने वाहनों की निर्बाध आवाजाही के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी व एनसीआर में यात्री वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों ने बड़े पैमाने पर सार्वजनिक परिवहन वाहनों के लिए एकल-बिंदु कराधान को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नया समझौता राज्य के स्वामित्व वाले परिवहन निकायों को एकल-बिंदु कराधान प्रदान करता है जिसमें सड़क कर, यात्री कर उनके द्वारा केवल एक एनसीआर राज्य में देय होंगे और अन्य एनसीआर राज्यों में ऐसे करों, शुल्क से छूट दी जाएगी। एनसीआर में प्रदूषण को कम करने में योगदान करने के लिए यात्रियों का निजी से सार्वजनिक परिवहन में स्थानांतरण करने की दृष्टि से सभी एनसीआर राज्यों द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई है। नए संयुक्त समझौते में शैक्षणिक संस्थानों की बसों को ऐसे करों में छूट का भी प्रावधान है। एनसीआर के राज्य स्वच्छ एनसीआर के व्यापक जनहित में इस तरह के राजस्व को छोड़ने के लिए सहमत हुए हैं। बयान में कहा गया है, इस तरह की राजस्व हानि सालाना लगभग 100 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। इसलिए एनसीआर में स्टेज और कॉन्ट्रैक्ट कैरिज के लिए यह नया संयुक्त आरसीटीए, एनसीआर योजना बोर्ड के नेतृत्व में उच्च स्तरीय अंतर-राज्ीय सहयोग की शुरुआत करता है।

मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त पारस्परिक साझा परिवहन समझौते (सीआरसीटीए) तत्काल प्रभाव से लागू होगा और सभी शैक्षणिक संस्थान वाहन और एनसीआर के राज्य परिवहन उपक्रमों (सिटी बस सेवाओं सहित) की सभी स्टेज कैरिज बसों को इस समझौते के तहत शामिल किया जाएगा। समझौते के मुताबिक अस्थाई परमिट, लाइसेंस सहित सभी परमिट, लाइसेंस केवल वाहन सॉफ्टवेयर पर जारी किए जाएंगे, जिसे समय-समय पर अपडेट किया जाता है।

स्टेज कैरिज वाहनों के साथ-साथ अनुबंध कैरिज वाहनों की आयु डीजल वाहनों के लिए दस वर्ष और पेट्रोल, सीएनजी वाहनों के लिए पंद्रह वर्ष तक सीमित होगी जब तक कि इस संबंध में कोई और निर्देश जारी नहीं किया जाता है। बयान के मुताबिक मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त को छोड़कर सभी सार्वजनिक सेवा वाहनों में अनिवार्य रूप से वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) और एक या अधिक आपातकालीन बटन को अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा।

## निगम एकीकरण पर दलों की अलग-अलग राय

● निगम आर्थिक तौर पर होगी मजूबत: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद में निगम के एकीकरण बिल पेश होने पर दिल्ली भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि दिल्ली की बेहतरी के लिए निगम कर्मचारी, पदाधिकारी एवं नेता निगम के एकीकरण की मांग पूरी होने वाली है। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले से निगम आर्थिक रुप से और मजबूत होगा और पैसों के आभाव के चलते रुके हुए कामों को गति मिलेगी। दिल्ली की जीवन रेखा नगर निगम है जिसे अरविंद केजरीवाल ने पूरी तरह से ध्वस्त करने का षड्यंत्र रचा है। उन्होंने कहा कि चाहे वह स्वास्थ्य व्यवस्था हो, प्राथमिक शिक्षा हो या फिर सफाई व्यवस्था हो, सभी मजबूत होंगी। आदेश गुप्ता ने कहा कि निगम के बंटाधार के बाद जिस तरह से दिल्ली सरकार द्वारा निगम को आर्थिक रुप से

### विधेयक लाना चुनाव में देरी का हथकंडा: आप

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के तीनों नगर निगमों के विलय के लिए लोकसभा में विधेयक पेश किया जाना नगर निकाय चुनाव में देरी करने के लिए भाजपा द्वारा अपनाया गया एक हथकंडा है क्योंकि भाजपा को डर है कि वह चुनाव हार जाएगी। उन्होंने कहा कि अतीत में भी भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव में देरी के लिए इसी तरह के हथकंडे अपनाए थे।

### केंद्र का अलोकतांत्रिक निर्णय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली निगमों के एकीकरण को अलोकतांत्रिक निर्णय बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार इसे तानाशाही का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा निगमों के एकीकरण बिल लोकसभा में पेश किया गया उसमें भविष्य में फंड की व्यवस्था सुधारने के लिए कोई जिक्र नही है और न ही भविष्य में कर्मचारियों के हितों को लेकर चौथे व पांचवे वित्त आयोग की सिफारिशें लागू करने का जिक्र है। भविष्य में फंड के हालात कैसे सुधरेंगे इस पर भी कोई समाधान नही दिए गए है। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि निगमों के एकीकरण के बाद 70 प्रतिशत फंड का ही प्रावधान है।

# बेटी की जान बचाने को बुजुर्ग माता-पिता ने दान किया किडनी व लिवर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी से पीड़ित थी उनकी बेटी

### कश्मीर निवासी महिला का गुरुग्राम में किडनी व लीवर प्रत्यारोपित

**कश्मीर** के रहने वाले एक माता-पिता ने अपनी बेटी को किडनी व लीवर डोनेट करके उम्र के इस पड़ाव पर एक बार फिर से माता-पिता होने का फर्ज अदा किया है। चिकित्सकों के लिए यह बड़ी चुनौती थी। दोनों अंगों का एक साथ प्रत्यारोपण और बुजुर्गों से अंग लेना काफी जटिल काम था।

आम तौर पर एक अंग प्रत्यारोपण की तुलना में संयुक्त (दो अंग) प्रत्यारोपण कठिन है। इसमें रोगियों की मृत्यु दर भी बहुत अधिक है। फिर भी यहां दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी से पीड़ित महिला के दोनों अंग प्रत्यारोपित किए गए। कश्मीर के सोपोर की रहने वाली 37 वर्षीय महिला मरीज को लगातार सिर दर्द और उल्टी होती थी। शुरुआत में यह पता लगाना मुश्किल था कि समस्या क्या है। जांच के बाद पता चला कि वह आनुवांशिक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। जन्म के समय से ही वह दुर्लभ अनुवांशिक बीमारी हाइपरॉक्सालुरिया से पीड़ित थी। महिला मरीज के माता-पिता ने कहा कि वे अपनी बेटी के लिए वे कुछ भी करने को तैयार थे। उसकी जान बचाना ही उनके जीवन का मकसद था। अपनी आंखों के आगे बेटी को बीमारी से जूझते नहीं देख सकते थे।


किडनी व लिवर ट्रांसप्लांट होने के बाद अपने माता-पिता व डॉक्टर्स की टीम के साथ कश्मीर की महिला मरीज।

ऐसे में उन्होंने अपनी पत्नी (महिला मरीज के माता-पिता) के साथ किडनी और लिवर बेटी को डोनेट करने का निर्णय लिया। यहां आर्टेमिस अस्पताल में 16 घंटे की चुनौतीपूर्ण सर्जरी करके महिला की किडनी व लीवर का ट्रांसप्लांट किया गया।

**इस बीमारी से लीवर व किडनी होते हैं प्रभावित :** यहां आर्टेमिस अस्पताल के किडनी ट्रांसप्लांट के सीनियर कंसल्टेंट डा. वरुण मित्तल व चीफ लिवर ट्रांसप्लांट डा. गिरिराज बोरा इस बीमारी से लिवर शरीर की आवश्यकता से अधिक मात्रा में ऑक्सालेट्यू नामक एक प्राकृतिक रसायन का उत्पादन करता है, जो एक एंजाइम दोष की वजह बनता है। इस बीमारी से लीवर व किडनी सीधे प्रभावित होते हैं। अतिरिक्त ऑक्सालेट कैल्शियम के साथ मिलकर किडनी में पथरी और क्रिस्टल बनाता है, जो उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। काम करना बंद कर सकता है। रोगी वर्षों तक अपनी स्थिति से अनजान रही।

**ऐसे केस में मृत्यु दर है अधिक :** डॉक्टर्स के मुताबिक लिवर-किडनी ट्रांसप्लांट में एक मरीज की मृत्यु दर बहुत अधिक होती है। संयुक्त लीवर-किडनी प्रत्यारोपण चिकित्सा क्षेत्र में सबसे जटिल सर्जरी प्रक्रिया में से एक है। मरीज, डोनर और चिकित्सकों की पूरी टीम के अथक प्रयासों के बाद इस जटिल काम में सफलता मिली। डॉक्टर्स ने बुजुर्ग माता-पिता की हिम्मत को भी सलाम किया है, जिन्होंने उम्र के इस पड़ाव पर आकर इतना बड़ा निर्णय लिया। महिला मरीज ने ट्रांसप्लांट के बाद कहा कि यह वास्तव में वरदान है।

### नहीं तो उम्र भर डायलिसिस की रहती जरूरत

**श्रीनगर** के एक अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज की किडनी की बीमारी के अंतिम चरण के रूप में निदान किया और उसे डायलिसिस पर रखा। उन्होंने सिफारिश की कि वह एक प्रत्यारोपण का विकल्प चुनें और एक नया लिवर (ऑक्सालेट के अधिक उत्पादन को रोकने के लिए) और एक नई किडनी लगवाएं। किडनी प्रत्यारोपण नहीं होने की स्थिति में उसे जीवन भर के लिए डायलिसिस की आवश्यकता होती। डा. गिरिराज बोरा के मुताबिक लीवर और किडनी का एक साथ प्रत्यारोपण चिकित्सा क्षेत्र में सबसे जटिल और जोखिम भरी प्रक्रियाओं में से एक है। फिर भी उन्होंने अपनी कुशलता से काम किया और इस जटिल काम में सफलता हासिल की। चीफ मेडिकल सर्विसेज एवं चेयरपर्सन नेफ्रोलॉजी डा. मंजू अग्रवाल के मुताबिक रोगी अब अच्छा महसूस कर रही है। किडनी प्रत्यारोपण के बाद उसे अब डायलिसिस की आवश्यकता नहीं है।

# गुरुग्राम पुलिस ने यूपी में किया अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़


पुलिस द्वारा यूपी के सदाबाद हाथरस से अवैध हथियार बनाने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### यूपी के अलीगढ़ से गुरुग्राम में करता था अवैध हथियार सप्लाई

### आरोपी के कब्जे से 25 देसी कट्टे, दो कारतूस व एक बैग बरामद

### 19 मार्च 222 को अवैध हथियार आपूर्ति में गिरफ्तार युवक ने किया था खुलासा

**गुरुग्राम** पुलिस ने यूपी में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस फैक्ट्री में नाम तो ताले बनाने का था, लेकिन भीतर अवैध रूप से हथियार बनाए जा रहे थे। इस फैक्ट्री का खुलासा उस युवक ने किया है, जिसे 19 मार्च 2022 को गुरुग्राम पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई के आरोप में गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को डीसीपी अपराध प्रीतपाल ने बताया कि आरोपियों से अवैध हथियार बनाने का सामान भी गुरुग्राम पुलिस साथ लेकर आई है।

पुलिस द्वारा गुरुग्राम-जयपुर हाइवे-48 स्थित पचगांव से अभिषेक उर्फ गब्बर उर्फ कालू पुत्र चरणपाल निवासी गांव भुडाकिशनगढी जिला अलीगढ़ यूपी को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस को उसके कब्जे से बरामद हुए हथियारों को वह अलीगढ़, उत्तर-प्रदेश से अपने एक साथी से लेकर गुरुग्राम में अपने अन्य साथी को सप्लाई करने के लिए लाता था। पकड़े गए हथियार भी लाखों रुपयों में गुरुग्राम में किसी को सप्लाई करने थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपी अभिषेक उर्फ गब्बर के कब्जे से 25 देशी कट्टे, 2 कारतूस व 1 बैग बरामद किया था।

पुलिस हिरासत में रिमांड के दौरान मास्टरमाइंड आरोपी अभिषेक की निशानदेही पर हथियार बनाने में प्रयोग किए जाने वाले सामान एक वैल्डिंग मशीन, एक ड्रिल मशीन, एक चश्मा, एक ग्राइंडर, एक बाक, 31 तैयार बैरल, 15 तैयार बाड़ी कवच, 20 हैमर, 10 बैलचा स्प्रिंग, 40 लोक स्प्रिंग, 15 पिन स्प्रिंग, 22 बैरल पाइप, 2 हथौड़ी, 2 पेचकस, 1 लोहा काटने की आरी, 5 लोहा रेती, 11 बैल्डिंग रॉड, 50 गीट्टी लोहा, 4 सुम्भी व एक नमूना हथियार सहित विभिन्न सामान बरामद किया गया है। अब तक इस मामले में मुख्य सरगना व दो सप्लायर सहित कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### आरोपी अभिषेक 2015 में फिरोजाबाद जेल में था बंद

**आरोपी** अभिषेक से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ था कि वर्ष-2015 में यह लूट के एक मामले में फिरोजाबाद जेल में बंद था। उसके बाद वर्ष-2018 में वह फिर से एक अन्य लूट के मामले में अलीगढ़ जेल में बंद हुआ था, इस दौरान इसकी मुलाकात जेल में बंद एक अन्य अपराधी से हो गई। जब ये दोनों जेल से बाहर आए तो इसने अपने उस साथी (जेल में मिला था) से सम्पर्क किया और अलीगढ़ से हथियार खरीदकर यह हथियार सप्लाई करने लगा।

एसीपी अपराध प्रीतपाल ने बताया कि यूपी के सदाबाद हाथरस में ताले बनाने की आड़ में अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी अभिषेक ने इसका खुलासा किया था। बताए गए स्थान पर जाकर गुरुग्राम पुलिस ने छापेमारी की। वहां कहने को तो ताले बनाए जाते थे, लेकिन भीतर अवैध हथियार तैयार होते थे।

# कोर्ट में पार्किंग निर्माण के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने किया दौरा

### गुरुग्राम बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोर्ट** परिसर में पार्किंग की काफी समस्या है। मुख्य सड़क के साथ कोर्ट होने के कारण यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। पार्किंग के निर्माण के लिए शुक्रवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके मंत्रणा की। विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कटारिया, सचिव राहुल भारद्वाज, राजेंद्र शर्मा, सीके शर्मा, अरुण गौड़, पूर्व सचिव निकेश यादव, पंकज दहिया समेत अन्य कई वकीलों ने कोर्ट परिसर की समस्याएं रखीं। बार के पदाधिकारियों द्वारा दी गई जानकारियों को सुनने के बाद विधायक ने सभी के समाधान की बात कही। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर में रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यहां सभी सुविधाएं होना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पुरानी कोर्ट के साथ में ही नई कोर्ट का निर्माण कार्य जोरों पर हो रहा है। इस कोर्ट के निर्माण के बाद सभी सुविधाएं स्वत: ही खत्म हो जाएंगी। वहां पर पार्किंग की सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में बढ़ती जनसंख्या (स्थानीय व बाहरी) के हिसाब से हर क्षेत्र में यहां सुविधाओं में बढ़ोतरी जरूरी है। प्रदेश सरकार इसी सोच के साथ काम भी कर रही है। नई कोर्ट का निर्माण इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बार के सदस्यों द्वारा रखी गई सभी मांगों पर उन्होंने मौके पर विचार और मंथन भी किया है। अधिकारियों के साथ इस पर बारीकी से चर्चा होगी। जिस तरह से भी सुविधाओं में इजाफा होगा, वह किया जाएगा। कोर्ट परिसर में पार्किंग की किल्लत बड़ी समस्या है। इसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर होगा।


गुरुग्राम कोर्ट परिसर में दौरा करते विधायक सुधीर सिंगला।

# हरियाणा में जल्द एनआरसी लागू कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** हरियाणा में जल्द से जल्द एनआरसी लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को भारत रक्षा मंच ने हरियाणा सरकार के नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को ज्ञापन सौंपा।

भारत रक्षा मंच की ओर से ओमप्रकाश धनखड़ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि देशहित और प्रदेश हित को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा का मुद्दा सबसे बड़ा और अहम मुद्दा है। म्यांमार और बांगलादेश से अवैध तरीके से आए हुए रोहिंगया मुस्लिमों को चिन्हित करने के लिए एनआरसी असम की तर्ज पर लागू किया जाए। मंच से जुड़े कार्यक्रम संयोजक धर्मबीर गर्ग ने कहा कि एनआरसी प्रदेश की सुरक्षा एवं शांति के लिए अति आवश्यक है। रोहिंगया मुस्लिमों को चिन्हित करने के बाद इनके वोटर कार्ड व राशन कार्ड, आधार कार्ड निरस्त किए जाएं। इन्हें नजदीकी पुलिस स्टेशन से अपनी उपस्थिति साप्ताहिक या अर्धमासिक दर्ज करवाने के आदेश जारी किए जाएं। एनआरसी लागू करने के तुरंत बाद ही अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है। प्रदेश एवं देश में शांति, सुरक्षा एवं भाईचारा स्थापित हो सकेगा। भारत रक्षा मंच एनआरसी लागू करवाने के लिए देशहित में हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। इसलिए एनआरसी को जल्द से जल्द देशहित में लागू किए जाने की कार्यवाही की जाए।


हरियाणा में एनआरसी लागू कराने की मांग को लेकर बीजेपी अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते भारत रक्षा मंच के धर्मबीर गर्ग।

# सरसों की पैदावार बढ़ाने में रुचि ले रहा किसान

### सोहना ब्लॉक में किसानों ने 3250 हेक्टेयर सरसों की बिजाई की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**क्षेत्र** का किसान सरसों की फसल को बढ़ावा देने का मन बना चुका है। इस वर्ष 10 से 15 फीसदी किसानों ने सरसों की फसल की अधिक बिजाई की है। जिसका कारण पिछले वर्ष किसानों को सरसों की कीमत अच्छा मिलना बताया जा रहा है। एक तरफ राज्य की सरकार कम पानी व कम खर्चे से अधिक पैदावार को बढ़ावा लेने के लिए किसानों के हित में नई-नई योजनाएं ला रही है। किसान को तिलहन वाली फसलों की पैदावार भारी मात्रा में करने के लिए बढ़ावा क्यों दे रही है। इस बात की समझ क्षेत्र के किसानों को आने लगी है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 से 15 फीसदी किसानों ने गेंहू की फसल को कम करते हुए सरसों की बिजाई अधिक की है। ताकि फसल पैदावार के बाद उसे बेचने के दौरान किसान को उसकी मेहताने का पूरा लाभ मिल सके। इस वर्ष खंड किसानों द्वारा 3250 हेक्टेयर जमीन पर सरसों की फसल को पैदा किया है। कृषि विभाग के अनुसार इस बार सोहना ब्लॉक में किसानों ने 3250 हेक्टेयर सरसों की फसल की बिजाई की थी। जिसके अनुसार कुल सरसों की पैदावार 65 हजार के लगभग बनती है। अभी तक मंडी में 20 फीसदी सरसों की आवक हुई है। 80 फीसदी सरसों की आवक होना अभी शेष है।


सोहना की अनाज मंडी में जारी है सरसों की आवक।

> **सरसों** की फसल पैदा करने में कम से कम लागत और कम से कम पानी की जरुरत होती है। इससे किसान को सरसों की कीमत उम्मीद से अधिक मिलने पर खुश नजर आ रहा है।
>
> **अरुण सोलंकी**
> **( ब्लॉक अधिकारी कृषि विभाग )**

### समर्थन मूल्य से अधिक मूल्य मिल रहा निजी एजेंसियों से

**किसानों** को वर्ष 2021-22 में सरसों की पैदा की गई फसल की कीमत सरकार द्वारा 5 हजार रुपये क्विंटल थी। इस वर्ष सरकार ने 5050 रुपये सरसों की फसल का समर्थन मूल्य तय कर दिया है। लेकिन किसानों को समर्थन मूल्य से अधिक दाम निजी एजेंसियों से मिल रहा है। जिससे किसानों का चेहरा खिल उठा है।

# डॉक्टरों की टीम अलग-अलग स्कूल-कॉलेजों का करेगी दौरा


नागरिक अस्पताल की डॉक्टर सुनीता विद्यार्थियों को दांतों की जानकारी देते हुए।

### एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने कहा, विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे अच्छे स्वास्थ्य का पाठ

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय ऑरल हेल्थ सप्ताह के तहत स्कूल व कॉलेजों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को अच्छा स्वास्थ्य रखने का गुर सिखाएगा। जिसके तहत नागरिक अस्पताल से डॉक्टरों की टीम स्थानीय कॉलेज व स्कूलों का दौरा कर रही है।

21 जुलाई को राष्ट्रीय ऑरल हेल्थ डे मनाया जाएगा। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय ऑरल हेल्थ सप्ताह अभियान की शुरुआत की है।

एक सप्ताह के इस अभियान में नागरिक अस्पताल से डॉक्टरों की टीम 7 दिन तक अलग-अलग स्कूल व कॉलेजों का दौरा करेगी। डॉक्टर दौरे में विद्यार्थियों को शरीर के अच्छे स्वास्थ्य बनाएं रखने का पाठ पढ़ाएंगे। जिससे अच्छा स्वास्थ्य रहने पर विद्यार्थी का मानसिक रुप से पढ़ाई करने में सक्षम होगा। इस अभियान के तहत शुक्रवार को नागरिक अस्पताल की टीम डॉक्टर सुनीता के नेतृत्व में शहर के निजी स्कूल में पहुंची। जहां पर डॉक्टर सुनीता ने विद्यार्थियों को दांतों में लगने वाले रोग की जानकारी दी।

दांत को कीड़ा लगने से बचाव और ब्रुश कब तथा कैसे करना चाहिए। ताकि दांतों को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। दांतों को जीवन में कितना महत्वता के विषय में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को दांतों को निरोग बनाने तथा समय से पहले उखड़ने न देने का पाठ पढ़ाया।

### क्या कहते है अधिकारी

**नागरिक** अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि विद्यार्थी अच्छा स्वास्थ्य होने पर पढ़ाई करने में सफल हो सकता है। शरीर को निरोग बनाने की सलाह दी जा रही है।

# विवाहिता बेटा संग संदिग्ध हालत में लापता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### पुलिस ने पत्नी व बेटा के लापता होने का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की

**भोंडसी** थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय विवाहित अपने बेटा संग संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

उत्तर प्रदेश का जिला कानपुर देहात के मूल निवासी साहबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह रिठौज में बनी देवांश कॉलोनी में रहता है। बुधवार की दोपहर उसकी पत्नी 22 वर्षीय नेहा बेटा को लेकर दोपहर दो बजे संग्धिग हालत में घर से कही चली गई। जिसकी अपने स्तर पर तलाश करने पर कोई पता नहीं लग सका है। पुलिस ने पति की शिकायत पर पत्नी व बेटा के लापता होने का मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

# अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं : प्रो. दिनेश कुमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय की एनएसएस शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कैंप के दूसरे दिन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गांव समसपुर के सरकारी स्कूल, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, गांव का पार्क, कॉलोनी सहित विश्वविद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए।

इस दौरान एनएसएस के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकली। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से चलकर समसपुर गांव के मुख्य स्थानों से होती हुई वापस विश्वविद्यालय पहुंची। रैली के दौरान पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, पेड़ों से वायु, वायु से आयु जैसे नारे लगाकर छात्रों ने लोगों को जागरूक किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण की शपथ ली। पौधारोपण कार्यक्रम में डीन अकादमी अफेयर्स प्रो. एमएस तुरान, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्रो. अशोक खन्ना समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए फलदार व छायादार पौधे रोपित किए।


गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, साथ खड़े हैं अन्य लोग।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इन दिनों पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। वातावरण में फैल रहे इस जहर को रोकने का सबसे अच्छा उपाय यह है कि अधिक संख्या में पौधे रोपित किए जाएं। हमें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। कुलपति ने बताया कि पौधे हमें शुद्ध वायु देते है। पौधे मनुष्यों के साथ-साथ सभी जीवों के जीने का सहारा है। उन्होंने कहा कि बिना पेड़-पौधों के पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्वविद्यालय की एनएसएस शाखा द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय की एनएसएस शाखा की प्रमुख डॉक्टर नीलम वशिष्ट ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के मुख्य अध्यापक मुनेंद्र कुमार, विजय मेहता समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृत्रिम अंग कैंप:100 लोगों ने कराया पंजीकरण


श्री दिगम्बर जैन बारादरी में कृत्रिम अंग शिविर में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

**गुरुग्राम।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में शुक्रवार से तीन दिवसीय विशाल निशुल्क दिव्यांग कल्याण शिविर का शुभारंभ हुआ। वर्धमान सेवा संस्थान गुरुग्राम की ओर से श्री दिगम्बर जैन बारादरी जैकमपुरा गुरुग्राम में भगवान महावीर विकलांग केंद्र जयपुर के तत्वावधान में यह शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ आचार्य श्री सौभाग्य सागर जी के शिष्य श्रीशुभ सागर के महाराज के सानिध्य में किया गया।

### सदर बाजार में श्री दिगम्बर जैन बारादरी जैकबपुरा में लगाया गया शिविर

यह शिविर 25 से 27 मार्च तक तीन दिन चलेगा। संस्था के अध्यक्ष मनोज जैन ने शिविर में आए सभी मेहमानों का स्वागत किया। सभी को संस्था के उद्देश्य को बताया। तत्पश्चात संस्था के बारे में बताया कि संस्था दिव्यांगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहती है। संस्था के उपाध्यक्ष श्रेयांश जैन ने बताया कि पिछले वर्ष किस तरह एक व्यक्ति घुटने के बल आया था और यहां लाभ लेने के बाद खुद चलकर गया। संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के कैम्प लगाती रहेगी। उन्होंने बताया कि अभी तक लगभग 100 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है, और आने वाले 3 दिन में लगभग 350 लोग इस शिविर का लाभ उठा सकेंगे।

# कमान सराय के दुकानदारों को मिला आप का साथ, धरना शुरू

### दूसरी जगह दुकानें मिलने तक जारी रहेगा दुकानदारों का धरना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** कमान सराय की दुकानों को तोड़कर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के काम को नगर निगम व दुकानों में ठन गई है। दूसरी जगह पर दुकानें अलॉट नहीं करने पर दुकानदारों ने धरना शुरू कर दिया है। दुकानदारों की आवाज को बुलंद करने के लिए आम आदमी पार्टी भी मैदान में कूद पड़ी है। नगर निगम अधिकारी जब बुलडोजर लेकर दुकानें तोड़ने आए तो दुकानदारों के विरोध के बीच बैरंग लौटना पड़ा था।

दुकानदारों के धरने पर आम आदमी पार्टी के नेता अभय जैन एडवोकेट, साउथ हरियाणा लीगल हेड अशोक वर्मा और हरियाणा के यूथ हेड धीरज यादव कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। उनके स्वर में स्वर मिलाकर आप नेताओं ने कहा कि पार्टी दुकानदारों के साथ है। किसी भी तरह से उनके साथ ज्यादगी नहीं होने दी जाएगी। दुकानदारों को तोड़े जाने के निर्णय को लेकर प्रतिनिधिमंडल विधायक सुधीर सिंगला और नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा से भी मिला। वहां से आश्वासन दिया गया कि दूसरी जगह पर दुकानें अलॉट करने के बाद भी इन दुकानों तो तोड़ा जाएगा।


गुरुग्राम के कमान सराय में दुकानों को तोड़ने की सूचना के विरोध में दुकानें बंद करके बैठे दुकानदार।

आप नेता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि नगर निगम के नियमों में यह साफ कहा गया है कि अगर कोई निगम की दुकानों में किराए पर 20 साल या इससे अधिक हो गए हैं तो उन्हें मालिकाना हक मिलेगा। इससे संबंधित वर्ष 2021 में सरकार ने इस नियम को लागू किया था। जो भी कोई तहबाजारी, लीज और किराए पर दुकानें लिए हुए हैं। उन्हें इन दुकानों में बैठे हुए 20 साल या इससे अधिक हो गए हैं तो उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। 20 साल वालों को 20 फीसदी छूट के साथ और 30 साल वालों को 30 फीसदी छूट के साथ कलेक्टर रेट से भुगतान करना होगा। यहां दुकानदारों की कई-कई पीढ़ियां दुकानों में हैं, इसके बावजूद भी इन्हें दुकानों का मालिकाना हक नहीं दिया गया है। हक देना तो दूर की बात, दुकानों को तोड़ने के प्रयास शुरू कर दिए।

# बीके अस्पताल : लापरवाही से पानी का दुरुपयोग और हादसे का खतरा

## दो माह से बह रहा रेडक्रॉस के पीछे पाइप का पानी, दीवार गिरने के है कगार पर

कविता। फरीदाबाद



बीके अस्पताल के बाहर दीवार के अंदर से आता लिकेज पानी।


बीके में गेट के आगे लीकेज पाइप से बहते पानी से दलदल में तब्दील हुई सड़क।

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो सकता है। अस्पताल के भीतर और बाहर पानी की पाइप लीक हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर में मौजूद रेडक्रॉस के फिजियोथैरेपी सेंटर के निकट पानी की लाइन करीब एक हफ्ते से टूटी पड़ी है। जिसके कारण यहां पानी भर जाने से लोगों को निकलने में काफी परेशानी होती है। वहीं दूसरी तरफ अंदर और बाहर पानी लगातार भरने से दीवारें कमजोर हो रही है, जिसके कारण दीवारों में दरारें आनी शुरू हो गई है।

22 मार्च को जिलेभर में विश्व जल दिवस मनाया गया है। इस दौरान जिलेभर में जागरूकता अभियान चले और कई संस्थानों में आकर्षक पोस्टर बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान जल के महत्व पर प्रकाश डाला गया। लेकिन जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के बाद भी बीके सिविल अस्पताल में पानी के महत्व को नहीं समझा जा रहा है। यहां लगातार लिकेज पाइप लाइनों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसा ही यहां देखने को मिला। यहां लगातार पानी की बर्बादी के कारण जहां आने वाले समय में भूमि का जल स्तर लगातार गिरेगा। वहीं यहां पानी की लाइन लिकेज होने से पानी दीवार की एक तरफ से दूसरी तरफ बहते हुए साफ देखा जा सकता है।

**पुरानी इमारत में लिकेज:** बीके सिविल अस्पताल में निगम के सामने मौजूद गेट के पास पानी की पाइप लाइन पिछले एक हफ्ते से लीक है। ऐसे में यहां गेट के सामने ही पानी भर रहा है। जिससे यहां आने वाले दिव्यांगजनों के अलावा गाड़ी चालकों को निकलने में काफी परेशानी होती है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल की पुरानी इमारत में निगम के सामने अस्पताल की दीवार के साथ पिछले करीब दो माह से पानी लिकेज हो रहा है। दीवार के नीचे से पानी लिकेज होने के कारण यहां मौजूद दीवार कभी भी गिर सकती है। जिस कारण यहां किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन इस ओर अस्पताल प्रबंधन ध्यान ही नहीं दे रहा है।

# पेट्रोल-डीजल दामों में वृद्धि और महंगाई के खिलाफ कांग्रेसियों का हल्ला बोल

## पूर्व मंत्री एसी चौधरी, विधायक नीरज शर्मा व पूर्व विधायक तेवतिया के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 लघु सचिवालय के बाहर महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**भाजपा** सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमतों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि एवं भयावह महंगाई के विरोध में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष कुमारी सैलजा के निर्देशानुसार फरीदाबाद जिले के कांग्रेसजनों ने हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री एसी चौधरी, एनआईटी विधायक नीरज शर्मा व पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया की अध्यक्षता में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर उपायुक्त फरीदाबाद के मार्फत से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान कांग्रेसजनों ने कहा की भाजपा की जीत के साथ मोदी जी द्वारा लाए महंगे दिन वापस आ गए हैं जिन पर चुनावों तक अल्पविराम था। भाजपा सरकार ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में चुनाव जिताओ और होली पर मुफ्त गैस सिलेंडर पाओ जैसे झूठे वादों पर जीत दर्ज करते ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में कमरतोड़ इजाफा कर जनता का जीना दूभर कर दिया है। अभी तो राज्य सरकारों का गठन भी नहीं हुआ है और भाजपा ने महंगाई के साथ फिर से गठजोड़ कर लिया है। यह कहने में भी कोई अतिश्योक्ति नहीं कि भाजपा की जीत के साथ अहंकार, निरंकुशता और महंगे दिन आते हैं। मई 2014 में जब भाजपा ने सत्ता संभाली थी तो पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क क्रमशः केवल 9.20 रुपये प्रति लीटर और 3.46 रुपये प्रति लीटर था, जिसमें भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल पर 18.70 प्रति लीटर और डीजल पर 18.34 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गयी है, जो यूपीए सरकार की तुलना में क्रमशः 203 और 531 प्रतिशत ज्यादा है।

वर्ष 2014-15 से वर्ष 2021-22 तक आठ वर्षों की अवधि के बीच, केंद्रीय भाजपा सरकार ने बार-बार पेट्रोल और डीजल पर करों में वृद्धि करके जनता की गाढ़ी कमाई से आठ साल में 26 लाख करोड़ रुपये वसूले हैं। दो साल पहले लॉकडाउन के बाद से भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर कीमतों और उत्पाद शुल्क में बार-बार बढ़ोतरी करके जबरन वसूली और मुनाफाखोरी की सीमा सभी प्रकार के शोषणों को पार कर गई। दो साल पहले, 22 मार्च 2020 को पेट्रोल और डीजल की दरें क्रमशः 69.59 रुपये और 62.29 रुपये थीं, जिसे बढ़ाकर क्रमशः 96.21 रुपये प्रति लीटर और 87.47 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

26 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली थी, तब भारत की तेल कंपनियों को कच्चा तेल 108 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल मिल रहा था, आज भी 108.25 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है। उस समय पेट्रोल व डीजल क्रमशः 71.41 रुपए प्रति लीटर और 55.49 रुपए प्रति लीटर में उपलब्ध था, जो आज क्रमशः 96.21 और 87.47 रुपए प्रति लीटर बेचा जा रहा है। अमेरिकी डॉलर में कच्चे तेल की कीमत वही होने के बावजूद पेट्रोल व डीजल की कीमतें क्रमशः 24.80 रुपये और 31.98 रुपये प्रति लीटर ज्यादा हैं।

राष्ट्रपति से कांग्रेस पार्टी का अनुरोध है की केंद्र की भाजपा सरकार को हिदायतें जारी करें कि पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों को कांग्रेस-यूपीए सरकार की दरों पर लाया जाए ताकि लोगों को इस महंगाई के दौर में कुछ राहत मिल सके।

इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मुकेश शर्मा, स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज मनोज अग्रवाल, एचपीसीसी कॉर्डिनेटर गौरव ढींगरा, पूर्व चेयरमैन ओबीसी ललित भड़ाना, एआईपीसी जिलाध्यक्ष डॉ. सौरभ, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष पराग शर्मा, पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस मोहन ढिल्लों, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिलाष नागर व नितिन सिंगला, महिला कांग्रेस से प्रियंका अग्रवाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी व सुनीता फागना, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलशन बग्गा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एस. एल शर्मा, पूर्व ट्रिब्यूनल मेंबर अनीश पाल व राजेश आर्या, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष कौशिक, डॉ. पराग गौतम, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला व अनिल शर्मा, विनोद कौशिक, वंदना सिंह, संजय सोलंकी, धर्मवती सहित अन्य सैंकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# हत्या मामले में कार्रवाई के लिए सीपी से की मुलाकात


पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देने जाते मृतक युवक के परिजन।

## पुलिस कमिश्नर ने एसीपी मुजेसर को सौंपी जांच, बोले, दोषियों के खिलाफ होगी उचित कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**23 जनवरी** को गांव मोठूका में हुए युवक की हत्या के मामले में उचित कार्यवाही न होने से नाराज परिजनों ने शुक्रवार को रामनगर के सैकड़ों लोगों के साथ फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने पुलिस कमिश्नर को बताया कि रामनगर निवासी मंगल सिंह के बेटा विनोद अपनी पत्नी सविता के साथ गांव मोठूका में रहता था।

गत 23 जनवरी को विनोद मोठूका स्थित अपने घर पर मृत अवस्था में मिला था और उसकी पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को इसे आत्महत्या बताया था, जबकि मृतक विनोद के शरीर में कई तरह के घाव थे, जिसे देखकर ये मामला आत्महत्या का न होकर हत्या का लग रहा था। परिजनों की माने तो उन्होंने इस बाबत पुलिस को भी इस बारे में जानकारी दी परंतु ससुराल पक्ष द्वारा दबाव डालने के कारण मामले की उस दौरान जांच निष्पक्षतापूर्वक नहीं हो पाई।

मृतक विनोद के परिजनों का आरोप है कि उसके बेटे ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या करके उसके शव को आत्महत्या का रूप दे दिया है और इस पूरे हत्याकांड में मृतक विनोद की पत्नी सविता, साला लाला व अन्य ससुराल पक्ष का हाथ है। इसलिए इन लोगों के खिलाफ हत्या की धाराओं पर मामला दर्ज करके सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। पूरे मामले को गंभीरता से सुनने के बाद पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने इस पूरे मामले की जांच एसीपी मुजेसर सरदार दलबीर सिंह को सौंपते हुए आश्वासन दिया कि पूरे मामले की उचित जांच की जाएगी।

# पीएनजी लाइन फटने से मची अफरा तफरी


गैस की पाइप लाइन टूटने से ऊपर तक उड़ती मिट्टी।

**फरीदाबाद।** बाईपास रोड पर निर्माण कार्य के चलते शुक्रवार को पीएनजी पाइप लाइन जेसीबी की खुदाई से क्षतिग्रस्त हो गई। इससे अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रेशर के चलते मिट्टी करीब 20 फीट ऊपर तक उड़ गई। इससे ट्रैफिक व्यवस्था भी लचर हो गई।

इस घटना की जानकारी मिलने पर अदानी कंपनी और पुलिस मौके पर पहुंच गई। कंपनी कर्मचारियों ने गैस के बॉल बंद किय। इस घटना से करीब सात हजार घरों में गैस की सप्लाई ठप हो गई। उधर पुलिस ने बैरिकेट्स लगाकर वाहनों को व्यवस्थित ढंग से निकाला। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस का लिंक रोड का काम बाईपास पर चल रहा है और इसका काम तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को सेक्टर-17 सीएनजी पंप के सामने जेसीबी खुदाई कर रही है। खुदाई के दौरान दोपहर करीब 12 बजे पीएनजी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

## सूरजकुंड मेले में अनेक वीआईपी ने की शिरकत

**फरीदाबाद।** 35वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में सूरजकुंड मेला प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान महानिदेशक प्रेस सूचना ब्यूरो जयदीप भटनागर सहित आठ वीआईपी लोगों ने मेले में शिरकत की।

इनमें मुख्य रूप से आईआरएस अमनदीप कौर के परिजन, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के जनरल मैनेजर आईएएस वैशाली के परिजन, पूर्व विधायक चंद्र भाटिया, डीडी न्यूज के अयूब का परिवार, आईएएस प्रधान सचिव सुधीर राजपाल की धर्मपत्नी छवि राजपाल और भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के परिजनों ने भी मेले में शिरकत कर मेले का लुत्फ उठाया। नाबार्ड के रीजनल अधिकारी सीजीएम दीपा बी. गुहा, आरपीएफ के आईजीपी युगल जोशी और उनके परिजन, विवेक भारद्वाज, हिमाचल प्रदेश की बाल विकास विभाग की चेयरमैन वंदना योगी भी पहुंची।

# सम्मेलन के साथ जुड़ने का आग्रह

## मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल और अध्यक्ष राधेश्याम बंसल रहे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बैठक में शामिल अखिल भारतीय संगठन के सदस्य।

**अग्रवाल** धर्मशाला बल्लभगढ़ में अखिल भारतीय संगठन की बैठक हुई। यह बैठक देर शाम जिला अध्यक्ष राधेश्याम बंसल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्यातिथि प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल थे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र और जिला सलाहकार श्यामसुंदर मंगला, जिला सचिव राहुल गर्ग और बल्लभगढ़ की चार सभाओं का प्रतिनिधित्व था।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि अग्रोहा में चल रहे अग्रोहा शक्ति पीठ का जिक्र तथा उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने अग्रबंधुओं से सम्मेलन के साथ जुड़ने का आग्रह किया तथा एक वर्ष में 11 हजार सदस्य बनाने का संकल्प दोहराया। वहीं सलाहकार श्याम सुंदर मंगला ने सभी संस्थाओं से एक छत के ीचे आकर अखिल भारतीय संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। जिला उपाध्यक्ष ने भी सभा में आए सभी लोगों का सत्कार किया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी सांझा की। जिसमें 26 मार्च को प्रातः दो बसों द्वारा सेक्टर-आठ से अग्रोहा धाम की यात्रा की जानकारी दी। आगामी महीनों में आने वाली कुल देवी मां माध्वी महालक्ष्मी की जन आर्शिवाद यात्रा जोकि हरियाणा में चल रही है कि बल्लभगढ़ आने की जानकारी दी।

# मेले के फर्जी एंट्री कार्ड बनाने वाले गिरफ्तार

## आईडी कार्ड बनाने वाले साइबर कैफे संचालक समेत चार को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


पुलिस की गिरफ्त में फर्जी कार्ड बनाने वाला ठग गिरोह।

**सूरजकुंड** में आयोजित किए जा रहे 35 वें हस्तशिल्प मेले में फर्जी आईडी कार्ड बनवाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रवि, तनुज, शिवम तथा इंद्रवीर का नाम शामिल हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग के चीफ मेला एडमिनिस्ट्रेटर प्रताप शर्मा द्वारा पुलिस को दी अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि मेले में लगाई गई स्टॉल पर एक मालिक तथा एक हेल्पर को काम करने की इजाजत दी गई है परंतु जब उन्होंने कुछ स्टॉल चेक की तो इनपर दो से अधिक कर्मचारी काम करते हुए दिखाई दिए। जिनका आईडी कार्ड चेक करने पर पाया गया कि उनका आईडी कार्ड नकली है। उन्होंने बताया कि आईडी कार्ड पर एक कोड छपा होता है जो हर एक आईडी के लिए अलग-अलग होता है परंतु जब उन्होंने क्यूआर कोड स्कैन किया तो सबका कोड एक जैसा ही था। इस प्रकार स्टॉल नंबर 998, 365 तथा 825 पर काम कर रहे 5 कर्मचारियों के आईडी कार्ड नकली पाए गए।

सूरजकुंड में आयोजित किया जाने वाला हस्तशिल्प मेला अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होता है जिसमें विभिन्न देशों से नागरिक इसमें हिस्सा लेते हैं। फर्जी आईडी कार्ड बनवाकर यदि इस प्रकार कोई भी व्यक्ति मेले में शामिल होता है तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत पर के आधार पर पुलिस थाना सूरजकुंड में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि चारों आरोपी फर्जी आईडी बनवाने का काम करते हैं। इन कर्मचारियों के आईडी कार्ड बनवाने के लिए इन्होंने आरोपी रवि तथा उसके साथियों से संपर्क किया जिन्होंने पर्यटन विभाग की फीस के नाम पर किसी से 800 तो किसी से 1000 रुपए लेकर उन्हें बल्लभगढ़ स्थित एक साइबर कैफे की दुकान पर भेज दिया। जहां से साइबर कैफे चालक ने इन्हें नकली आईडी कार्ड बनाकर दे दिया। इस मामले में शामिल रवि मुख्य आरोपी है जो काफी समय से इस मेले में काम करता था।

# वॉटर टैंक की मरम्मत करवाने के लिए सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 निवासियों द्वारा सेक्टर 25 नगर निगम के भूमिगत जल भंडारण टैंक की छत जो कई जगह से टूट चुकी है। सेक्टर 55 की सप्लाई के दौरान वाल, लाईन और फ्लेंज में लीकेज के कारण लगभग 30 प्रतिशत पानी जल घर में ही फैल जाता है। जो बाद में सीवर के मैनहोल में बहकर व्यर्थ हो जाता है।

जलघर के छत टूटने के कारण पिछले ढाई वर्षो में गाद, कचरा और मरे हुए जानवर व मल मूत्र मिश्रित गंदे पानी की सप्लाई विधानसभा बल्लभगढ़ और विधानसभा एनआईटी 86 में दी जा रही है। हर जगह हर अधिकारी से अनुरोध करने के बाद समस्या के समाधान ना होने पर आज सेक्टर 55 के निवासियों ने संयुक्त रुप से इकट्ठे होकर एक मांग पत्र नगर निगम कमिश्नर के साथ साथ अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम मुख्य अभियंता वह अधीक्षक अभियंता को सौंप कर स्वेच्छा से ब्लैंक चेक हस्ताक्षर सहित उन्हें सौंपते हुए अनुरोध किया है कि, यदि निगम प्रशासन के पास पैसा नहीं है तो कृपया हमारे पैसे से यह मरम्मत का कार्य जल्द करवा दिया जाए। जब प्रशासन व विभाग की इच्छा हो तो, वह यह पैसा हमें चाहे लौट आए अथवा ना लौट आए।

अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह ने दोषी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। समस्या के समाधान के बारे डिजाइनर एवं कंसलटेंट सतीश शर्मा को मौका मुआयना करने को प्रतिनिधिमंडल के साथ सेक्टर 25 जल घर पर भेज दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## रावल कान्वेंट स्कूल ने किया शुभम को सम्मानित



**फरीदाबाद।** रावल कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल के भूतपूर्व छात्र शुभम वशिष्ठ को सम्मानित किया गया। बचपन से ही मूक एवं बधिर छात्र शुभम ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा को छिपाया नहीं जा सकता। कोई भी शारीरिक परेशानी उसे रोक नहीं सकती। वह ग- 10 मीटर, 25 मीटर के लिए चयन हुआ है। शुभम बचपन से ही प्रतिभाशाली छात्र रहा है। रावल कॉन्वेंट स्कूल की कार्यकारिणी समिति ने बचपन से इस होनहार छात्र का सहयोग किया है। सम्मान समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति एन. सिंह द्वारा इस होनहार छात्र को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक सीबी रावल व उप प्रबंधक अनिल रावल ने उन्हें प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया। उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह में उपस्थित सभी छात्रों को शुभम की इस उपलब्धि से प्रेरणा मिली कि प्रतिभा सभी में छिपी होती है, जरूरत है केवल उसे खोजने की।

## दो दिवसीय संगोष्ठी का हुआ समापन



**फरीदाबाद।** आयुष विभाग हरियाणा व योग आयोग हरियाणा के निर्देश अनुसार आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2022 के 100 दिन पूर्व रहने पर 'योग महोत्सव curtain raiser program के तहत दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन जिला खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि जिला खेल एवं युवा अधिकारी अनिता भाटिया की उपस्थिति में हुआ। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ अजित सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, क्रीड़ा भारती, ब्रह्मकुमारी आदि संस्थाओं से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दूसरे दिन कार्यक्रम में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर योग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले 18 छात्रों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस के साथ ही 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का लक्ष्य पूरा करने में सहयोगियों संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

## सूरजकुंड में फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद।** 35वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच हरियाणा पर्यटन विभाग की ओर से फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एमेच्योर तथा प्रोफेशनल श्रेणियों को शामिल किया गया। एमेच्योर श्रेणी में तुषार वधावन ने प्रथम, शालिनी देवरानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रोफेशनल श्रेणी में हिंदुस्तान टाइम्स के सुभाष शर्मा ने प्रथम तथा अमित भाटिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सूरजकुंड परिसर की डिजाईनर गैलरीज में आयोजित की गई। फेश पेंटिंग प्रतियोगिता में 10 स्कूलों के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें सरस्वती शिशु सदन बल्लभगढ की कुमकुम ने कृषिका के चेहरे पर बनाई गई फेश पेंटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद की काजल ने संध्या के चहरे पर बनाई गई फेश पेंटिंग ने द्वितीय स्थान पाया। इसी क्रम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद की वंशिका ने सीमा के चेहरे और मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल एनआईटी फरीदाबाद की अक्षिता ने वर्षा के चेहरे पर बनाई गई पेंटिंग ने तृतीय स्थान पाया। इसके अलावा आइडियल पब्लिक स्कूल अगवानापुर फरीदाबाद की ईशू ने रश्मि के चेहरे पर बनाई गई पेंटिंग को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

## अभिनेता राहुल देव ने स्टोर का किया उद्घाटन



**फरीदाबाद।** जाने माने बॉलीवुड फिल्म अभिनेता राहुल देव शुक्रवार को जिले में एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भारत की अग्रणी फर्नीचर कंपनी रॉयलोक ने फरीदाबाद में अपना पहला स्टोर एनएचपीसी मेट्रो स्टेशन के पास लॉन्च किया। अपनी सोफा, रेक्लाइनर्स, डाइनिंग, एक्सक्लूसिव मैट्रेस्सेस, बेड, कुशन, ऑफिस और आउटडोर फर्नीचर की एक पूरी श्रृंखला के साथ रॉयलोक भारतीय बाज़ार में फ़र्नीचर का एक प्रमुख रिटेल ब्रांड है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राहुल देव (बॉलीवुड अभिनेता) ने स्टोर के बारे में बताते हुए कहा, स्टोर बहुत बड़ा है और यह सभी तरह के इंपोर्टेड फर्नीचर उपलब्ध है जो स्टाइल और कम्फर्ट का एक आदर्श मेल है। फरीदाबाद में शोरूम खोलने का फायदा भी कम्पनी को मिलने वाला है क्योंकि यह एक इंडस्ट्रियल सिटी है और इसका महत्व सभी जानते हैं।

## पीएम ने योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई : मूलचन्द



**बल्लबगढ़।** 40वीं राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप का शुक्रवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि योगासन को जीवन मे अपनाने से मनुष्य का जीवन स्वस्थ रहता है। उन्होंने देश भर से आये प्रतिभागियों को बधाई दी। इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इस मौके पर योग फेडरेशन के सदस्य सतवीर डागर, जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी शिवराम डागर इंडियन योगासन फेडरेशन के पदाधिकारी बृजभूषण पुरोहित, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, बाबू राम बोहरे, पूर्व सरपंच डालचंद रावत, पूर्व सरपंच सचिन, पूर्व सरपंच अमर, दुलीचंद, जगन डागर, दीपक यादव, लखन बेनीवाल, लख्मीचंद भारद्वाज, डीके शर्मा सहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कैंटर लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध नरेंद्र कादयान के दिशा-निर्देश के तहत करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने 23 मार्च की रात सेक्टर 28 चौकी एरिया से की गई कैंटर लूट की वारदात में मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में यासीन उर्फ चटका, मोहित और नीरज का नाम शामिल है। तीनों आरोपी फरीदाबाद के एनआईटी एरिया के रहने वाले हैं।

## दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** दो दिन पहले डबुआ कॉलोनी में हुए दहेज हत्या के मामले में पुलिस थाना डबुआ की टीम ने मामले के मुख्य आरोपी पति प्रेमपाल उर्फ पिंटू को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रेमपाल उर्फ पिंटू है जो फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज है जिसने मृतक महिला के पिता रोशन लाल ने दी अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी 24 वर्षीय रमा की शादी 9 दिसंबर 2021 को प्रेमपाल के साथ की थी। उन्होंने अपनी हैसियत से बढ़कर अपनी बेटी को शादी का सामान दिया था परंतु दहेज लोभियों का इससे भी मन नहीं भरा और वह उनकी बेटी से और ज्यादा दहेज की मांग करने लगे।

## तालिबानी आदेश

### पढ़ाई पर प्रहार

**तालिबान** के अमानवीय आदेश से अब बड़ी अफगान लड़कियों को स्कूल जाने की अनुमति नहीं होगी। अफगान लड़कियों के लिए स्कूल जाने के बजाय भूख या यौन उत्पीड़न से मरना आसान है। तालिबान ने अपना असली रंग दिखाते हुए लड़कियों को सेकेंड्री व हाईस्कूल शिक्षा की अनुमति देने का अपना वादा तोड़ दिया है। इस सप्ताह उन हजारों लड़कियों को झटका लगा जो नए स्कूल वर्ष के पहले दिन कक्षा 6 या इससे ऊपर की कक्षा में जाने को तैयार थीं। यह तालिबान का आदेश था। वे पूछती हैं, 'हम लड़कियां हैं इसमें हमारा अपराध क्या है?' लेकिन कोई उनका विलाप सुनने वाला नहीं है। हालांकि, लड़कियां अब भी कक्षा 6 तक स्कूल जाती हैं। तालिबान ने इस बात के कोई संकेत नहीं दिए हैं कि लड़कियों के लिए उच्च कक्षायें कब शुरू होंगी। आमतौर पर माना जाता है कि तालिबान पर ग्रामीण अफगान कबीलों का दबाव था जो तालिबानी आंदोलन की रीढ़ की हड्डी हैं। ये कबीले ही संगठन को हथियारबंद लड़ाके उपलब्ध कराते हैं। कबीले अत्यधिक कट्टरपंथी और पितृसत्तात्मक सोच वाले हैं। उनका मानना है कि लड़कियों व महिलाओं का उनके घर के बाहर कोई काम नहीं है। ऐसे में केवल अनुमान लगाया जा सकता है कि अब क्या होगा। क्या तालिबान बड़ी छात्राओं के लिए दरवाजे बंद कर देंगे? अथवा क्या उनको अपमानजनक वस्त्र पहन कर आने की अनुमति मिलेगी जिनमें केवल उनकी आंखें खुली हों? लड़कियां स्कूल आने की इतनी इच्छुक हैं कि वे बुर्का पहनने को भी तैयार हैं। लेकिन तालिबान इस पर भी जोर दे सकते हैं कि उनको केवल महिला शिक्षक ही



पढ़ाएं, जबकि वे जानते हैं कि उनकी संख्या बहुत कम है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पिछले साल तालिबान को चेतावनी दी थी कि उनकी सरकार को मान्यता अन्य चीजों के साथ ही इस बात पर भी निर्भर रहेगी कि महिलाओं को रोजगार तथा लड़कियों को स्कूल आने की अनुमति दी जाए। नवीनतम तालिबानी आदेश अमानवीय तथा सभ्य समाज के सभी मानकों के खिलाफ है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी वाले बयान जारी करने के अलावा भी कुछ करना होगा। दुनिया को अफगानिस्तान में जेंडर समानता की असली स्थिति पर गौर करना होगा। हम सभी तथ्य जानते हैं, लेकिन विरले ही उन पर काम करते हैं। देश की आधी से अधिक लड़कियां स्कूल नहीं जाती हैं क्योंकि उनके माता-पिता या समुदाय उनको घर पर रहने को मजबूर करते हैं। लड़कियों के विवाह की कानूनी आयु 16 साल है, पर अधिकांश लड़कियों का विवाह किशोरावस्था में ही हो जाता है। यही कारण है कि वे स्कूल नहीं जाती हैं। किशोरावस्था की शुरुआत में ही अधिकांश लड़कियों का यौन उत्पीड़न या छेड़छाड़ होती है। लड़कों को वरीयता देने वाले देश में ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक लड़कियां भूख से मर जाती हैं जहां विकास व भोजन बहुत कम लोगों तक पहुंचता है। कट्टरपंथी अफगानिस्तान में लड़कियों के लिए स्कूल नहीं हैं। 2001 में तालिबान सरकार के सत्ता में हटने के बाद से लड़कियां स्कूल जाने लगी थीं और शिक्षा तथा रोजगार पर पश्चिमी विचार स्वीकारने लगी थीं। लेकिन यह मुख्यतः शहरी व कस्बाई क्षेत्रों तक सीमित था। तालिबान की वापसी ने इस पर विराम लगा दिया है। दुनिया यह उम्मीद नहीं कर सकती है कि लड़कियां अपने दम पर कट्टरपंथी सांस्कृतिक मानकों से संघर्ष कर सकेंगी। जब तक दुनिया उनको स्कूल जाने में सहायता नहीं करती, उनके आंसू निरर्थक बहते रहेंगे।

# वैश्विक भुगतानों में आत्मनिर्भरता जरूरी

रूस के उदाहरण के बाद हमें भुगतानों के मामले में अन्य देशों की इच्छा पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता प्राप्त करना जरूरी है।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी स्थितियों से निपटने के लिए सर्वोत्तम रणनीति आत्मनिर्भरता है। जहां तक रूस व यूक्रेन के बीच जारी वर्तमान युद्ध का सवाल है, कुछ लोगों का विश्वास है कि यदि यह युद्ध इसी तरह चलता रहा तथा संयुक्त राज्य अमेरिका व यूरोपीय देश जैसे यूक्रेन के मित्र युद्ध में शामिल हो गए तो यह तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ सकता है। लेकिन इसके अलावा भी इससे भारत तथा बाकी दुनिया को अनेक चिन्तायें पैदा हो गई हैं। इन आशंकाओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भरता को रणनीति के रूप में स्वीकारने का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि रूस दुनिया में कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और यदि कच्चे तेल की सप्लाई प्रतिबंधों के कारण बाधित हुई तो दुनिया में कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं। वर्तमान समय में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए रूस ने भारत को 25 प्रतिशत छूट पर तेल सप्लाई का प्रस्ताव किया है। भारत ने भी यह प्रस्ताव स्वीकार किया है और कच्चे तेल का आयात शुरू भी हो गया है। लेकिन रूस से तेल आयात का रास्ता आसान नहीं है। हालांकि, अमेरिका ने कहा है कि फिलहाल भारत द्वारा कच्चे तेल का यह आयात प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करता है, पर भुगतान का मुद्दा लगातार चिन्ता का विषय बना हुआ है। इस संदर्भ में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत द्वारा सस्ते तेल के आयात में कोई बाधा न आए। यह देश में तेल मूल्यों में होने वाली वृद्धि रोकने के लिए बहुत जरूरी है।

अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूसी बैंकों को इंटरनेशनल पेमेंट गेटवे-स्विफ्ट में प्रतिबंधित कर दिया है जिसका प्रयोग वैश्विक वित्तीय लेनदेन में होता है। इस समस्या के समाधान के लिए भारत और रूस ने तय किया है कि वे अपना लेनदेन रुपये व रूबलों में तय करेंगे। इसका अर्थ है कि भारत को न केवल तेल 25 प्रतिशत सस्ता मिलेगा, बल्कि इस तेल का भुगतान भी रुपयों में करना होगा। सवाल यह है कि भारत और दुनिया पर स्विफ्ट ब्लाक करने का क्या प्रभाव पड़ेगा? स्विफ्ट ब्लाक करने के कारण भारत और दुनिया को वैकल्पिक भुगतान व्यवस्थाओं का सृजन करना पड़ेगा। यह भुगतान चीन की भुगतान व्यवस्था के माध्यम से हो सकता है जिसे क्रास बार्डर इंटरबैंक पेमेंट सिस्टम-सीआईपीएस नाम दिया गया है। लेकिन भारत और रूस ने रुपया-रूबल अदला बदली का निर्णय किया है। दूसरी ओर भारतीय बैंक चीन की भुगतान व्यवस्था सीआईपीएस में पंजीकरण कर रूस के साथ बिजनेस नहीं कर सकते हैं। चूंकि सीआईपीएस मुद्रा के रूप में आरएमबी का प्रयोग करता है, इसलिए भारत के लिए अच्छा होगा कि वह भारतीय रुपये पर आधारित वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था बनाए। भारत के लिए एक विकल्प यूपीआई भुगतान व्यवस्था को रूस के एमआईआर व्यवस्था से जोड़ना हो सकता है जिससे भुगतान आसान हो जाएंगे। रूसी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक में खाते खोल सकते हैं जहां रूसी बैंक भारतीय रुपये जमा कर सकते हैं।

लेकिन कठिनाई यह है कि भारत का भारत-रूस व्यापार में व्यापार घाटा है, इसलिए रूस के साथ जमा भारतीय रुपयों की मात्रा बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में रूस उन अन्य देशों के आयातों का भुगतान रुपयों में कर सकता है जो रुपयों में भुगतान स्वीकार करते हैं। इसके अलावा एक और विकल्प यह है कि भुगतान केन्द्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा के आधार पर किया जाए। विभिन्न देशों के केन्द्रीय बैंक दूसरे देशों में विदेशी मुद्रा रखते हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा सेंट्रल बैंक आफ अमेरिका या फेडरल रिजर्व में रखता है। इसी प्रकार रूस समेत अन्य देश भी आरक्षित डालर फेडरल रिजर्व में रखते हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा रूसी बैंकों के स्विफ्ट में प्रतिबंध लगाने के कारण रूस की पहुंच अपनी आरक्षित विदेशी मुद्रा भंडार तक समाप्त हुई है। ऐसी स्थिति में निश्चित ही रूस का अमेरिकी फेडरल रिजर्व पर विश्वास टूटा है, वहीं दुनिया के अन्य देश भी सोच रहे हैं कि दूसरे देशों के केन्द्रीय बैंकों में उनकी जमा सुरक्षित नहीं है।

निसंदेह अमेरिका तथा उसके सहयोगियों द्वारा लगाए आर्थिक व अन्य प्रतिबंधों के कारण रूस संकट में है। हालांकि, तत्काल कोई ऐसा खतरा नहीं है, पर ऐसे प्रतिबंध एक या दूसरे बहाने भारत के खिलाफ भी लगाए जा सकते हैं। भारत भी अतीत में ऐसे प्रतिबंधों का शिकार बन चुका है। हमें ऐसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भी कहा था कि भले ही भारत के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लगाने का कोई कारण न हो, पर इसके बावजूद जो हम सोचते हैं वहीं दूसरे देशों को भी अपने विदेशी मुद्रा भंडारों के बारे में पुनर्विचार करना चाहिए। भारत ने हाल ही में अपने विदेशी मुद्रा भंडारों का विविधीकरण शुरू किया है और वर्तमान समय में वह अपने भंडार अनेक अन्य मुद्राओं में भी रखता है जिनमें सोना, डालर, यूरो, आदि शामिल हैं। चूंकि विश्व व्यापार पर डालर का प्रभुत्व है ओर उसे केवल अमेरिकी बैंकों में रखा जा सकता है। किसी देश की संप्रभु मुद्रा को केवल उसी देश के बैंकों में रखा जा सकता है। उदाहरण के लिए यूरो को यूरोपीय बैंकों, युवान को चीनी बैंकों तथा भारतीय रुपयों को भारतीय बैंकों में रखा जा सकता है।

परस्पर लेनदेन के लिए नोस्ट्रो खाते खोले जाते हैं जिनका स्वामित्व दूसरे देश के निवासियों के पास होता है। भारत के लिए अच्छा होगा कि भारत की रुपये पर आधारित अपनी भुगतान व्यवस्था हो। जिन देशों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए हैं उनको अपनी वस्तुयें बेचने में कठिनाई होती है और वे अपना सामान बाजार से सस्ती दरों पर भारत को बेचने को तैयार हैं। युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में तेल मूल्य काफी बढ़े हैं, लेकिन न केवल रूस बल्कि ईरान भी हमें अपनी शर्तों, यानी रुपये में भुगतान पर सस्ती बिक्री को तैयार है। ऐसे देशों से आयात के लिए हम अपनी मुद्रा में बार्टर व्यवस्था के अंतर्गत भुगतान कर सकते हैं। लेकिन अनेक देशों के साथ हमारा व्यापार घाटा है, इसलिए बार्टर हमेशा व्यावहारिक नहीं होता है।

ज्यादा व्यावहारिक भुगतान व्यवस्था के लिए हम अपनी भुगतान व्यवस्था-यूपीआई व विभिन्न देशों की भुगतान व्यवस्थाओं के बीच जुड़ाव स्थापित कर अमेरिका व यूरोपीय देशों के प्रभुत्व वाली स्विफ्ट को किनारे छोड़ सकते हैं। उदाहरणार्थ, भारत अन्य देशों की भुगतान व्यवस्थाओं से जुड़ाव स्थापित कर अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में आत्मनिर्भरता स्थापित कर सकता है। इनमें रूस की मीर भुगतान व्यवस्था तथा चीन की भुगतान व्यवस्था शामिल है। केवल इतना ही नहीं, अब डिजिटल मुद्रा का चलन बढ़ रहा है। लेकिन निजी क्रिप्टोकरेंसी के मूल्य में भारी उतार-चढ़ाव को देखते हुए भुगतान के लिए उनका प्रयोग उचित नहीं होगा। भारत ने हाल ही में केन्द्रीय बैंक, यानी भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से अपनी डिजिटल मुद्रा शुरू करने का निर्णय किया है जिसका नाम सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी-सीबीडीसी होगा। विशेषज्ञों का विश्वास है कि अंतरराष्ट्रीय भुगतान डिजिटल करेंसी के प्रयोग से भी संभव हैं।

वर्तमान समय में भारत अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है जिनमें रक्षा उत्पादन, एलेक्ट्रानिक्स, टेलीकाम, रसायन, उपभोक्ता वस्तुएं, आदि शामिल हैं। इस स्थिति में अंतरराष्ट्रीय भुगतानों के मामले में हमें भुगतान के मामले में भी अमेरिका व यूरोपीय देशों की सनक पर नहीं निर्भर रहना चाहिए। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय भुगतानों के मामले में भी आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का लक्ष्य सामने होना जरूरी है। इसे किसी भी माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। प्रक्रिया चाहे जो हो, बार्टर या विभिन्न भुगतान व्यवस्थाओं से जुड़ना या डिजिटल मुद्रा, हमें भुगतानों के मामले में आत्मनिर्भरता प्राप्त करनी चाहिए।

# बदलती भू-राजनीति में भारत की भूमिका

"बदलती भू-राजनीति के बीच भारत को अन्य साझेदारों के साथ अपने संबंधों पर काम करते रहना होगा।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



भारत ने पिछले पखवाड़े दो क्वाड भागीदारों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न की। जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा कुछ दिन पहले दिल्ली में थे और ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट मॉरिसन ने उच्च स्तरीय आभासी बैठकें की थीं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक वार्षिक शिखर सम्मेलन तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया, जहां दोनों प्रधान मंत्री संबंधों में प्रगति की निगरानी के लिए यात्राओं का आदान-प्रदान करेंगे। जापान और रूस के बाद, ऑस्ट्रेलियाई वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन तीसरा भारत है जो समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने के अपने गुलदस्ते में है। यह उल्लेखनीय है कि जापान और ऑस्ट्रेलिया क्वाड ढांचे के मूलभूत स्तंभ हैं और भौगोलिक रूप से इंडो पैसिफिक में स्थित हैं, जहां वर्चस्व का अगला रंगमंच चल रहा है। भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों क्वाड भागीदारों को अपनी प्राथमिकताओं को उजागर करने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। एक आक्रामक चीन, भारत-प्रशांत में नए सैन्य ठिकाने बनाना या बनाना, ताइवान जैसे राष्ट्रों के संप्रभु अधिकारों को धमकाना और भारत के क्षेत्र और पड़ोस में अतिक्रमण करना, इसके अलावा समुद्री मार्गों की सैन्य निगरानी करना, विश्व स्तर पर स्वीकृत नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के लिए कम से कम चिंता, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के लिए साझा क्षेत्रीय चिंताएं हैं।



ऑस्ट्रेलिया जानता है कि अगर वह चीन को अपने पिछवाड़े में लेना चाहता है तो उसे क्षेत्रीय सहयोगियों और भागीदारों पर निर्भर रहना होगा। जापान के साथ इसका रक्षा गठबंधन जिसे पारस्परिक पहुंच समझौते (आरएए) के रूप में भी जाना जाता है, इस संदर्भ में महत्व रखता है। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में अमेरिका और यूके के साथ एक सैन्य गठबंधन में प्रवेश किया है जो इसे परमाणु-सक्षम पनडुब्बियों तक पहुंच प्रदान करता है। भारत में भारतीय नीति निर्माताओं के लिए सीखने के लिए कई सबक हैं। पहला, क्षेत्रीय व्यवस्था की अमेरिका-केंद्रितता तेजी से सिकुड़ रही है। जापान, जो परंपरागत रूप से अपनी सुरक्षा जरूरतों के लिए अमेरिका पर निर्भर रहा है, इस क्षेत्र में आगे बढ़ने और नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इस क्षेत्र की छोटी अर्थव्यवस्थाओं को एक संकेत भेजा गया है कि जापान चीनी आक्रमण के खिलाफ खड़ा होगा और एक सशक्त स्वतंत्र खिलाड़ी के रूप में एक नियम-आधारित क्षेत्रीय व्यवस्था स्थापित करेगा। इसी तरह, चीन के साथ अपने कड़वे अनुभवों के साथ ऑस्ट्रेलिया यूरोप, अमेरिका, ब्रिटेन, भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में प्रमुख भागीदारों के साथ नए व्यापार और सुरक्षा समझौते करने के लिए तेजी से आगे बढ़ गया है। इस बीच, चीन ने रूस के साथ 'कोई बाधा नहीं' दोस्ती की घोषणा की है। जैसे-जैसे विश्व व्यवस्था में बदलाव आता है, यूक्रेन संकट के बाद, और नाटो द्वारा सख्त रुख अपनाया जाता है, रूस के लिए स्थिति प्रतिकूल दिखाई देती है। पश्चिमी प्रतिबंधों के काटने के साथ-साथ विश्व मंचों पर ठंडे राजनयिक और रणनीतिक संबंध रूस को चीन पर और अधिक निर्भर बना देंगे। इसका मतलब यह भी हो सकता है कि जब रूस का सवाल आता है तो भारत शर्मनाक स्थिति में आ जाता है।

इस स्तर पर भारत को अपने सामरिक और आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप अपने सुरक्षा हितों की गणना करनी होगी। सैन्य उपकरणों के लिए रूस पर गंभीर निर्भरता को छोड़कर, भारत का रूस के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं है। रूस और भारत के बीच चार दशकों से अधिक घनिष्ठ संबंध, जहां प्रत्येक पक्ष ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे के संवेदनशील स्थानों में कदम नहीं उठाने का फैसला किया, एक बार यूक्रेन के आक्रमण के पूरे नतीजे सामने आने के बाद शीत युद्ध का भूत हो सकता है। भारत को बदलती भू-राजनीति में अपना स्थान सावधानीपूर्वक जांचना होगा और अपने भागीदारों का चयन करना होगा। भारत और अमेरिका के बीच करीब एक दशक से रणनीतिक साझेदारी है। हालाँकि, रूस पर सार्वजनिक रूप से सख्त रुख अपनाने की भारत की अनिच्छा अमेरिका में कई सांसदों को रिश्ते की नींव पर सवाल खड़ा कर सकती है।

दुनिया, वैचारिक मतभेदों के बावजूद, एक बड़ी महाशक्ति के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके रणनीतिक महत्व को किसी भी तरह नजरअंदाज़ नहीं कर सकती है। भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, खुले, पारदर्शी, नियम-आधारित व्यवस्था के लिए अमेरिका के साथ अपने संबंधों पर काम करते रहना होगा। ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे क्वाड भागीदारों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय समझौतों से भी मदद मिलेगी।

## आप की बात

### पाक का कश्मीर राग

**इस्लामिक** सहयोग संघठन (ओआईसि) मे एक बार फिर इमरान खान ने कश्मीर का राग अलापा हैं। अनुच्छेद 370 जब से समाप्त हुआ हैं पाकिस्तान बौखला गया है, यह बात उससे हजम नहीं हो रही हैं। आतंकियों की फंडिंग और देश को आतंकवाद की पनाहगाह बनाने के बेहद जघन्य अपराध में पाकिस्तान बीते चार साल से 'फाट्फ' की 'ग्रे लिस्ट' में है। चिन की वजह से ही वह अब तक काली सूची में जाने से बचा हुआ हैं,पहले ही वह गले तक कर्ज में डूबा हुआ है ऐसे मे अगर 'काली सूची' में आता है, तो बिल्कुल ही 'कंगाल' हो जाएगा। पाक मे हिंदुओं की आबादी 18 फीसदी से 2 रह गई हैं। हिंदुओं के मंदिर भी तोड़े जा रहे हैं, बेटियों के साथ गलत घटनाए हो रही हैं, लेकिन पाकिस्तान के किसी भी प्रधानमंत्री का ऐसे अत्याचारों को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्हें बस कश्मीर का रोना रोना हैं। कश्मीर भारत का अभिन्न और संवैधानिक हिस्सा है और हमेशा रहेगा! कमोबेश इमरान खान हमारे 'जन्नत' कश्मीर की चिंता न करें। पाकिस्तान के हुक्मरानों को अपनी सत्ता कायम रखने के लिए कश्मीर का राग अलापना पड़ता है और जग हंसाई का पात्र बनना पढ़ता हैं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### जनता जनार्दन के पीएम

**भारत** देश के प्रधानमंत्री मोदी जनता को जनार्दन मानते हैं। उनके संदेश की याद दिलाते हुये दुबारा उप्र के मुख्यमंत्री की गद्दी संभालने वाले योगी ने अपने विधायकों से लोक भवन में आयोजित बैठक में कहा कि वे मालिक बनने की भूल न करे। बल्कि सेवक बनकर जनता की सेवा करे। सबसे बड़ी जनसंख्या वाले राज्य के लोगों को सुशासन और विकास का मॉडल बनाकर उनकीअपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये जी जान से जुटने का आवाहन विधायकों से किया। मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को साकार करना उनकी पहली प्राथमिकता है। सुशासन को मजबूत करने के लिये जनता ने जातिवाद, वंशवाद और धर्म से ऊपर उठकर विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर बीजेपी दल को समर्थन दिया है। योगी ने पूरी प्रतिबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा से काम करना सरकार का लक्ष्य है। योगी ने कहा सत्ता प्राप्त करना प्रतिष्ठा की बात नही बल्कि जनता की अदालत में खरा उतरने की चुनौती होती है। योगी ने प्रदेश की जनता से बिना रुके, बिना थके और बिना डिगे सेवा करने का भरोसा दिलाया है। मोदी और योगी देश के लिये दिनरात काम करते हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### गन्ना किसानों की समस्या

**खाद्य**, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में किसानों की गन्ना आपूर्ति का बकाया अब भी 16,612 करोड़ रुपए होने पर हैरानी जताई है। यह विडंबना ही है कि किसान कर्ज लेकर फसलें उगाते हैं और उन्हें मिल द्वारा तय भावों में ही गन्ना बेचना पड़ता है। गन्ना किसानों को नगद भुगतान के लिए सरकार कई बार आदेश दे चुकी है। मगर गरीब किसानों का 16000 करोड़ से अधिक का पैसा गन्ना मिलों द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जाना विषाद जनक है। सरकारों को गन्ना मिलों को एक निश्चित समय अवधि में किसानों को चुकता भुगतान करने के सख्त निर्देश देना चाहिए। एक और तो गन्ना मिले शक्कर के साथ साथ बाय प्रोडक्ट के रूप में मोलाशीष से अच्छी खासी कमाई कर रही है। मगर किसानों के भुगतान के लिए वह आनाकानी करती है। जाहिर है बड़े नेताओं से गन्ना मिलों को पूरा प्रश्रय प्राप्त है। जिसके चलते गन्ना मिलों पर कोई सख्त कार्यवाही नहीं हो रही है। सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेते हुए कृषकों के भुगतान के लिए मिलों को आदेश देने चाहिए!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**दो** साल में ईवी वाहनों के दाम पेट्रोल व डीजल संचालित वाहनो के बराबर हो जाएंगे।

– **नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन मंत्री



**व्लादीमिर** पुतिन को हमारी शक्ति-नाटो व क्वाड, का अनुमान नहीं था।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**अब** पंजाब में कोई कच्चा घर और अनुबंध कर्मचारी नहीं होगा।

– **भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री

# दूसरी पारी के साथ योगी ने किया सुशासन और राष्ट्रवाद का शंखनाद

अभिषेक रंजन। लखनऊ



**सुशासन** और राष्ट्रवाद के शंखनाद का साक्षी बने स्वर्गीय अटल बिहारी बाजेपयी अंतराष्ट्रीय इकाना स्टेडियम में योगी सरकार ने अपनी दूसरी पारी की शुरूआत की है। इस शपथ ग्रहण समारोह में सरकार व संगठन ने हम निकले हैं प्रण करके, नए भारत का उप्र बनाने का संकल्प लिया तो सरकार ने राष्ट्रवाद की, सुशासन की, खुशहाली की और विकास की शपथ भी ली है। ताकि अगले पांच साल में बेहतर सुशासन और भ्रष्टचार मुक्त सरकार के जरिए भाजपा अपने संकल्प को पूरा कर सके।

शाम के समय जब सूरज अपने केसरिया रंग के साथ आसमान पर छाया हुआ था तो वहीं धरती पर योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत का शंखनाद भी केसरिया रंग के साथ किया। पूरे स्टेडियम को केसरिया और भगवा रंगों से सजाया गया था। मंच के पीछे लगी भारी-भरकम एलईडी स्क्रीन में राष्ट्रवाद को चरितार्थ करती हुई एक फिल्म प्रदर्शित की जा रही थी जिसमें बाबा काशी विश्वाथ कारीडोर से लेकर अयोध्या और काशी मंदिर के वृहद स्वरूप को दिखाया जा रहा था। बीच-बीच में योगी सरकार के पिछले पांच साल की विकास गाथाओं का भी जिक्र किया जा रहा था। जिसमें

पूर्वाचल एक्सप्रेस के विहंगम दृश्य को दिखाया जा रहा था।

37 साल के अंतराल के बाद उप्र में किसी मुख्यमंत्री के लागातार दूसरी बार शपथ लेने के ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कैबिनेट के अनेक सदस्य, अनेक मुख्यमंत्रियों, धर्माचार्यों, उद्योगपतियों के साथ-साथ सैकड़ों जन साक्षी बने। प्रदेश में इतिहास रचे जाने के इस अविस्मरणीय मौके पर पूरा माहौल मोदी-योगी मय रहा। योगी आदित्यनाथ को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते देख स्टेडियम में मौजूद करीब एक लाख लोगों के मन का हर्ष, उत्साह और उमंग समारोह स्थल के हर कोने से आ रही मोदी-योगी जय श्रीराम की गगनभेदी गूंज से साफ-समझी जा सकती थी। पूरे स्टेडियम में मोदी, शाह, राजनाथ, योगी की बड़ी-बड़ी होडिंग्स को लगाया गया था जबकि स्टेडियम के बीच के हिस्से को कमल के फूल की आकृति से सजाया गया था। मंच पर एक तरफ जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ लेनी थी वह विराजमान थे तो वही दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्रियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। सबसे अग्रिम पंक्ति में डिप्टी सीएम केशव मौर्य, बृजेश पाठक और फिर एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाण के सीएम मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी बैठे थे। करीब 3.57 पर जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर आए और उनके आते ही पूरा स्टेडियम जय श्री राम के नारो से गुंज गया। योगी जी ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन सभी विधायकों से भी मुलाकात की जो उनके मंत्रिमंडल का हिस्सा बनने जा रहे थे। उसके बाद योगी ने पूरे मंच की व्यवस्था का जायजा भी लिया। मंच पर सबसे आगे तीन कुर्सियां रखी गई थी जिस पर पीएम नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बैठने की व्यवस्था की गई थी। थोड़ी देर बार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंच पर आई और उन्होंने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और स्मृति ईरानी ने आनंदी बने के पैर छूकर आर्शीवाद लिया। मंच के दाहिनी तरफ सबसे पीछे की पंक्ति में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी भी बैठे हुए थे। इसके थोड़ी देर बाद मंच पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री व यूपी चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान पहुंचे और उनके आते ही सभी अतिथियों व विधायकों ने खड़े होकर सभी का स्वागत किया। करीब 4.20 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे और पीएम के मंच पर आते ही वहां लगी विशालकाय एलईडी स्क्रीन पर बाबा काशीविश्वनाथ कारीडोर का दृश्य आने लगा और उसके साथ-साथ घंटे, घड़ियाल, शंखों के बजने तेज ध्वनि पूरे माहौल में गूंजने लगी। मोदी ने सफेद रंग के कुर्ते पायजामे पर अंगोछा पहन रखा था। मंच पर आगे आकर उन्होंने जनता का अभिवादन स्वीकार किया।

# पिछड़ों को सहेजने के लिए हुई केशव प्रसाद मौर्य की वापसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आखिरकार** सभी कयासों और आशंकाओं को दरकिनार करते हुए केशव प्रसाद मौर्य एक बार फिर योगी आदियत्नाथ मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री के पद पर काबिज होने में सफल रहे। विधानसभा का चुनाव हारने के बाद से लगातार उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर चर्चाओं का दौर जारी था। भारतीय जनता पार्टी में पिछड़ों के बड़े नेता के रूप में शुमार किए जाने वाले केशव प्रसाद मौर्य को मिशन-2024 को ध्यान में रखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर उपमुख्यमंत्री पद का दायित्व सौंप दिया है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जिस ढंग से स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जिस ढंग से पाला बदलकर पिछड़ों को भाजपा से दूर करने का प्रयास किया था उसे केशव प्रसाद मौर्य ने बखूबी संभाला और पिछड़े वर्ग को भाजपा से छिटकने नहीं दिया। जिसका ईनाम उन्हें



दोबारा उपमुख्यमंत्री बनाकर दिया है। केशव प्रसाद मौर्य के राजनीतिक इतिहास पर गौर करें तो वह ऐसे नेता हैं जो साल 2012 में सपा की जबरदस्त आंधी के बावजूद वह अपने मंडल की सभी विधानसभा सीटों पर इकलौते कमल खिलाने वाले विधायक बने थे। इसके बाद वर्ष 2014 में भाजपा ने उन्हें प्रयागराज की फूलपुर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया और उन्होंने पार्टी के विश्वास को कायम रखते हुए जीत दर्ज कराई। वर्ष 2017 में उनके प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान ही भाजपा ने 300 से ज्यादा सीटें जीती। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो उन्हें लोकसभा सीट से इस्तीफा दिलाकर प्रदेश का उपमुख्यमंत्री बनाया गया। इसके पीछे कारण यह रहा कि केशव प्रसाद मौर्य ने अपनी हिन्दुत्ववादी छवि के साथ ही पिछड़ों का एकमुश्त वोट भाजपा के पाले में दिलवाया। 2017 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष रहते पार्टी को प्रचंड जीत दिलाने वाले केशव प्रसाद मौर्य जहां सीएम पद की रेस में शामिल थे वहीं पांच साल बाद 2022 में सिराथू से विधानसभा चुनाव हारने के बाद उनके लिए डिप्टी सीएम पद को लेकर भी असमंजस की स्थित उत्पन्न हो गई थी। हालांकि उनके समर्थक और करीबी यह मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि भाजपा केशव प्रसाद के मेहनत को नजर अंदाज करेगी।

## संकल्प पत्र में किए गए वादे को समय से पूरा किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को दोबारा उपमुख्यमंत्री बनाए बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री, रक्षा मंत्री सहित केंद्रीय सरकार व केंद्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है।

उन्होंने प्रदेश की जनता व कार्यकर्ताओं प्रति आभार प्रकट किया है। कालिदास मार्ग स्थित अपने शिविर कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोक कल्याण संकल्प पत्र में किए गए एक-एक वादे को समय से पूरा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की मूल भावना के साथ बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के हर व्यक्ति की हर संभव मदद की जाएगी। कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा जायेगा। प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करना ही हमारा मुख्य एजेंडा है। कहा कि जनता द्वारा दिए गए जनादेश का सम्मान किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की पूरी रक्षा की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य द्वारा उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के बाद श्री केशव प्रसाद मौर्य के कैंप कार्यालय 7. कालिदास मार्ग पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# मंत्री बनने के साथ ही असीम अरुण की सफल सियासी पारी का आगाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** पुलिस सेवा के यूपी कैडर के तेज-तर्रार अधिकारी रहे असीम अरुण ने जब विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही खाकी उतारकर खादी पहनने का ऐलान किया था तो उस वक्त पुलिस महकमे से लेकर राजनीतिक हल्कों में हर जगह लोगों ने उनके इस कदम को अचरज भरी निगाह से देखा। हालांकि विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाओं के बावजूद वह अपने फैसले पर अडिग रहे और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने पहली ही कोशिश में कन्नौज सदर सीट से भाजपा के टिकट पर विधायक बनकर और अब योगी आदित्यनाथ सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का ओहदा पाकर अपनी सफल सियासी पारी का आगाज किया है। असीम अरुण के मंत्री बनने की चर्चा तो



चुनाव के वक्त ही शुरू हो गयी थी। यह माना जा रहा था कि अगर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार की दोबारा वापसी हुई तो असीम अरुण को सरकार में अहम जिम्मेदारी मिलेगी। जानकारों का कहना है कि भाजपा ने उन्हें कन्नौज की जिस सदर सीट से चुनाव में उतारा था उस पर जीत हासिल करना आसान काम नहीं था। इस सीट पर लगातार सपा का कब्जा चला आ रहा था। उनके जीतने के बाद मंत्री बनने की चर्चा ने भी जीत का रास्ता आसान किया। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें भावी मंत्री के रूप में देखकर अपना वोट दिया। जिसका परिणाम यह निकला कि उन्होंने सपा के लगातार तीन बार के विधायक अनिल दोहरे को चुनाव में पटखनी दी। मूल रूप से कन्नौज के ही रहने वाली असीम अरुण वर्ष 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे। उनके पिता श्रीराम अरुण भी आईपीएस अधिकारी थे और दो बार प्रदेश के पुलिस महानिदेशक रहे। असीम अरुण वर्तमान में कानपुर के पुलिस कमिश्नर जैसे अहम पद पर तैनात थे। इससे पहले उन्होंने विभिन्न जिलों में पुलिस कप्तान और डीआईजी व आईजी रहते हुए कई सराहनीय कार्य किए। आईजी एटीएस के पद पर तैनाती के दौरान उन्होंने आईएसआईएस के एक कुख्यात आतंकवादी को भी मार गिराया।



योगी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में साधू-संतों ने भी लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा

# पाक हैंडलर के करीबी प्रकाश व माओवादी खीम सिंह की जमानत अर्जी खारिज

- एटीएस ने दोनों को साल 2019 में साहिबाबाद व बरेली से किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी हैंडलरों के करीबी प्रकाश उर्फ जय प्रकाश और पचास हजार रुपए के ईनामी माओवादी खीम सिंह बोरा की जमानत अर्जी उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है।

एटीएस के अनुसार वर्ष 2019 में गाज़ियाबाद के साहिबाबाद से 2 अभियुक्तों प्रकाश उर्फ जय प्रकाश रूहेला व धीरुद्दीन को गिरफ्तार किया था। इन पर आरोप था कि ये 10 पाकिस्तानी हैण्डलरों से लगातार संपर्क में है तथा लॉटरी फ्रॉड करके अर्जित धन को उनके निर्देश पर भेजते हैं । इसके अतिरिक्त बिहार छत्तीसगढ़ तथा कलकत्ता में पाकिस्तानी हैण्डलरों के इशारे पर काम करने वाले लोगों के नाम प्रकाश में आए थे । प्रकाश उर्फ जय प्रकाश के द्वारा भारी मात्रा में बैंक खातों, चेक बुक, एटीएम कार्ड का प्रयोग कर लाखों रुपए लॉटरी फ्राड से अर्जित कर पाकिस्तानी हैण्डलरों को भेजे गए।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त जय प्रकाश वर्ष 2013 में भी लाटरी फ्रॉड में ही रुड़की कोतवाली, उत्तराखंड से जेल जा चुका है । प्रकाश को गिरफ्तार कर इस सम्बन्ध में थाना एटीएस लखनऊ पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी प्रकार 17 जुलाई 2019 को 50 हजार रुपए के ईनामी अभियुक्त खीम सिंह बोरा निवासी अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड को एटीएस ने बरेली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। खीम सिंह बोरा पर आरोप था कि इसने जुलाई 2004 एमसीसीआई-पीएलजीए ट्रेनिंग कैम्प, हस्तपुर खत्ता नैनीताल के जंगलों में आयोजित किया। जिसमें मध्यप्रदेश से देशी हथियार बनाने के लिए 2 विशेषज्ञ बुलवाए जिन्होंने 6 शस्त्र ट्रेनिंग कैम्प में ही बनाकर दिए व पश्चिमी चम्पारण बिहार से ट्रेनिंग देने के लिए 2 व्यक्ति विशेष तौर पर आए थे। यह कैम्प 15 दिवस तक आयाजित किया गया । वर्ष 2012 व 2016 में उत्तराखण्ड विधानसभा व वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करते हुए अल्मोड़ा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वॉल राइटिंग व पोस्टर चिपकाने का कार्य बड़े पैमाने पर किया गया तथा फरवरी 2016 में जनपद नैनीताल में उपजिलाधिकारी के सरकारी वाहन को जलाने का प्रयास किया और थाना क्षेत्र सोमेश्वर की स्थानीय विधायक के घर के बाहर दहशत फैलाने के उद्देश्य से पटाखों से धमाके किए।

एटीएस के अनुसार दोनों अभियुक्तों द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष 14 मार्च 2022 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गए थे। जिन पर शुक्रवार को उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए एटीएस के अभियोजन एवं पैरवी शाखा की उत्कृष्ट पैरवी व विवेचना शाखा के पुष्ट साक्ष्य-संकलन के चलते दोनों अभियुक्तों के जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिए।

# एक लाख का इनामी कुख्यात अपराधी मुठभेड़ में ढेर

- मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में असलहा व कारतूस किए बरामद, हसनगंज इलाके में हुई थी मुठभेड़

## अलीगंज में दिनदहाड़े हुई त्रिरुपति ज्वैलर्स के यहां लूटपाट के बाद नौकर को मारी थी गोली, आशियाना से भी पच्चीस हजार का घोषित हुआ था इनाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार चल रही मुठभेड़ के चलते शुक्रवार की प्रात: उत्तरी जोन में क्राइम ब्रांच व अलीगंज पुलिस से कुख्यात लुटेरा एक लाख का इनामियां राहुल सिंह के साथ हुई मुठभेड़ में पुलिस टीम ने उसे धरासाई कर दिया जिसे अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं साथी मौके से असलहा छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस उपायुक्त अपराध प्राची सिंह ने बताया कि मारा गया शातिर अपराधी है जिसने हाल ही में अलीगंज इलाके में स्थित तिरुपति ज्वैलर्स के यहां लूटपाट के दौरान नौकर श्रवण कुमार को गोली मार दी थी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। मारा गया अपराधी इस लूट कांड का मास्टर माइंड था जिस पर आशियाना से पच्चीस हजार और पुलिस आयुक्त लखनऊ डीके ठाकुर की तरफ से



एक लाख का इनाम घोषत किया गया था। मारा गया शातिर किस्म का अपराधी है जिस पर करीब सात संगीन अपराधिक मामले दर्ज हैं और अन्य जिलों से उसके अपराधिक मुकदमों की जांच की जा रही है। मारे गए बदमाश के पास से एक कंट्रीमेड पिस्टल एक देशी तमंचा एक देशी रायफल के अलावा लूट के गहने बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त अपराध प्राची सिंह के मुताबिक पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि कुछ संदिग्ध लोग हैं जो हसनगंज व अलीगंज की सीमा पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में सक्रीय हैं और कुछ खास स्थानों की रैकी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना अपराध शाखा और इंस्पेक्टर अलीगंज धर्मेन्द्र सिंह यादव की टीम को लगाया गया। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के आदेश पर पुलिस आयुक्त अपराध नीलाब्जा चौधरी पुलिस उपायुक्त उत्तरी एस चिनप्पा पुलिस उपायुक्त अपराध प्राची सिंह सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज सैयद अब्बास के निर्देशन में इंस्पेक्टर अलीगंज धर्मेन्द्र सिंह यादव दारोगा बिजय शंकर सिंह व अपराध की संयुक्त टीम गुरुवार रात करीब तीन बजे मिल्लत नगर ढाल स्थित गोमती नदी किनारे चेकिंग कर रहे थे कि इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस का कहना है कि तेज़ रफ़्तार से आ रहे दोनों लोगों को रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग झोंकनी शुरू कर दी।

इस दौरान इंस्पेक्टर अलीगंज और अपराध शाखा की टीम भी जवाबी फायरिंग शुरू की तभी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा जब पुलिस नजदीक पहुंची और उसे ततकाल अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मारे गए बदमाश की पहचान जनपद शाहजहांपुर के जलालाबाद थाना क्षेत्र स्थित मुजरा पुर गांव व हाल पता आशियाना लखनऊ निवासी राहुल सिंह के रूप में हुई। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ में मारा गया राहुल एक कुख्यात अपराधी था और बीते आठ दिसंबर 2021 अलीगंज स्थित तिरुपति जेम्स एंड ज्वैलर्स की दुकान में लूटपाट के दौरान विरोध करने पर कर्मचारी श्रवण कुमार की हत्या इसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी पुलिस उपायुक्त अपराध प्राची सिंह के मुताबिक मुताबिक मुठभेड़ में मारे गए अपराधी राहुल सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस की इस टीम के साथ हुई मुठभेड़ मुठभेड़ मारे गये अपराधी राहुल सिंह को मार गिराने में इंस्पेक्टर अलीगंज धर्मेन्द्र सिंह यादव दारोगा विजय शंकर सिंह दारोगा अखिलेश कुमार हेड कांस्टेबल सरताज अहमद क्राइम ब्रांच सिपाही अतुल पांडेय क्राइम ब्रांच कांस्टेबल आईपी सिंह क्राइम ब्रांच के लोगों की अहम भूमिका थी।

# जल्द जारी होगा एसआई के 9534 पदों पर हुई लिखित परीक्षा का रिजल्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** महकमे में सब इंस्पेक्टर के 9534 पदों पर बीते साल नवंबर-दिसंबर में हुई लिखित परीक्षा का रिजल्ट अब जल्द ही जारी होने की उम्मीद है। विधानसभा चुनावों के चलते रिजल्ट जारी होने में विलम्ब हुआ है। पहले यह उम्मीद जताई जा रही थी कि बीते दस मार्च को यूपी विधानसभा का चुनाव परिणाम आने के बाद रिजल्ट जारी हो जाएगा लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो पाया। शुक्रवार को राज्य में योगी सरकार के दोबारा सत्तारूढ़ होने के बाद अब परिक्षार्थियों को उम्मीद है कि रिजल्ट जारी होने के कार्य में अब तेजी आएगी।

यूपी पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने के बाद उम्मीदवार अपना रिजल्ट उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइड पर चेक कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि सब इंस्पेक्टर के 9534 पदों पर भर्ती की परीक्षा का आयोजिन तीन चरणों में 12 नवंबर 2021 से 2 दिसंबर 2021 तक तक किया गया था। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों के लाखों अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। एसआई भर्ती परीक्षा की आंसर-की पहले ही जारी की चुकी है और आपत्तियां भी लीं जा चुकी हैं। यूपी पुलिस एसआई की लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) व शारीरिक मापतौल परीक्षा (पीएमटी) में भाग लेने का मौका मिलेगा। पीईटी और पीएमटी के चरण केवल क्वालिफाइंग होंगे। लिखित परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद जल्द ही पीएमटी-पीईटी शुरू होंगे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय की नर्सरी से निकले पांच चेहरों को मिली योगी 2.0 में जगह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजनीति** की नर्सरी कहे जाने वाले छात्रसंघ से निकले कई चेहरों को इस बार योगी मंत्रिमंडल 2.0 में जगह मिली है। इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय के दो छात्रसंघ अध्यक्ष के साथ ही तीन अन्य शामिल हैं। जिन्होनें लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ की नर्सरी निकले योगी की 1.0 सरकार में कैबिनेट मंत्री व 2.0 सरकार में डिप्टी सीएम की शपथ लेने वाले ब्रजेश पाठक 1986-87 में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ में लॉ रिप्रेजेंटेटिव निर्वाचित हुए थे। इसके बाद पाठक 1990-91 में विवि छात्रसंघ के अध्यक्ष बने। वहीं 2001-02 में विवि छात्रसंघ अध्यक्ष के पद निर्वाचित दयाशंकर सिंह को भी इस बार राज्यमंत्री के रूप में योगी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। हालांकि छात्रसंघ चुनाव बाद अध्यक्ष निर्वाचित तो घोषित किये गये थे मगर बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर विवि को उनके स्थान पर स्व. ब्रहमबख्श सिंह उर्फ गोपाल सिंह को अध्यक्ष घोषित किया गया था। इसी तरह सुरेश खन्ना भी लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्हें भी दूसरी बार कैबिनेट मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। योगी की कैबिनेट में शामिल राजा तिलोई मयंकेश्वर शरण सिंह भी लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। वहीं इस बार योगी मंत्रिमंडल में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और पार्टी के युवा नेता दानिश आजाद प्रदेश में मुस्लिम राजनीति का नया चेहरा बनकर उभरे हैं। उन्हें पूर्व मंत्री मोहसीन रजा के स्थान पर योगी की नई टीम में जगह दी गई है। दानिश आजाद वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी.अल्पसंख्यक मोर्चा उप्र के प्रदेश महामंत्री हैं। इससे पहले 2017 में पार्टी की तरफ से उर्दू भाषा समिति उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

योगी सरकार का शपथ ग्रहण

# सीतापुर से राकेश राठौर गुरु व सुरेश राही बने राज्यमंत्री

● हरगांव विधायक व नगर विधायक बने मंत्री, कार्यकर्ताओं में खुशी

संवाददाता। सीतापुर





**दोबारा मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सबकी निगाहे सीतापुर के विधायकों को मंत्रिमंडल में लिए जाने को लेकर लगी थी, जैसे ही मंत्रियों की सूची सामने आयी तो उसमें हरगांव से विधायक सुरेश राही व नगर से विधायक राकेश राठौर गुरू का नाम आ गया तो सीतापुर के लोग भी खुशी से उत्साहित हो गए। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लखनऊ के अटल इकाना स्टेडियम में ले रहे है, जिसमें सीतापुर की सदर विधानसभा से राकेश राठौर गुरू व हरगांव से दोबारा विधायक बने सुरेश राही ने भी शपथ ली। सुरेश राही पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. रामलाल राही के छोटे बेटे है, यह हरगांव विधानसभा से दूसरी बार विधायक बने है। इनके मंत्रिमंडल में लिए जाने को लेकर सीतापुर के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# 20 शिक्षक-शिक्षिकाओं पर बीएसए ने की कार्रवाई

● बिना कारण बताए लंबे समय से विद्यालय से थे गायब

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर शिक्षा** विभाग में 20 अध्यापको पर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई बेसिक जिला शिक्षाधिकारी अजीत कुमार ने की है, जिसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक जो कार्यरत थे और विद्यालय में लम्बे समय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने को लेकर बीएसए ने कारण बताओं व सेवा समाप्ति की नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण की कार्रवाई की है। जिनमें से जनपद के 19 विकास खडो के 20 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल है। आपको बता दें कि जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं पर कार्रवाई की गई है उनमें से परसेडी के प्राथमिक विद्यालय की संगीता सिंह, मूसेपुर प्राथमिक विद्यालय की अंजू आर्य, प्राथमिक विद्यालय गंगापुर द्वितीय की सीमा देवी, सिधौली प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर की ऋचा त्रिपाठी, रेउसा प्राथमिक विद्यालय मूरतपुर के स.अ. विमल कुमार सिंह, बेहटा के प्राथमिक विद्यालय दतूनी से ज्ञानेश कुमार, बेहटा के सिकरी प्राथमिक विद्यालय से अंकित शुक्ला, बेहटा के प्राथमिक विद्यालय रैंघटा से सुबोध कुमार, लहरपुर के प्राथमिक विद्यालय रंगवा से हिना प्रवीन, लहरपुर के प्राथमिक विद्यालय पतवारा से विकास कुमार मिश्र, लहरपुर के प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर से उदय शंकर यादव, सकरन के प्राथमिक विद्यालय बोहरा प्रथम से अरविन्द कुमार, बिसवां प्राथमिक विद्यालय कमियां पुर से शशि भार्गव, पहला प्राथमिक विद्यालय अकबापुर से पूजा यादव, पहला प्राथमिक विद्यालय भज्जूपुर चौड़िया से नीतू सिंह, गोंदलामऊ प्राथमिक विद्यालय बालपुर से लीना शुक्ला, गोंदलामऊ उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर चेरे ताली से शिल्पी जैन, हरगांव प्राथमिक विद्यालय कटेसर से अंकित शर्मा, हरगांव प्राथमिक विद्यालय झरिया से रामकुमार त्रिपाठी, हरगांव प्राथमिक विद्यालय चांदपुर से सम्बुल शकील पर कार्रवाई की गई है।

# संजीवनी संस्थान का रक्तदान शिविर आज

संवाददाता। सीतापुर

**विगत दस** वर्षों से 23 मार्च शहीद दिवस को सीतापुर वासी अनूठे ढंग से मनाते आ रहे हैं। जहां एक ओर पारम्परिक रूप से 23 मार्च 1931 को भारत की आजादी के लिए फांसी पे चढ जाने वाले शहीद भगत सिंहए राजगुरू व सुखदेव की मुर्तियों पर पुष्पांजलि व सभाएं की जाती हैं। वहीं शहीदों की चिताओं पर लगगे हर वर्ष मेलेए शेर को जीवंत करते हुए संजीवन संस्था के नेतृत्व में पतंजलि योग पीठ, आजाद हिन्द भगत संगठन, वैश्य समाज उत्तर प्रदेश, ओशा, जेसीआई, अग्रवाल सभा, ब्लड कनेक्ट, डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन, अखिल भारतीय युवा मारवाड़ी मंच, एक नयी उड़ान फाउंडेशन, राम कृपा सेवा संस्थान, सिक्ख सेवा जत्था, रोटरी क्लब, स्वर्णकार महासभा, इनर व्हील, आपकी आस फौन्डेशन, अदि मिलकर अपने देश व समाज के हित में रक्तदान करते हैं। हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस रक्तदान मेले में उत्तर प्रदेश में रक्तदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित होता है। 2021 में भी कोरोना काल होते हुये भी 600 नागरिकों ने रक्तदान किया था। विशेष बात यह थी कि नारी शक्ति ने बढ.चढ कर अपनी भागीदारी कर 187 महिलाओं ने रक्तदान कर कीर्तिमान स्थापित किया था। मेले के स्वरूप को लिए हुए इस रक्तदान महोत्सव में रक्तदाताओं को उपहार स्वरूप टी.शर्टए काफी मग, एप्रेनए, रंग बिरंगी चुड़ियांए, मेंहदी, विभिन्न व्यवसायिक संस्थाओं के डिस्काउट कूपन आदि दिए जाते हैं। वहीं रक्तदान मेले में आने वाले अन्य नागरिकों को मुफ्त चाय,पकौडी, काफी,सिकंजी, आईसक्रीम आदि का लुत्फ उठाने का मौका मिलता है।डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन इंडिया , एक गैर लाभकारी संस्था है जो ब्लड स्टेम सेल डोनेशन रजिस्ट्रेशन करने के महत्व को समझने के लिए लोगों को जागरूक बनाने और हर ब्लड कैंसर पेशेंट के लिए एक असंबंधित स्टेम सेल डोनर देने के लिए काम कर रही है। 18 से 50 साल की आयु के बीच का सामान्य स्वास्थ्य वाला कोई भी व्यक्ति ब्लड स्टेम सेल रजिस्ट्री में एक संभावित डोनर के रूप में रजिस्ट्रेशन कर सकता है। अपने आप में अनूठे इस रक्तदान महोत्सव का इस वर्ष आयोजन रोडवेज बसस्टैंड के निकट सेक्रेट हार्ट हायर सेकेंड्री स्कूल में दो दिन 26 मार्च दिन शनिवार 27 मार्च रविवार सुबह 10 बजे से सायं 04 बजे तक होगा। रक्तदान के बारे में अन्य जानकारी के लिए मोनंण् 9696969679 एवं 8081950150 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण

● जिलाधिकारी के साथ पहुंचे कारागार, कैदियों से की बातचीत

संवाददाता। सीतापुर



**जनपद न्यायाधीश** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 'कुलदीप कुमार-द्वितीय'' की अध्यक्षता में मॉनीटरिंग सेल की बैठक के साथ-साथ अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक तथा उ.प्र. पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना-2014 के तहत गठित समिति की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक से पूर्व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्रांक संख्या-1310 के अनुपालन में जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के समय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम 'दीपक कुमार जायसवाल', सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, '' सुदेश कुमारी'' उपस्थित रहे। जिला कारागार सीतापुर में जेल अधीक्षक 'सुरेश कुमार सिंह' तथा जेलर, ''आर.एस. यादव'' सहित अन्य जेल अधिकारी भी उपस्थित रहें। जनपद न्यायाधीश द्वितीय द्वारा जिला कारागार सीतापुर में महिला बैरक, किशोर बैरक तथा पाकशाला सहित समस्त बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की गयी। वार्तालाप के दौरान बन्दियों की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हे सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। किसी भी बन्दी द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवा दिये जाने की प्रार्थना नही की गयी। जेल अपील के सम्बन्ध में भी पूछं ताछ की गयी बताया गया कि सभी दोषसिद्ध बन्दियों द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील दाखिल कर दी गयी है। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरूस्त पाई गयी। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे विचाराधीन बन्दी जो धारा-436ए सी.आर.पी.सी. का लाभ पाने के योग्य है, उनकी सूची प्रत्येक सप्ताह जिला विधिक सेवा प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगें। जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद दोनो पी.एल.वी. से उनके कार्यो के बारे में व नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा गया तथा सभी रजिस्टर जॉचे गये।''

# बढ़ते वायु प्रदूषण से बढ़ रही चिंताए

● वायु प्रदूषण पर हुई कार्यशाला, वक्ताओं ने रखे विचार



संवाददाता। सीतापुर

**बढ़ते वायु** प्रदूषण को लेकर लगातार चिन्ताएं बढ़ती जा रही है, इस समस्या को कैसे कम या फिर रोका जा सकता है इसी को लेकर प्रवाह संस्था के बैनर तले यह एक सोच फाउंडेशन द्वारा एक कार्यशाला संचालित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य मकसद इस कार्यक्रम में आये लोगो से वायु प्रदूषण के बाबत सीधे संवाद कर इस प्रदूषण के कारको पर बल दिया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यशाला प्रभारी समीर अख्तर ने वायु प्रदूषण के 3 अहम कारक जैसे कंस्ट्रक्शन साइट पर होने वाले प्रदूषण,जलाये गए कूड़े से होने वाले प्रदूषण व निश्चित समय के बाद होने वाली सड़को की सफाई से होने वाले वायु प्रदूषण से होने वाले नुकसानों के बाबत बताया.साथ ही कार्यशाला में आये हुए लोगो ने भी इस समस्या के बाबत अपने सुझाव व उपाय बताए.कार्यशाला में आये हुए लोगो ने एकमत होकर इस समस्या के प्रीति लोगो को जागरूक करने की बात कही है.इस कार्यशाला में दीपक विश्वास,जुनैद शेख,रुचि गुप्ता,दीपाली जायसवाल, राजवीर मिश्रा, रोहित शुक्ला अनुज गुप्ता व रिज़वान मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### डिवाइडर से टकराई बाइक, एक की मौत, एक घायल

**बरेली।** तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल अचानक बेकाबू होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई जिससे उस पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा जहां उसके घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा व थाना बहेड़ी निवासी 30 वर्षीय साजिद पुत्र वाहिद खा की कल शाम बहेड़ी थाना इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि जोखनपुर बहेड़ी का रहने वाला उसका दोस्त खतीब गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि साजिद दिल्ली में रहकर काम करता था और लगभग 1 सप्ताह पूर्व वह अपने घर लौटा था जहां कल खतीब उससे मिलने के लिए आया था जहां से दोनों अपने किसी काम से मोटरसाइकिल से बरेली गए थे जहां से शाम को वापस लौटते समय उनकी बाइक बहेड़ी में ही डिवाइडर से टकरा गई और बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई जिससे साजिद और खतीब गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन जब तक साजिद की मौत हो चुकी थी पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेज दिया और उसके घरवालों को सूचना दी जो आज सुबह जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 8 भाई बहनों में तीसरे नंबर का था उसकी मां का नाम भूरी बेगम है।

### परीक्षा सेंटर से लौट रहे छात्र की दुर्घटना में मौत


**बरेली।** बोर्ड परीक्षा का सेंटर देखकर कल शाम को अपने बहनोई के साथ घर लौट रहे एक युवक की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और बहनोंई ही गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा अस्पताल में भर्ती घायल की हालत भी नाजुक बनी हुई हैुता थाना क्षेत्र के गांव ककरा कलां निवासी 18 वर्षीय ललित पुत्र श्री राम की कल शाम कुइया गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि ललित जीटीआर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था और आज उसकी बोर्ड परीक्षाएं शुरू होनी थी जिसके चलते वह कल शाम को अपने बहनोई मुन्नालाल के साथ हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव सेथल में स्थित अपना परीक्षा सेंटर देखने के लिए गया था जहां से वह वापस लौट रहा था और बाइक को ललित चला रहा था उसका बहनोई पीछे बैठा था इसी दौरान उनकी बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जब तक पुलिस मौके पर पहुंची ललित की मौत हो चुकी थी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मुन्ना लाल को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक चार भाइयों ने तीसरे नंबर का था उसकी मां का नाम श्रीदेवी है।

### एसडीएम के निरीक्षण में गायब मिले कर्मचारी



**मोहम्मदी-खीरी।** उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवा का औचक निरीक्षण किया। जिसमें अभय प्रताप वार्ड ब्वॉय, डा. सना अहमद, विशाल खरे ऑपरेटर, डा. रोमाना रिजवी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय स्टॉक रजिस्टर, दवाओं की उपलब्धता, कोविड वैक्सीनेशन, पोलियो अभियान एटीकाकरण, मरीजों को दी जा रही सुविधा की भी जानकारी ली गई। इस मौकेपर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक अश्विनी वर्मा मौजूद रहे। उप जिला अधिकारी ने बताया कि अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ जिलाधिकारी रिपोर्ट को भेजी जा रही है।

# गौरी बाबा स्थान से निकली कलश यात्रा



**सिंगाही खीरी।** कस्बे के वार्ड नं.चार में गौरी बाबा स्थान से शुक्रवार को सामूहिक रूप से महिलाएं एवं पुरुषों ने कस्बे में कलश यात्रा निकाली। नगरवासियों ने फूल-मालाओं से कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। जयकारों के नारों से कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान नगर चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा, पूर्व चेयरमैन प्रदीप पुरवार, पूर्व प्रधान राम सिंह, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के संचालक सुनील बत्रा, सभासद इतवारी शाक्य, उमाकांत कटियार, कमल जायसवाल, हरिद्वारी लाल गुप्ता व राजेंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित ट्रक ने तीन को रौंदा, दो की मौत

● गंभीर रूप से घायल तीसरा अस्पताल में भर्ती

● तिकुनिया कौड़ियाला मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता। तिकुनियां-खीरी



**घर के** सामने चारपाई पर सो रहे तीन लोगों पर एक ट्रक चढ़ गया। जिसमें दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए और घायल को अस्पताल भेज दिया है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

तिकुनिया कौड़ियाला मार्ग पर मंडी समिति के निकट बसे कंजर बिरादरी के लोग उस समय चीखने चिल्लाने लगे जब बेलराया की ओर से आ रहे एक ट्रक ने घर के सामने सो रहे तीन लोगों पर ट्रक चढ़ा दिया और भाग गया। मामले को लोग समझ पाते इससे पहले चीख-पुकार मच गई। मृतक शंकर के पिता बुधराम ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना कर देने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी बाल इंदु गौतम ने बताया अज्ञात वाहन की तलाश सीसीटीवी फुटेज में की जा रही है। गुरुवार की रात करीब 1:30 बजे एक अज्ञात ट्रक बेलरायां की ओर से आया और मंडी समिति गेट के आगे सड़क के किनारे तथा अपने घरों के सामने चारपाई पर सो रहे शंकर 15, रवि 8 व विनोद 22 पर ट्रक चढ़ा दिया। जिसमें शंकर और रवि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया है। शंकर व रवि के शव को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीएम के लिए भेज दिया है।

## अधिकारियों ने देखा शपथ ग्रहण का सजीव प्रसारण

**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को शासन के निर्देश पर कलेक्ट्रेट, सभी 15 ब्लॉक मुख्यालय, 11 नगरीय निकाय कार्यालयों में उप्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण समारोह का एलईडी स्क्रीन व टीवी के जरिए सजीव प्रसारण देखाए सुना गया। कलेक्ट्रेट में शपथ ग्रहण समारोह के सजीवों कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर अनुराग सिंह, डीएसओ विजय प्रताप सिंह, डीओ फूड कौशलेंद्र शर्मा, डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र कुमार, एडीआईओ विपिन कुमार, कलेक्ट्रेट कर्मी, कलेक्ट्रेट में स्थापित सभी दफ्तरों के अधिकारी का मौजूद रहे। इसके अलावा सभी विकास खंड कार्यालयों में खंड विकास अधिकारी व नगरीय निकाय कार्यालयों में अधिशासी अधिकारियों के अध्यक्षता में सजीव कार्यक्रम देखा एवं सुना गया। इन सजीव कार्यक्रमों में अधिकारी कर्मचारियों के संग आमजन भी मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## योगी ने...

की पिछली सरकार में भी राज्य मंत्री थे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर योगी आदित्यनाथ ने 37 साल बाद इतिहास रचा है। इसके पहले 1985 में नारायण दत्त तिवारी के नेतृत्व में हुए चुनाव में कांग्रेस को लगातार दो बार पूर्ण बहुमत मिली थी और उन्होंने लगातार दो बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। गौरतलब है कि केन्द्रीय पर्यवेक्षकों अमित शाह और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास की उपस्थिति में लोकभवन में योगी को सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश विधायक दल का नेता चुना गया। जिसके बाद भाजपा ने योगी के नेतृत्व में सरकार बनाने का दावा पेश किया। गोरखपुर से पांच बार सांसद रहे योगी आदित्यनाथ ने 2017 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद 2022 के विधानसभा चुनावों में फिर से पार्टी को पूर्ण बहुमत से जीत दिलाने में सफल रहे हैं।

## मोदी ने...

संभाली। लखनऊ स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मोदी ने ट्वीट कर कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडल को हार्दिक बधाई। पिछले 5 वर्षों में राज्य की विकास यात्रा ने कई अहम पड़ाव तय किए हैं।

## योगी सरकार...

की। अभाविप में रहते हुए कई जिम्मेदारियां सम्भाल चुके दानिश बलिया जिले के बांसडीह स्थित अपायल गांव के मूल निवासी हैं। दानिश 2010 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और योगी सरकार ने उन्हें 29 अक्टूबर 2018 को उर्दू भाषा आयोग का सदस्य मनोनीत किया। विधानसभा चुनाव के ऐन पहले उन्हें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया था। वर्तमान में दानिश अभी राज्य विधानमण्डल के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं।

## सीमा पर...

संकट के बाद से किसी चीनी मंत्री की नई दिल्ली की यह पहली यात्रा है। वर्तमान में एलएसी पर दोनों पक्षों के 50,000-50,000 से अधिक सैनिक टकराव बिंदुओं पर एक-दूसरे के सामने डटे हैं। वांग यी की इस यात्रा से गतिरोध समाप्त होने के संकेत मिल रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या एलएसी पर सैनिकों को हटाने और तनाव कम करने के लिए किसी समयसीमा पर सहमति बनी है, इस पर जयशंकर ने कहा कि इस संबंध में कोई समय सीमा नहीं है। फिलहाल सीमावर्ती क्षेत्रों के मामलों को सुलझाने के संबंध में इसके साथ ही अलग से एक समानांतर चर्चा हुई। चीनी मंत्री के साथ अपने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता का विवरण देते हुए जयशंकर ने मीडिया को बताया कि पूर्वी लद्दाख मुद्दे पर भारत और चीन के बीच शांति प्रक्रिया का काम प्रगति पर है, लेकिन यह अपेक्षा से धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपने चीनी समकक्ष के साथ बातचीत स्पष्ट हुई और इसका एजेंडा व्यापक एवं वास्तविक था। उन्होंने कहा कि सीमा पर दोनों पक्षों की ओर से भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती किए जाने के मद्देनजर भारत और चीन के संबंध सामान्य नहीं हैं और सामान्य संबंधों को फिर से बहाल करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल बनाए जाने की आवश्यकता है।

## पाकिस्तान समर्थित...

कश्मीर पर हमने आज फिर से अपने कई इस्लामी दोस्तों की पुकार सुनी है और चीन भी उसी आशा को साझा करता है। जयशंकर ने टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि चीन भारत के संबंध में एक स्वतंत्र नीति का पालन करेगा और अपनी नीतियों को अन्य देशों और अन्य संबंधों से प्रभावित नहीं होने देगा।

## चीन में...

में युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री वांग ने आश्वस्त किया है कि वह उनकी (छात्रों की) वापसी के विषय पर संबंधित प्राधिकार से बात करेंगे। उन्होंने मेडिकल छात्रों के समक्ष पेश आ रही परेशानियों का भी जिक्र किया।

## यूक्रेन के...

मारे गए। उन्होंने कहा कि देशभर में 230 स्कूल नष्ट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर और गांव राख के ढेर में बदल गए है। बृहस्पतिवार को ब्रुसेल्स में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक आपात शिखर सम्मेलन में, जेलेंस्की ने विमानों, टैंकों, रॉकेटों, वायु रक्षा प्रणालियों और अन्य हथियारों के लिए पश्चिमी सहयोगियों से यह कहते हुए अनुरोध किया था कि उनका देश हमारे सामान्य मूल्यों की रक्षा कर रहा है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके पश्चिमी सहयोगियों ने यूक्रेन पर रूस के हमले के जवाब में, उस पर नए प्रतिबंध लगाने और युद्धग्रस्त देश को मानवीय सहायता प्रदान करने का संकल्प जताया है। यह मदद हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के मजबूत सैन्य सहायता की मांग पूरी नहीं करती। बाइडन ने घोषणा की कि अमेरिका।,00,000 यूक्रेनी शरणार्थियों का स्वागत करेगा और भोजन, दवा, पानी तथा अन्य आपूर्ति के लिए अतिरिक्त एक अरब डॉलर देगा। पश्चिमी नेताओं ने बृहस्पतिवार को रूस के आक्रमण का मुकाबला करने के लिए आगे की कार्वाई पर चर्चा की। साथ ही, इस बात पर भी विचार किया गया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रासायनिक, जैविक या परमाणु हथियार की तैनाती करने की स्थिति में क्या कार्वाई की जाएगी।

## बीरभूम नरसंहार...

पहुंची और लोग आग में जलते रहे। सत्ताधारी तृणमूल के प्रतिद्वंद्वी गुट ने सोमवार की रात छह महिलाओं और दो बच्चों समेत दस लोगों को आग में झोंक दिया था। इससे दो घंटे पहले ही एक स्थानीय पंचायत के उप प्रधान की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामला सामने आने के बाद बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने इसका स्वत: संज्ञान लिया और एसआईटी से गुरुवार तक केस डायरी तलब की। केस डायरी पढ़ने के बाद अदालत ने मामले को सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया। एसआईटी ने इससे पहले एक स्थानीय टीएमसी के ब्लॉक अध्यक्ष और एक जिला समिति के सदस्य शेख अनारुल हुसैन सहित 21 लोगों को गिरफ्तार किया था। पीड़ित पक्ष के वकीलों ने अदालत को बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दौरे के बाद ही घटना के तीन दिन बाद हुसैन को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पीड़ितों द्वारा बार-बार गुहार लगाने के बावजूद गांव में पुलिस नहीं भेजी गई। मुख्यमंत्री ने एसआईटी गठित करने के अलावा मारे गए लोगों के परिवार को पांच लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये मुआवजा देने की घोषणा की थी। इसके अलावा, उसने पीड़ितों के परिजनों को सरकारी नौकरी की भी पेशकश की और उनके घरों के पुनर्निर्माण के लिए अतिरिक्त 2 लाख रुपये देने का वादा किया। विपक्षी दलों ने अदालत के आदेश का स्वागत किया और यह भी मांग की है कि इस मामले में बड़ी मछलियों को पकड़ने के लिए व्यापक जांच की जरूरत है।

## छात्र नेता...

ताकतवर मंत्री फिरहाद हकीम को गांव में घुसने से रोक दिया। इसी गांव में बीते 13 फरवरी को कथित तौर पर आधी रात को पुलिसकर्मियों की पिटाई से खान की मौत हुई थी। ग्रामीणों और पीड़ित परिवार ने स्थानीय टीएमसी विधायक पर उंगली उठाई थी।

## सुपरटेक दिवालिया...

का कर्ज बकाया है। इसमें से करीब 510 करोड़ रुपए का कर्ज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने दिया था। यह आदेश अभी मौखिक रूप से पारित किया गया है और इस संबंध में विस्तृत आदेश आने का इंतजार है। वहीं सुपरटेक ग्रुप ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए एक बयान में कहा कि वह इस आदेश को राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष चुनौती देगा। इसके साथ ही उसने इस आदेश का समूह की अन्य कंपनियों के कामकाज पर कोई असर न पड़ने का भी दावा किया। सुपरटेक ग्रुप के प्रबंध निदेशक मोहित अरोड़ा ने कहा कि सुपरटेक लिमिटेड की करीब 11-12 आवासीय परियोजनाओं के खिलाफ कर्ज समाधान प्रक्रिया शुरू की गई है लेकिन इनमें से करीब 90 फीसदी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

## एमसीडी बिल...

चुनाव होने की संभावना नहीं है। इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि दिल्ली के तीनों नगर निगमों के विलय के लिए लोकसभा में विधेयक पेश किया जाना नगर निकाय चुनाव में देरी करने के लिए भाजपा द्वारा अपनाया गया एक हथकंडा है क्योंकि उसे डर है कि वह चुनाव हार जाएगी। हालांकि भाजपा ने विधेयक को निचले सदन में पेश किए जाने का स्वागत किया और कहा कि इससे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मजबूत होगा और कर्मचारियों को समय पर उनका वेतन मिल सकेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 26 मार्च, 2022



# कोविड के 1,685 नए मामले, 83 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 1,685 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,16,372 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 21,530 रह गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 83 और लोगों की मौत के बाद, संक्रमण की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,16,755 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 21,530 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.05 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 897 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.24 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.33 प्रतिशत दर्ज की गई। देश में अभी तक 78.56 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 6,91,425 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई। देश में अभी तक कुल 4,24,78,087 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 182.55 करोड़ से अधिक खुराक दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे।

## देश में 12-14 आयुवर्ग के एक करोड़ से अधिक बच्चों को कोविड टीके की पहली खुराक दी गई: मंडाविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को कहा कि अब तक 12-14 आयुवर्ग के एक करोड़ से अधिक बच्चों को कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। इस आयु वर्ग के लाभार्थियों का टीकाकरण 16 मार्च को शुरू हुआ था। इन्हें कॉर्बेवैक्स टीका लगाया जा रहा है, जिसकी दो खुराक 28 दिनों के अंतराल पर दी जानी होती हैं। देश में पिछले साल एक मार्च तक 12 और 13 साल के बच्चों की संख्या 4.7 करोड़ थी। मंडाविया ने ट्वीट किया, 12-14 आयु वर्ग के एक करोड़ से अधिक बच्चे कोविड वैक्सीन की पहली खुराक ले चुके हैं। टीका लगवाने वाले मेरे सभी युवा योद्धाओं को बधाई। इस गति को जारी रखें। देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की कुल 182.55 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।



## राहुल ने हरियाणा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी की हरियाणा इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की जिसमें संगठन को मजबूत करने के बारे में चर्चा हुई। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष कुमारी सैलजा, पार्टी के प्रदेश प्रभारी विवेक बंसल, मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, किरण चौधरी, अजय यादव और कई अन्य नेता मौजूद थे। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस बैठक में पार्टी को मजबूत करने और मिलकर आगे बढ़ने पर जोर दिया गया। यह बैठक इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि समय-समय पर कांग्रेस की हरियाणा इकाई में गुटबाजी की खबरें आती रही हैं। माना जा रहा है कि प्रदेश के नेताओं के बीच कथित गुटबाजी को खत्म करने पर भी जोर दिया जा सकता है।



जामनगर में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गार्ड ऑफ ऑनर सेना हुए जवान।

## पीएम-केयर्स फंड की जानकारी सार्वजनिक करने की अपील करने वाली याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं आपात स्थिति राहत कोष (पीएम-केयर्स कोष) के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से इसका ऑडिट कराने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाएं और मामले में पुनर्विचार याचिका दायर करें। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने कहा कि उच्च न्यायालय ने रिट याचिका में उठाए गए सभी मुद्दों पर विचार नहीं किया।

पीठ ने कहा, आपकी यह बात सही हो सकती है कि सभी मुद्दों पर विचार नहीं किया गया। हमें नहीं पता कि आपने क्या तर्क दिया था। आप जाएं और पुनर्विचार याचिका दायर करें। अदालत की इस टिप्पणी के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। अधिवक्ता दिव्या पाल सिंह की इस अपील में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 31 अगस्त, 2020 के फैसले को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने 18 अगस्त, 2020 के शीर्ष अदालत के फैसले के बाद जनहित याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने पीएम-केयर्स फंड के सीएजी ऑडिट की मांग करने वाली सीपीआईएल नामक एनजीओ की याचिका को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने केंद्र को कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए पीएम-केयर्स फंड में दान की गई धनराशि को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) में स्थानांतरित करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया था। अदालत ने कहा था कि दोनों कोष अलग-अलग तरह के हैं और दोनों का उद्देश्य भी अलग है।

## पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित इलाके का जल्द दौरा करेगा अल्पसंख्यक आयोग का दल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष सैयद शहजादी ने शुक्रवार को कहा कि आयोग का एक दल जल्द ही पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में उस स्थान का दौरा करेगा जहां पिछले दिनों हुई हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने संवाददाताओं को यह भी बताया कि आयोग की ओर से राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर घटना की जानकारी मांगी जाएगी। शहजादी ने कहा, जल्द ही आयोग की एक टीम पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित इलाके का दौरा करेगी। बताया जाता है कि बीरभूम हिंसा के पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय से थे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में रामपुरहाट के बोगतुई गांव में मंगलवार को तड़के करीब एक दर्जन मकानों में कथित तौर पर आग लगा देने से दो बच्चों समेत कुल आठ लोगों की जल जाने से मौत हो गई।

## उच्चतम न्यायालय ने जबरन धर्मांतरण को लेकर दायर याचिका पर विचार करने से इनकार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा पारित एक आदेश के खिलाफ एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें हिंदू धर्म से अन्य धर्मों में जबरन धर्मांतरण का मुद्दा उठाया गया था। न्यायालय ने कहा कि यह प्रचार हित वाली याचिका है और इस तरह की दलीलें सद्भाव बिगाड़ती हैं। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा, आप वास्तव में इस तरह की याचिकाओं के साथ सद्भाव बिगाड़ रहे हैं। पीठ ने कहा कि याचिका जनहित के बजाय प्रचार हित वाली है और जुर्माना लगाने के साथ इसे खारिज कर देना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने जब यह कहा कि वह याचिका खारिज करने के साथ जुर्माना लगाना चाहती है, तो याचिकाकर्ता की तरफ से पेश अधिवक्ता सी आर जया सुकीन ने इसे वापस लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया। इसके बाद याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी गई। याचिकाकर्ता ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के पिछले साल मार्च में एक जनहित याचिका पर एक सुनाए गए आदेश को चुनौती दी थी। याचिका में केंद्र और तमिलनाडु सहित अन्य को ईसाई मिशनरी की गतिविधियों की निगरानी के लिए एक बोर्ड स्थापित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

अपने आदेश में, उच्च न्यायालय ने उल्लेख किया था कि विशेष सरकारी वकील ने तमिलनाडु के जबरन धर्मांतरण निषेध कानून, 2002 की एक प्रति प्रस्तुत की थी, जिसमें प्रलोभन के जरिए या छल पूर्वक अथवा जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने का प्रावधान है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था, हम केवल आशा और विश्वास कर सकते हैं कि आधिकारिक प्रतिवादी कानून के प्रावधान को अक्षरशः लागू करेंगे। उपरोक्त उद्देश्य के लिए, आधिकारिक प्रतिवादी पर्याप्त नियम बना सकते हैं, जैसा कि कानून 56।2002 की धारा सात में दर्शाया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि जिला मजिस्ट्रेट उक्त कानून के अनुसार कार्वाई करेंगे। रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में दायर विशेष अनुमति याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि पिछले कुछ वर्षों से कुछ असामाजिक तत्व और देशद्रोही, हिंदू धर्म के लोगों का अन्य धर्मों के लिए विशेष रूप से ईसाई धर्म के लिए जबरन धर्मांतरण करा रहे हैं।

## कोर्ट ने संजय चंद्रा की पत्नी प्रीति को नानी की अंत्येष्टि मे शामिल होने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने यूनिटेक के पूर्व प्रोमोटर संजय चंद्रा की पत्नी प्रीति चंद्रा को अपनी नानी की अंतएष्टि में शामिल होने के लिए शर्तों के साथ शुक्रवार को अनुमति दे दी। धनशोधन के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद प्रीति को एक दिन के लिए पूर्वाह्न 10 बजे और अपराह्न तीन बजे के बीच जेल से छोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने प्रीति से अपना डोमिनिकन गणराज्य का पासपोर्ट तथा उनके पास उपलब्ध कोई भी अन्य पासपोर्ट जांच अधिकारी को सौंपने को कहा है। पीठ ने आदेश दिया कि प्रीति को सेलफोन का इस्तेमाल करने या किसी दस्तावेज को देखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें अंतएष्टि स्थल तक दिल्ली पुलिस के चार कर्मी और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी लेकर जाएंगे।

ईडी ने प्रीति को यह राहत दिए जाने का विरोध किया था और कहा था कि आरोपी के पास डोमिनिकन गणराज्य की नागरिकता है जिसके साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि नहीं है। ईडी ने कहा था कि आरोपी को देश छोड़कर जाने की अनुमति देकर एजेंसी अपने हाथ नहीं जलाना चाहती। एजेंसी की ओर से पेश हुई अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान ने कहा कि प्रीति चंद्रा यूनिटेक की कई मुखौटा कंपनियों की निदेशक हैं और यूएई से संचालित धनशोधन की साजिश में उनका अहम किरदार था। प्रीति चंद्रा ने दावा किया था कि उनकी नानी का 14 मार्च को निधन हो गया और उन्हें अंतएष्टि में शामिल होना है।



नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर चाइना के विदेश मंत्री वांग वाई से हैदराबाद हाउस में मुलाकात करते हुए।

## अल्पसंख्यक आयोग की कार्यवाहक प्रमुख ने कहा: भगवद गीता कोई धार्मिक पुस्तक नहीं, एक दर्शन है

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष सैयद शहजादी ने गुजरात सरकार द्वारा स्कूली पाठ्यक्रम में भगवद गीता को शामिल किए जाने के फैसले की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को कहा कि भगवद गीता कोई धार्मिक पुस्तक नहीं, बल्कि एक दर्शन है जिसका विदेशों में भी अध्ययन हो रहा है। गुजरात सरकार ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि भगवद गीता को अकादमिक वर्ष 2022-23 से पूरे राज्य में छठी से 12वीं कक्षाओं तक के स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। राज्य के शिक्षा मंत्री जीतू वघानी ने कहा था कि भगवद गीता में मौजूद नैतिक मूल्यों एवं सिद्धांतों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय केंद्र की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तर्ज पर लिया गया है। शहजादी ने गुजरात सरकार के इस फैसले के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, मेरी यह निजी राय है कि भगवद गीता एक धार्मिक पुस्तक नहीं है। यह एक दर्शन है। इसे जो चाहें, वह पढ़ सकते हैं। इसे दर्शन के तौर पर देखा जा सकता है। विदेशों में भी इसका अध्ययन हो रहा है। इस सवाल पर कि क्या वह पवित्र कुरान और दूसरे धर्म ग्रंथों की भी पढ़ाई कराए जाने के पक्ष में हैं, उन्होंने कहा, हमने किसी को मना नहीं किया है। हम चाहते हैं कि हर धर्म के बारे में लोग पढ़ें। कर्नाटक में हिजाब विवाद पर अल्पसंख्यक आयोग की कार्यवाहक प्रमुख ने कहा, सबकी अपनी अपनी भावनाएं होती हैं। लेकिन भावनाओं से देश नहीं चलता। देश संविधान से चलता है। अदालत ने इस पर एक फैसला दिया है। इसे हम सबको मानना होगा।

## वीआईटी-एपी के सुधांशु ने 63लाख सालानापैकेज का इंटरनेशनल प्लेसमेंट हासिल किया

**नई दिल्ली।** वीआईटी-एपी 2022 सीएसईएबीटेक बैच के छात्रसुधांशु डोड्डीने यूएसए के विश्व्ख्यात नालिटिक्स कंपनीमें कैंपस सुपर ड्रीम इंटरनेशनल प्लेसमेंट को हासिल किया।प्लेसमेंट को हासिल करने के उपलक्ष्य में विश्विवद्यालय के कुलपति डा.एसवी् कोटा रेड्डी जी ने सुधांशु को सम्मानित किये। इस अवसर पर सुधांशु ने बात करते हुए वीआईटी एपी के चांसलर वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार, डिप्टी डायरेक्टर, करियर डेवलपमेंट सेंटरए और उनके प्रोफेसरों के मार्गदर्शन को याद करते हुए सभी को तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया और वे अपने संबोधन में सभी जूनियर्स कोउनके प्लेसमेंट के प्रयासों में सफ्लता की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। कुलपतिडॉ. एसवी कोटा रेड्डीने अपने भाषण में वीआईटी.एपी केछात्रों के प्रति विश्वास जताने के संदर्भ में बहुराष्ट्रीय कंपनियों तथा अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रति आभार



व्यक्त किये। आगे कहते हैं हमारे छात्रों द्वारा की गई कड़ी मेहनत अ ौर विश्वोविद्यालय द्वारा दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम ऐसे प्लेसमेंट्स के रूप में परिलक्षित होते हैं।आने वाले वर्षों मेंए हम कंपनियों के साथ अपने संबंध और भी मजबूत करेंगेऔर यह सुनिश्चिनत करें कि हमसामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार व्यक्तियों को निर्माण करेंए जो इस दुनिया को और भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। 24 मार्च2022 तक कुल 1175 छात्रों में 627 छात्र प्लेसमेंट हासिल किये जिसमें 246 सुपर ड्रीम ऑफरए 354 ड्रीम ऑफर शामिल हैं।वीआईटी.एपी में आफर किया गया उच्चंतम पैकेज पिछले साल के 20 लाख प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 63 लाख प्रति वर्ष हो गया।और बैच का औसत वेतन 6ण्77 लाख प्रति वर्ष से बढ़कर 7ण्03लाख प्रति वर्ष हो गया। डॉ वी सैमुअल राज कुमार, कैरियर डेवलपमेंट सेंटर के निदेशक ने बताया कि वीआईटी प्लेसमेंट 2021.22 में 805 से अधिक रिक्रूटर्स ने भाग लिया जिनमें कोर कंपनियां शामिल हैं।

## साबरमती आश्रम पुनर्विकास परियोजना को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पुनर्विकास परियोजना को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने शुक्रवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया, जिसके बाद न्यायालय ने इसे अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। जयसिंह ने गुजरात सरकार के इरादे पर सवाल खड़े करते हुए मामले पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया। साबरमती आश्रम के पुनर्विकास के काम गुजरात पर्यटन निगम देख रहा है। जयसिंह ने कहा, (मामले में) तत्काल सुनवाई की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि निर्माण कार्य चल रहा है। मुझे वर्चुअल कांफ्रेंस के दिन का वक्त चाहिए। पीठ ने कहा, वर्चुअल सुनवाई वाले दिन इसे सूचीबद्ध किया जाए। गांधी आश्रम स्मारक और उ पक्षेत्र विकास परियोजना की लागत 1200 करोड़ रुपए है और इसे राज्य तथा केंद्र सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है। इस आश्रम में महात्मा गांधी ने 1917 से 1930 तक निवास किया था।

## परीक्षा पे चर्चा: एक अप्रैल को छात्रों से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पांचवें संस्करण का आयोजन यहां तालकटोरा स्टेडियम में एक अप्रैल को किया जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि इस कार्यक्रम में मोदी छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति के तरीके बताएंगे। स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ पीएम के इस संवाद कार्यक्रम का पहला संस्करण यहां तालकटोरा स्टेडियम में 16 फरवरी, 2018 को आयोजित किया गया था। हर युवा जिस संवाद का इंतजार कर रहा है वह एक अप्रैल 2022 को होगा। पीएम से तनाव को कम करने और परीक्षा में सफल होने के तरीके जानिए और सलाह लीजिए। परीक्षा योद्धा, माता पिता और शिक्षक पीपीसी 2022 के लिए तैयार हो जाइए। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा गत चार वर्ष से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा के पहले तीन संस्करण दिल्ली में टाउनहॉल फॉर्मेट में आयोजित किए गए थे।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अतिरिक्त मौका देना संभव नहीं: केन्द्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में अतिरिक्त मौका देना संभव नहीं है। शीर्ष अदालत तीन अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिन्होंने यूपीएससी 2021 की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद मुख्य परीक्षा में सभी प्रश्न पत्र के दौरान उपस्थित नहीं हो सके। अब वे परीक्षा में उपस्थित होने के लिए एक अतिरिक्त मौके का अनुरोध कर कर रहे हैं।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ से कहा, हमने एक हलफनामा दायर किया है। अतिरिक्त मौका संभव नहीं हैं। हमने इस पर विचार किया है। यूपीएससी ने हाल में शीर्ष अदालत से कहा था कि यदि कोई अभ्यर्थी किसी भी कारण से निर्धारित तिथि पर परीक्षा में शामिल होने में विफल रहता है तो बीमारी या दुर्घटना के कारण परीक्षा देने में असमर्थ होना समेत किसी भी कारण से फिर से परीक्षा आयोजित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

भाटी ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि केंद्र ने इस मामले में हलफनामा दाखिल किया है। पीठ ने कहा कि वह 28 मार्च को मामले की सुनवाई करेगी और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री से कहा कि वह हलफनामे के साथ इस मामले की फाइल सर्कुलेट करे। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा है कि यूपीएससी द्वारा हर साल एक विशेष सीएसई के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा अधिसूचित सीएसई नियमों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) आयोजित की जाती है। केंद्र ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण अभ्यर्थियों को होने वाली कठिनाइयों को लेकर याचिका के खिलाफ पूर्व में शीर्ष अदालत द्वारा क्षतिपूर्ति या अतिरिक्त मौके के मामले पर फैसला सुनाया गया था, लेकिन इसकी मंजूरी नहीं दी गई थी।

हलफनामे में शीर्ष अदालत के पिछले साल फरवरी और जुलाई 2021 में अलग-अलग दलीलों पर पारित फैसले और आदेश का भी जिक्र है। केंद्र ने कहा कि पिछले साल जुलाई के आदेश के बाद डीओपीटी में क्षतिपूर्ति या अतिरिक्त प्रयास की समान मांग को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए थे। हलफनामे में कहा गया, मामले पर विचार किया गया और पाया गया कि सीएसई के संबंध में प्रयासों की संख्या और आयु-सीमा के संबंध में मौजूदा प्रावधानों को बदलना संभव नहीं।

केंद्र ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण आयु-सीमा में किसी भी तरह की छूट और मंजूर मौकों की संख्या के कारण अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों द्वारा भी इसी तरह की मांग की जा सकती है। हलफनामे में कहा गया, यह अन्य उम्मीदवारों की संभावनाओं को भी प्रभावित करेगा जो मौजूदा प्रावधानों के अनुसार पात्र हैं क्योंकि इससे ऐसे उम्मीदवारों के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले उम्मीदवारों की संख्या में वृद्धि होगी। यह पूरे देश में आयोजित अन्य परीक्षाओं के उम्मीदवारों द्वारा भी इसी तरह की मांगों को जन्म देगा।

अधिवक्ता शशांक सिंह द्वारा दायर किए गए जवाबी हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता कोविड-19 और उसके लिए नीति के चलते अनुपस्थिति के कारण अपने अंतिम प्रयास के स्थान पर प्रतिपूरक प्रयास के हकदार हैं। तीन याचिकाकर्ताओं में से दो को बीच में कुछ प्रारंभिक प्रश्नपत्रों में उपस्थित होने के बाद सात से 16 जनवरी तक आयोजित मुख्य परीक्षा छोड़नी पड़ी, तीसरा उम्मीदवार संक्रमित होने के कारण किसी भी प्रश्नपत्र की परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सका। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि उनमें क्रमशः छह जनवरी, 13 जनवरी, 14 जनवरी को आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई थी।



साहिबगंज में गिट्टी से भरा ट्रक गंगा नदी में पलट जाने से बचाव करते हुए एनडीआरएफ की टीम।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 26 मार्च, 2022



# रूस पर लगे प्रतिबंध पर ईयू के देश एकमत

## ● ऊर्जा क्षेत्र में पाबंदी पर मतभेद

**एपी।** ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ के सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को हुए एक सम्मेलन में, यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस पर प्रतिबंध के मुद्दे पर एकजुटता दिखाई लेकिन ऊर्जा क्षेत्र के मुद्दे पर 27 देशों के नेताओं में सहमति नहीं बन पाई। यूक्रेन पर रूस के हमले के संबंध में यह शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था।

युद्ध की शुरुआत में, ईयू के सदस्य देशों ने रूस की अर्थव्यवस्था, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूसी धनाढ्य वर्ग को लक्षित कर कड़े कदम उठाते हुए कई प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका के रुख के उलट, ईयू ने अब तक रूस से प्राप्त होने वाले जीवाश्म ईंधन पर पाबंदी नहीं लगाई है जिससे पता चलता है कि सदस्य देशों के उद्योग रूस के तेल, प्राकृतिक गैस और कोयले के भंडार पर किस हद तक निर्भर हैं। ब्रसेल्स में आयोजित सम्मेलन में बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्सांदर दे क्रू ने कहा,



ब्रसेल्स में यूरोपीय परिषद भवन में यूरोपीय संघ के शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति जो बिडेन और पश्चिमी सहयोगी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए एक रास्ता तैयार करने के लिए आपस में वार्ता करते हुए

हम आपस में युद्ध नहीं लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी तुलना में रूसी पक्ष पर, प्रतिबंधों का हमेशा बड़ा असर होना चाहिए। सम्मेलन में जर्मनी, ऑस्ट्रिया और नीदरलैंड्स जैसे देशों की भी ऐसी ही राय थी। यह देश उन देशों के खिलाफ जाते दिखाई दे रहे हैं जो रूस की सीमा के निकट स्थित हैं तथा उस पर अब और कड़े प्रतिबंधों की मांग कर रहे हैं।

फिनलैंड की प्रधानमंत्री सन्ना मारिन ने कहा, जब तक हम रूस से ऊर्जा खरीद रहे हैं, तब तक हम इस युद्ध का वित्त पोषण कर रहे हैं और हमारे सामने यह बड़ी चुनौती है। बाल्टिक देशों के नेताओं ने भी मारिन का समर्थन किया। लातविया के प्रधानमंत्री क्रिसजनिस कारिन्स ने संवाददाताओं से कहा, हमें रूस की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करना है ताकि युद्ध में धन के उपयोग को रोका जा सके।

ईयू के सदस्य देश, बिजली पैदा करने और घरेलू तथा आपूर्ति उद्योग के लिए 90 प्रतिशत प्राकृतिक गैस का आयात करते हैं और इसमें से 40 प्रतिशत गैस तथा तेल की आपूर्ति रूस करता है। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा यूरोपीय आयोग ने रूसी गैस पर ईयू की निर्भरता में इस साल के आखिर तक दो तिहाई की कमी का प्रस्ताव दिया है।

## रूस के प्रमुख व्यक्तियों ने पद छोड़े युद्ध के समर्थन से किया इनकार

**न्यूयॉर्क (एपी)।** रूस सरकार के वरिष्ठ अधिकारी एनातोली चुबैस के बागी तेवर और फिर उनका इस्तीफा यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से किसी रसूखदार व्यक्ति का सरकारी ओहदा छोड़ने का कोई पहला मामला नहीं होगा, हालांकि यह निश्चित तौर पर सर्वाधिक असामान्य घटनाओं में से एक है। सतत विकास पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दूत चुबैस रूस का जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने सोवियत संघ के बिखरने के बाद रूस के पहले नेता बोरिस एल्तसिन के साथ काम की शुरुआत की थी और लगभग तीन दशक तक वह उच्च पदों पर कार्य करते रहे। यूक्रेन पर रूस के हमले की कई सार्वजनिक हस्तियों ने निंदा की है और सरकारी संस्थानों एवं कंपनियों के पद छोड़ दिए हैं। इससे रूस की आधिकारिक श्रेणियों में युद्ध को लेकर मतभेद की आशंका उभर रही है। अभी तक हालांकि इस बात के संकेत नहीं मिले हैं कि त्याग पत्रों का सिलसिला पुतिन के अधिकारियों-कर्मचारियों के अंदरूनी घेरे तक पहुंचा है या नहीं। यूक्रेन में युद्ध के कारण महत्वपूर्ण पद छोड़ने वाले कुछ हाई-प्रोफाइल नेताओं में एनातोली चुबैस के अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के मौजूदा अध्यक्ष आर्केडी द्वोरकोविच, सरकार द्वारा वित्त पोषित चैनल एनटीवी की एंकर लिलिया गिल्दिएवा और एक अन्य सरकारी टेलीविजन चैनल चैनल वन के पत्रकार झान्ना अगालाकोवा शामिल हैं।

## हंगरी ने हथियारों की आपूर्ति करने की जेलेंस्की की मांग ठुकराई

**बुडापेस्ट (एपी)।** हंगरी के प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की उस भावनात्मक अपील को ठुकरा दिया जिसमें उन्होंने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने और रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने सोशल मीडिया पर डाले गए एक वीडियो में कहा कि जेलेंस्की का अनुरोध हंगरी के हितों के विरुद्ध है और रूस से प्राप्त होने वाली ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने का अर्थ होगा कि हंगरी की अर्थव्यवस्था धीमी हो जाएगी और कुछ समय में समाप्त हो जाएगी। जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं की एक बैठक में विशेष रूप से ओरबान को संबोधित किया था जिन्हें ईयू में, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का सबसे करीबी सहयोगी माना जाता है। जेलेंस्की ने कहा था, सुनिए विक्टर, आपको पता है मारियुपोल में क्या हो रहा है? मैं यह खुलकर कहना चाहता हूं कि आपको अपने लिए तय करना होगा कि आप किस तरफ हैं। हंगरी ने अपने पड़ोसी यूक्रेन को हथियार देने से मना कर दिया है और अपनी सीमा से होकर यूक्रेन तक हथियार पहुंचाने पर भी रोक लगाई है। ओरबान ने शुक्रवार को कहा कि हंगरी की गैस की जरूरत का 85 प्रतिशत हिस्सा और तेल का 60 प्रतिशत से ज्यादा रूस से आता है और रूस से मिलने वाले ईंधन को रोकने का अर्थ होगा कि युद्ध की कीमत हंगरी के लोगों को चुकानी पड़ेगी।

## कोविड-19 के खिलाफ गंभीर व जटिल हालात का सामना कर रहा है चीन

**एपी।** ताइपे

**ओमीक्रोन** स्वरूप के कारण कोविड-19 के अब तक के सबसे कठिन दौर का सामना कर रहे चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने हालात को गंभीर और जटिल बताया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक एक मार्च से देश में संक्रमण के 56,000 से ज्यादा मामले आ चुके हैं। इनमें से आधे से अधिक मामले उत्तर-पूर्वी जिलिन प्रांत में आए हैं और इसमें बिना लक्षण वाले मामले भी शामिल हैं। हांगकांग के मामले इसमें शामिल नहीं हैं। चीन के रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी) के संक्रामक बीमारी विशेषज्ञ वू जुनयू ने कहा, चीन जीरो कोविड के लक्ष्य का पालन करने की दिशा में काम कर रहा है क्योंकि यह कोविड-19 के खिलाफ रोकथाम की सबसे कारगर रणनीति है। इस नीति से ही महामारी के छिपे हुए खतरे का उन्मूलन संभव है। जीरो कोविड नीति के तहत लॉकडाउन और करीबी संपर्क की जांच समेत बड़े पैमाने पर जांच, संदिग्ध व्यक्ति को घर पर पृथक-वास या सरकारी केंद्र में भेजना शामिल है। इस नीति का ध्यान समुदाय के बीच जल्द से



जल्द संक्रमण के प्रसार को रोकना है। कई बार इसके लिए पूरे शहर में लॉकडाउन भी किया जाता है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में 60 साल या इससे अधिक उम्र के लोगों के लिए चिंताएं जताई। पिछले सप्ताह जारी राष्ट्रीय स्तर के आंकड़ों के मुताबिक 60 साल या इससे अधिक उम्र के 5.2 करोड़ से अधिक लोगों को टीके की खुराक नहीं लगी है। बूस्टर खुराक दिए जाने की दर भी धीमी है। हांगकांग के हालात ने बुजुर्ग लोगों को टीकाकरण के महत्व को उजागर किया है। सीडीसी के अधिकारी जुनयू के अनुसार, अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र हांगकांग में रोजाना मौत के 200 से ज्यादा मामले आ रहे हैं। हांगकांग में कोविड-19 से होने वाली मौतों में बड़ी संख्या उन लोगों की रही है, जिनका पूरी तरह से टीकाकरण नहीं हुआ था। इनमें से ज्यादातर बुजुर्ग थे।

## संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी का टोगो के अधिकारी करेंगे नेतृत्व

**जिनेवा (एपी)।** संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी के संचालन निकाय ने टोगो के कार्यकारी अधिकारी को संगठन का नया नेता चुना है और वह अफ्रीका से इसके महानिदेशक बनने वाले पहले अधिकारी होंगे। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के निकाय के सदस्यों ने शुक्रवार को गिलबर्ट होउंगबो को अपना प्रमुख चुना। आईएलओ दुनिया भर की सरकारों, श्रमिकों और कर्मचारियों को साथ लाता है। होउंगबो इस समय अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष के अध्यक्ष हैं और उन्हें दूसरा पांच साल का कार्यकाल समाप्त कर जा रहे मौजूदा आईएलओ महानिदेशक गाई रायडर के स्थान पर नियुक्त करने के लिए मैदान में मौजूद पांच प्रत्याशियों में से चुना गया। होउंगबो एक अक्टूबर को जिनेवा से संचालित संगठन के प्रमुख का कार्यभार संभालेंगे।

## पाकिस्तानः प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए बिना ही नेशनल असेंबली का सत्र स्थगित

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की नेशनल असेंबली का महत्वपूर्ण सत्र प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए बिना ही स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष असद कैसर ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सांसद खयाल जमन के निधन के चलते सत्र को 28 मार्च शाम चार बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है। नेशनल असेंबली में नेता प्रतिपक्ष शाहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो, सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी समेत कई प्रभावशाली विपक्षी सांसद बहुप्रतीक्षित सत्र में भाग लेने के लिए शुक्रवार को संसद में मौजूद थे। विपक्षी नेताओं ने सत्र स्थगित करने को लेकर विरोध प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि आठ मार्च को विपक्षी पार्टियों द्वारा नेशनल असेंबली के सचिवालय में इमरान खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया था, जिसके बाद से देश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि खान नीत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सरकार देश में आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई के लिए जिम्मेदार है। इमरान खान (64) इन दिनों अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। असेंबली के अध्यक्ष कैसर ने जैसे ही सत्र स्थगित किया, विपक्षी नेता विरोध प्रकट करने लगे। उन्होंने अध्यक्ष से प्रस्ताव पेश करने की अनुमति मांगी, लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी और अपने कक्ष की ओर चले गए। स्पीकर ने कहा कि अगले सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाने पर फैसला लिया जाएगा। नियमों के अनुसार प्रस्ताव नेशनल असेंबली के समक्ष रखे जाने के कम से कम तीन से सात दिन के बीच उसपर मतदान होना चाहिए।

## इजराइल ब्लिंकन की यात्रा के दौरान शीर्ष अरब राजनयिकों की मेजबानी करेगा

**यरुशलम (एपी)।** इजराइल ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की यात्रा के दौरान संयुक्त अरब अमीरात (यूईए), मोरक्को और बहरीन के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेगा। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि वह रविवार और सोमवार को चार शीर्ष राजनयिकों की मेजबानी करेगा और अतिरिक्त जानकारी बाद में दी जाएगी। ब्लिंकन इस सप्ताहांत से शुरू हो रही यात्रा के तहत इजराइल, कब्जे वाले पश्चिमी तट (वेस्ट बैंक), मोरक्को और अल्जीरिया जाएंगे। ब्लिंकन की योजना इजराइली अधिकारियों से रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थता को लेकर की जा रही उनकी कोशिशों पर बातचीत करने की है। वह ईरान परमाणु समझौते को बहाल करने के संबंध में हो रही बातचीत की स्थिति की भी जानकारी देंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा, विदेश मंत्री उन सभी विदेशी नेताओं के साथ बातचीत में इस बात पर जोर देंगे कि क्रेमलिन की आक्रामकता का सामना करने के लिए अमेरिका यूक्रेन की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

## अब सोलोमन द्वीप में चीन बढ़ा सकता है अपनी सैन्य उपस्थिति

**एपी।** वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)

**लीक** दस्तावेज से यह संकेत मिलता है कि सोलोमन द्वीप में चीन अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा सकता है। यह घटनाक्रम पड़ोस में स्थित आस्ट्रेलिया और अन्य देशों को सतर्क करने वाला है। सोलोमन द्वीप ने बृहस्पतिवार को खुलासा किया कि उसने चीन के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किया है। लेकिन आस्ट्रेलिया के लिए अधिक चिंता पैदा करने वाली बात एक सीमा सुरक्षा समझौता का मसौदा है, जो ऑनलाइन लीक हो गया है।

मसौदा समझौता की शर्तों के तहत चीन सामाजिक व्यवस्था बहाल रखने में सहायता करने और कई अन्य कारणों को लेकर सोलोमन द्वीप में पुलिस, सैन्य कर्मी भेज सकता है। वह द्वीप में कुछ समय के लिए जहाजों को भी भेज सकता है। मसौदा समझौता की सामग्री का प्रत्यक्ष रूप से जिक्र किए बगैर आस्ट्रेलिया के विदेश एवं व्यापार विभाग ने एक बयान जारी कर कहा, हमारे क्षेत्र को अस्थिर करने वाले किसी भी कार्य से हम चिंतित होंगे। विभाग ने कहा कि सोलोमन द्वीप की राजधानी होनीआरा में पिछले साल हुए दंगों के बाद आस्ट्रेलिया और उसके पड़ोसी देश बाहरी सहयोग की जरूरत के बगैर सुरक्षा सहायता भेजने में सक्षम रहे थे। विभाग ने कहा, प्रशांत महाद्वीप राष्ट्रों को संप्रभु फैसले लेने का अधिकार है। न्यूजीलैंड ने कहा कि उसकी योजना दस्तावेज के बारे में सोलोमन द्वीप और चीन, दोनों के समक्ष अपनी चिंता व्यक्त करने का है।

विदेश मंत्री नानैया महुता ने कहा, यदि यह वास्तविक है, तो यह समझौता बहुत चिंता पैदा करने वाला है। समझौते के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सोलोमन ने समान व्यवहार के आधार पर सामान्य कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सहयोग किया है। मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय परंपरा के अनुरूप, सौहार्द्रपूर्ण और क्षेत्र में शांति एवं सदभाव को बढ़ावा देने वाला है।

## नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक में गुजरात अभी भी शीर्ष पर है बरकरार

**भाषा।** नई दिल्ली

**नीति** आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक में गुजरात लगातार दूसरे साल पहले स्थान पर आया है। महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है जबकि कर्नाटक को इस सूची में तीसरा स्थान मिला है। शुक्रवार को जारी निर्यात तैयारी सूचकांक 2021 में शीर्ष स्थान पर गुजरात को रखा गया है। पिछले साल भी गुजरात इस सूचकांक के आधार पर पहले स्थान पर रहा था। नीति आयोग की तरफ से जारी होने वाले निर्यात तैयारी सूचकांक के जरिए राज्यों की निर्यात संभावनाओं और प्रदर्शन के लिहाज से राज्यों की तैयारी का आकलन किया जाता है। राज्यों की निर्यात संभावनाओं के हिसाब से उनकी सूची तैयार की जाती है। सूचकांक के शीर्ष पांच राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के बाद तमिलनाडु और हरियाणा को जगह दी गई है। वहीं उत्तर प्रदेश छठवें, मध्य प्रदेश सातवें, पंजाब आठवें, आंध्र प्रदेश नौवें और तेलंगाना दसवें स्थान पर हैं। अगर सूची में सबसे निचले पायदान पर

### ● महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर, कर्नाटक को इस सूची में तीसरा स्थान मिला है

मौजूद राज्यों की बात करें तो वहां लक्षद्वीप, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, लद्दाख और मेघालय को रखा गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ कंपटिटिवनेस के साथ मिलकर तैयार किए गए इस सूचकांक का इस्तेमाल कर राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश दूसरों की तुलना में अपनी निर्यात संभावनाओं का आकलन और जरूरी नीतिगत व्यवस्था तैयार कर सकते हैं। इस रैंकिंग को मुख्य रूप से चार पैमानों- नीति, कारोबारी परिवेश, निर्यात का माहौल और निर्यात प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया गया है। इसके अलावा निर्यात प्रोत्साहन की नीति और कारोबारी माहौल जैसे 11 अन्य कारकों को भी ध्यान में रखा गया है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत की निर्यात वृद्धि दर 36 प्रतिशत रही है जबकि वैश्विक स्तर पर यह 30 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, "बहुत लंबे वक्त के बाद हम विश्व उत्पाद व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को 1.6 प्रतिशत से बढ़कर 1.7 प्रतिशत होते हुए देखेंगे। इसमें वाहन, बिजली मशीनरी, लोहा और स्टील का खास योगदान है। कुमार ने अगले 10 वर्षों में वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को चार गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्यों को जिला-केंद्रित निर्यात योजनाएं एवं प्रोत्साहन समितियों का गठन करना चाहिए। उन्होंने देश की आयात-निर्यात नीति में विभिन्न तरह के राज्यों की जरूरतों को ध्यान में रखने का सुझाव भी दिया। इस मौके पर वाणिज्य सचिव बी वी आर सुब्रमण्यम ने कहा कि निर्यात क्षेत्र का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और चालू वित्त वर्ष में यह 400 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर गया है। उन्होंने कहा, फिलहाल अर्थव्यवस्था का करीब 18 प्रतिशत ही वस्तु निर्यात है।

## पेट्रोल, डीजल की कीमतों में एक बार फिर 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में शुक्रवार को एक बार फिर 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। चार दिनों में तीसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 97.01 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 97.81 रुपए प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत 88.27 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 89.07 रुपए हो गई है। पेट्रोल तथा डीज़ल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं। इसके बाद 23 मार्च को भी इनकी कीमतों में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले चार नवंबर, 2021 से ही पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं। हालांकि, इस अवधि में कच्चे तेल की कीमत 30 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गई थी। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही पेट्रोल एवं डीज़ल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन पेट्रोलियम कंपनियों ने कुछ दिन और इंतजार किया। ऐसा कहा जा रहा है कि अब पेट्रोलियम विपणन कंपनियां अपने घाटे की भरपाई कर रही हैं। क्रिसिल रिसर्च के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में हुई वृद्धि से पूरी तरह से पार पाने के लिए दरों में नौ से 12 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की आवश्यकता है। भारत अपनी तेल की जरूरतें पूरी करने के लिए आयात पर 85 फीसदी निर्भर है।

## अगले 20 वर्षों में भारत को 2,000 से अधिक सिंगल आइल विमानों की होगी जरुरतः बोइंग

**भाषा।** हैदराबाद

**विमान** विनिर्माता बोइंग ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय विमानन कंपनियों को अगले 20 वर्षों में 2000 से अधिक नए सिंगल आइल विमानों की जरुरत होगी। चार मीटर से कम चौड़ाई वाले विमान को सिंगल आइल कहा जाता है। अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि दक्षिण एशिया के हवाई परिवहन क्षेत्र में भारतीय बाजार का दबदबा है। इसकी बाजार में 90 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। कंपनी ने कहा, अनुमानित अवधि के दौरान मांग को पूरा करने के लिए भारत में विमान परिचालन करने वाली कंपनियों को 2,000 से अधिक नए सिंगल-आइल विमानों की जरूरत होगी।

कंपनी ने यहां विंग्स इंडिया 2022 में जारी अपनी रिपोर्ट दक्षिण एशिया और भारत वाणिज्यिक बाजार दृष्टिकोण (सीएमओ) में यह बात कही है। इसमें कोविड-19 महामारी के बाद वाणिज्यिक हवाई जहाजों और सेवाओं की दीर्घकालिक मांग का अनुमान जताया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की सतत आर्थिक वृद्धि और इसके बढ़ते मध्यम वर्ग से पूरे दक्षिण एशिया में अगले 20 वर्षों के दौरान 2,400 नए वाणिज्यिक जेट विमानों की मांग बढ़ेगी। इनकी विमानों का कुल मूल्य करीब 375 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े नागरिक विमानन बाजारों में से एक के तौर पर उभर रहा है और इसने ढांचा खड़ा करने एवं सेवा की क्षमता को भी बढ़ाया है।

### फिनएयर की मुंबई-हेलसिंकी के बीच सीधी उड़ान जुलाई से शुरू होगी

**मुंबई (भाषा)।** फिनलैंड की प्रमुख विमानन कंपनी फिनएयर ने शुक्रवार को कहा कि वह हेलसिंकी और मुंबई के बीच सीधी उड़ान जुलाई से शुरू करेगी। इसके साथ ही मुंबई, दिल्ली के बाद इस एयरलाइन का दूसरा भारतीय गंतव्य बन जाएगा। फिनएयर ने एक बयान में कहा, मुंबई और हेलसिंकी के बीच उड़ानों की बुकिंग पांच अप्रैल से की जा सकेगी। इन दो शहरों के बीच उड़ानें सप्ताह में तीन बार बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होंगी। फिनएयर के महाप्रबंधक डेसमंड चाको ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे कोविड-19 महामारी के प्रकोप से उबर रही है, ऐसे में हमारी नई सेवाएं इस क्षेत्र में व्यापार और अवकाश के दिनों में यात्रा दोनों के लिए सुविधा देगी।

## आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड की बैठक में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से पैदा हुए मौजूदा भू-राजनीतिक संकट के भारतीय अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव को लेकर चर्चा की गई। रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशकमंडल की 594वीं बैठक बेंगलुरु में गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें डिप्टी गवर्नर महेश कुमार जैन, माइकल देवव्रत पात्रा, एम राजेश्वर राव और टी रविशंकर भी मौजूद रहे। आरबीआई की विज्ञप्ति के मुताबिक इस बैठक में केंद्रीय बैंक के परिचालन से जुड़े तमाम पहलुओं और मौजूदा आर्थिक हालात की समीक्षा की गई। इसके अलावा मौजूदा भू-राजनीतिक संकट के समग्र प्रभाव समेत वैश्विक एवं घरेलू चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। निदेशक मंडल ने चालू लेखा वर्ष 2021-22 के दौरान आरबीआई की गतिविधियों का भी जायजा लिया। इसके साथ ही बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए बजट को भी स्वीकृति दी गई। केंद्रीय बोर्ड में शामिल निदेशक सतीश के मराठे, एस गुरुमूर्ति, रेवती अय्यर और सचिन चतुर्वेदी भी इस बैठक में मौजूद रहे।

## मुद्रास्फीति, नीतिगत दर बढ़ने की चिंता में शेयर बाजार में गिरावट

### ● सेंसेक्स 233 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई

**शेयर** बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 233 अंक के नुकसान में रहा। भू-राजनीतिक तनाव, जिंसों की उंची कीमत और ब्याज दर बढ़ने की चिंता के बीच टिकाऊ उपभोक्ता, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 233.48 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,362.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 495.44 अंक लुढ़क कर 57,100.24 पर खिसक गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 69.75 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की







गिरावट के साथ 17,153 अंक पर बंद हुआ। इस तरह शेयर बाजार लगातार दूसरे सप्ताह नुकसान में रहा। कारोबारी सप्ताह के अंत में सेंसेक्स 501 अंक जबकि एनएसई निफ्टी 134 अंक नीचे आया। जुलियस बेअर के कार्यकारी निदेशक मिलिंद मुचाला ने कहा, भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। वैश्विक मार्चे पर खासकर भू-राजनीतिक स्थिति तथा फेडरल रिजर्व के फिर से नीतिगत दर बढ़ाने की खबरों को लेकर बाजार में प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बाजार के लिए अल्पकाल में दो प्रमुख चुनौतियां मुद्रास्फीति दबाव का बने रहना और बांड प्रतिफल में तेजी है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में टाइटन में सर्वाधिक 3.59 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं टेक महिंद्रा (2.35 प्रतिशत), मारुति सुजुकी इंडिया (1.79 प्रतिशत), विप्रो (1.18 प्रतिशत) नीचे आए। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक (0.76 प्रतिशत), टीसीएस (1.12 प्रतिशत) और इन्फोसिस (0.55 प्रतिशत) भी नुकसान में रहे। इनके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले इंडिया, टीसीएस, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील और आईटीसी में भी गिरावट रही।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में डा. रेड्डीज लेबोरेट्रीज (0.77 प्रतिशत), एशियन पेंट्स (0.76 प्रतिशत), रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (0.73 प्रतिशत) में प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में 10 प्रतिशत की हालिया तेजी के बाद गिरावट देखी जा रही है। इसका कारण जिंसों के दाम में तेजी, मौद्रिक नीति को सख्त किए जाने की आशंका और मुद्रास्फीति दबाव है। घरेलू बाजार में मजबूती दिख रही है लेकिन यह प्रवृत्ति बनी रहती है या नहीं, यह युद्ध के परिणाम और जिंसों के दाम पर निर्भर करेगा। एशिया के अन्य बाजारों में चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली लाभ में रहे।

## अडाणी ने ताजपुर बंदरगाह के लिए सबसे ऊंची बोली लगाईः सूत्र

**भाषा।** कोलकाता

**देश** में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बंदरगाह संचालक अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड (एपीएसईजेड) लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल सरकार की ताजपुर बंदरगाह परियोजना के लिए सबसे उंची बोली लगाई है।

एक आधिकारिक सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि एपीएसईजेड ने इस बंदरगाह की होड़ में जेएसडब्ल्यू ग्रुप को पीछे छोड़ दिया है। वित्तीय निविदा के दौर में एपीएसईजेड और जेएसडब्ल्यू ही शामिल थीं। हालांकि कुछ अन्य कंपनियों ने शुरुआती दौर में इसमें दिलचस्पी जताई थी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम सामने न आने की शर्त पर बताया कि एपीएसईजेड ने इस बंदरगाह परियोजना के लिए सबसे उंची बोली लगाई है। अधिकारी ने कहा, "एपीएसईजेड ने सकल राजस्व के 0.25 प्रतिशत हिस्से की बोली लगाई है जबकि दूसरी कंपनी ने 0.23 प्रतिशत हिस्सेदारी की बोली लगाई थी। अधिकारी ने कहा कि राजस्व हिस्सेदारी बढ़कर चार प्रतिशत तक हो जाएगी लेकिन वह 99 साल की रियायत अवधि के अंतिम दौर में होगा। अधिकारी ने कहा कि एपीएसईजेड के सबसे बड़े बोलीकर्ता के रूप में उभरने के बाद एक प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसे राज्य मंत्रिमंडल की अंतिम मंजूरी के लिए रखा जाएगा। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में स्थित इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 7,000 करोड़ रुपए है। पश्चिम बंगाल सरकार इस परियोजना के पहले चरण को तीन-चार वर्षों में पूरा कर लिए जाने और परिचालन शुरू हो जाने की उम्मीद कर रही है।

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that my client, (1) SMT. SAROJ W/O SHRI RAM KISHAN KAMWAL and (2) SHRI RAM KISHAN KAMWAL S/O SHRI SHADI LAL KAMWAL both residents of HOUSE NO.3/69, VEENA ENCLAVE, RAJDHANI PARK, NANGLOI, NEW DELHI, are the allottees/owners of DDA LIG FLAT NO.271, ON THIRD FLOOR, BLOCK-A, POCKET-C, SITUATED AT LOKNAYAK PURAM, NEW DELHI, VIDE DDA FILE NO. L/483(559)2006/AAY/LN, have applied for Substitution and Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original NOC FOR ELECTRICTY & WATER CONNECTION and SITE POSSESSION SLIP, of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.250989/2022 dated 25.03.2022. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above Address Phone No.8076305531 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LIG (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

Public Notice

It is for general information that I Pooja Mehta D/o Sh. Ajoy Mehta, R/o S-75, Greater Kailash-I, New Delhi-110048 declare and state that I got divorced from my husband Mr. Sanjay Kathuria vide Court Judgement passed by Court of Principal Judge, Family Court, South East, Saket, New Delhi in HMA no 503/21 dated 28/09/2021. Out of the said wed lock we had one son named Subhikhsu Kathuria, aged about 9 years. Further I have changed the name of my minor son and he shall hereafter be known as Subhikshu Mehta

Pooja Mehta
R/o S-75, Greater Kailash-I
New Delhi-110048

# स्वीटनर्स के इस्तेमाल से क्या हो सकता है कैंसर का जोखिम ?



जेम्स ब्राउन एसोसिएट प्रोफेसर इन बायोलॉजी एंड बायोमेडिकल साइंस, एस्टन यूनिवर्सिटी

**बर्मिंघम।** (द कन्वरसेशन) स्वीटनर्स को लंबे समय से हमारे स्वास्थ्य के लिए खराब बताया जाता रहा है। अध्ययनों ने बहुत अधिक स्वीटनर्स के सेवन को मोटापे, टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग जैसी स्थितियों से जोड़ा है। लेकिन इस दिशा में कैंसर मनुष्यों में स्वीटनर और कैंसर के जोखिम के बीच एक संबंध खोजने में विफल रहे हैं। इसके बावजूद, मीडिया ने स्वीटनर्स और कैंसर के बीच संबंध की जानकारी देना जारी रखा। लेकिन अब, पीएलओएस मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन, जिसमें



के साथ संबंध कम निश्चित रहे हैं।

एक कृत्रिम स्वीटनर, जिसे साइक्लामेट कहा जाता है, जिसे 1970 के दशक में अमेरिका में बेचा गया था, चूहों में मूत्राशय के कैंसर को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार पाया गया था।

हालांकि, मानव शरीर क्रिया विज्ञान चूहों से बहुत अलग है, और अवलोकन संबंधी अध्ययन 100,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया है, ने दिखाया है कि जो लोग कुछ स्वीटनर्स का ज्यादा सेवन करते हैं, उनमें कुछ प्रकार के कैंसर के विकास के जोखिम में थोड़ी वृद्धि होती है। कृत्रिम स्वीटनर्स के उनके सेवन का आकलन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को एक खाद्य डायरी रखने के लिए कहा। लगभग आधे प्रतिभागियों ने आठ वर्षों से अधिक समय तक इसका पालन किया।

अध्ययन में बताया गया है कि विशेष रूप से एस्पार्टेम और एसेसल्फ़ेम के, कैंसर के बढ़ते जोखिम से जुड़े थे – विशेष रूप से स्तन और मोटापे से जुड़े कैंसर, जैसे कोलोरेक्टल, पेट और प्रोस्टेट कैंसर।

इससे पता चलता है कि अपने आहार से कुछ प्रकार के मिठास को हटाने से कैंसर का खतरा कम हो सकता है।

## कैंसर का खतरा

कई आम खाद्य पदार्थों में मिठास होती है। ए खाद्य योजक हमारे स्वाद रिसेप्टर्स पर चीनी के प्रभाव की नकल करते हैं, जो बिना या बहुत कम कैलोरी के साथ तीव्र मिठास प्रदान करते हैं।

कुछ मिठास स्वाभाविक रूप से होती है (जैसे स्टीविया या याकॉन सिरप)। अन्य, जैसे कि एस्पार्टेम, कृत्रिम हैं। हालांकि इनमें कैलोरी कम या बिल्कुल नहीं होती है, फिर भी मिठास हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालती है। उदाहरण के लिए, जब शरीर इसे पचाता है तो एस्पार्टेम फॉर्मलाडेहाइड (एक ज्ञात कार्सिनोजेन) में बदल जाता है। यह संभावित रूप से देखा जा सकता है कि यह कोशिकाओं में जमा हो जाता है और उनमें कैंसर का कारण बनता है।

हमारी कोशिकाएं कैंसर होने पर स्वयं को नष्ट करने के लिए अभ्यस्त होती हैं। लेकिन एस्पार्टेम कैंसर कोशिकाओं को ऐसा करने के लिए कहने वाले जीन को बंद कर देता है। यह देखा गया कि सुक्रालोज़ और सैकरीन सहित अन्य मिठास भी डीएनए को नुकसान पहुँचाते हैं, जिससे कैंसर हो सकता है। लेकिन यह एक जीवित जीव की बजाय एक डिश में कोशिकाओं में दिखाया गया है। मिठास हमारी आंत में रहने वाले बैक्टीरिया पर भी गहरा प्रभाव डाल सकती है। आंत में बैक्टीरिया को बदलने से प्रतिरक्षा प्रणाली खराब हो सकती है, जिसका अर्थ यह होता है कि वे कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें हटाने में सक्षम नहीं रह जाते हैं। लेकिन यह अभी भी इन जानवरों और कोशिका-आधारित प्रयोगों से स्पष्ट नहीं है कि कैसे स्वीटनर्स कोशिकाओं में कैंसर के परिवर्तनों की शुरुआत या समर्थन करते हैं।

इनमें से कई प्रयोग मनुष्यों पर लागू करना भी मुश्किल होगा क्योंकि स्वीटनर की जो मात्रा दी गई थी, वह इनसानों के उपभोग की मात्रा से कहीं अधिक थी। पिछले शोध अध्ययनों के परिणाम सीमित हैं, क्योंकि इस विषय पर अधिकांश अध्ययनों में मिठास के सेवन के प्रभाव को तो बताया है, लेकिन इसका सेवन नहीं करने वालों से तुलना नहीं की गई है।

हाल ही में लगभग 600,000 प्रतिभागियों की एक व्यवस्थित समीक्षा ने निष्कर्ष निकाला कि इस बात के सीमित सुबूत हैं कि कृत्रिम मिठास की भारी खपत कुछ कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती हैं। बीएमजे में एक समीक्षा में भी इसी तरह के निष्कर्ष निकाले गए। हालांकि इस हालिया अध्ययन के निष्कर्ष निश्चित रूप से आगे के शोध की गारंटी देते हैं, लेकिन अध्ययन की सीमाओं को स्वीकार करना भी महत्वपूर्ण है।

सबसे पहले, खाद्य डायरी अविश्वसनीय हो सकती हैं क्योंकि लोग जो खाते हैं उसके बारे में हमेशा ईमानदार नहीं होते हैं या वे भूल सकते हैं कि उन्होंने क्या खाया है। हालांकि इस अध्ययन ने हर छह महीने में भोजन डायरी एकत्र की, फिर भी एक जोखिम है कि लोग हमेशा सही ढंग से दर्ज नहीं कर रहे थे कि वे क्या खा रहे थे और पी रहे थे। हालांकि शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों द्वारा खाए गए भोजन की तस्वीरें लेने के द्वारा इस जोखिम को आंशिक रूप से कम कर दिया, फिर भी लोगों ने उन सभी खाद्य पदार्थों को शामिल नहीं किया होगा जो उन्होंने खाए थे।

वर्तमान साक्ष्यों के आधार पर, आम तौर पर इस बात पर सहमति बनी कि कृत्रिम मिठास का उपयोग शरीर के वजन में वृद्धि के साथ जुड़ा हुआ है – हालांकि शोधकर्ता पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं कि क्या मिठास सीधे ऐसा होने का कारण बनती है।

हालांकि इस हालिया अध्ययन ने लोगों के बॉडी मास इंडेक्स को ध्यान में रखा, यह संभव है कि बॉडी फैट के परिवर्तन ने इनमें से कई प्रकार के कैंसर के विकास में योगदान दिया हो – जरूरी नहीं कि इसका कारण स्वीटनर्स हों। जबकि स्वीटनर के उपयोग और कैंसर सहित बीमारियों के बीच की कड़ी अभी भी विवादास्पद है, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी स्वीटनर समान नहीं होते हैं। जबकि एस्पार्टेम और सैकरीन जैसे स्वीटनर खराब स्वास्थ्य से जुड़े हो सकते हैं, सभी स्वीटनर ऐसे नहीं हैं। तो महत्वपूर्ण विकल्प आपके द्वारा खाए जाने वाले स्वीटनर की मात्रा का नहीं बल्कि आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रकार का हो सकता है।

# गर्मियों के दौरान दार्जिलिंग में चलेगी टॉय ट्रेन, खूबसूरत वादियों की कराएंगी सैर



**गुवाहाटी।** दार्जिलिंग हिमालई रेलवे (डीएचआर) पर्यटकों के लिए दो नई ग्रीष्मकालीन विशेष जॉयराइड ट्रेन चलाएगा।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा यहां जारी एक बयान के अनुसार, एक अप्रैल से 30 जून तक 91 यात्राओं के लिए दार्जिलिंग और घुम स्टेशनों के बीच जॉयराइड ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएंगी।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अगरतला से जम्मू तवी के लिए एक तरफा विशेष ट्रेन चलाने का भी फैसला किया है।


बयान के अनुसार दार्जिलिंग-घुम-दार्जिलिंग नई ग्रीष्मकालीन विशेष जॉयराइड ट्रेन दार्जिलिंग से पूर्वाह्न 11.35 बजे प्रस्थान करेगी और अपराह्न 12.15 बजे घुम पहुंचेगी।

इसमें कहा गया है कि यह अपराह्न 1.15 बजे दार्जिलिंग लौटेगी। एक और ट्रेन दार्जिलिंग से अपराह्न 1.45 बजे प्रस्थान करेगी और अपराह्न 2.25 बजे घुम पहुंचेगी और अपराह्न 3.30 बजे दार्जिलिंग लौटेगी।

गर्मियों के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है क्योंकि यूनेस्को की विश्व धरोहर टॉय ट्रेन पश्चिम बंगाल के हिमालई शहर में आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का एक प्रमुख केन्द्र है।

अगरतला-जम्मू तवी विशेष ट्रेन 29 मार्च को शाम सात बजे अगरतला से रवाना होगी और एक अप्रैल को सुबह 10 बजे जम्मू तवी पहुंचेगी।

# बीएमसी आयुक्त के रिश्तेदार ने सोनू निगम को धमकी दी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक अमित साटम ने शुक्रवार को विधानसभा में दावा किया कि गायक सोनू निगम ने शिकायत की है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) आयुक्त आई एस चहल के एक रिश्तेदार ने उनसे नि:शुल्क शो आयोजित करने को कहा है और ऐसा नहीं करने पर उन्हें नोटिस भेजा जाएगा तथा तोड़फोड़ की गतिविधि को अंजाम दिया जाएगा।

विपक्षी दल के विधायक ने राज्य सरकार से मामले में कार्वाई की मांग की है। साटम ने विधानसभा में कहा, सोनू निगम ने शिकायत दी है कि चहल के भाई राजिंदर, सोनू निगम को नि: शुल्क शो आयोजित करने को कह रहे हैं। ऐसा न करने पर उनके घर नोटिस भेजा जाएगा और तोड़फोड़ की गतिविधि को अंजाम दिया जाएगा। इसलिए, सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए और राजिंदर और इकबाल सिंह चहल के खिलाफ कार्वाई करनी चाहिए।

विधानभवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा विधायक ने आरोप को दोहराया। उन्होंने कहा, आई एस चहल के चचेरे भाई राजिंदर ने सोनू निगम से कुछ शो मुफ्त में करने का अनुरोध किया। लेकिन गायक ने मना किया तो उन्हें फोन पर अपशब्द कहे गए और धमकाया गया।

साटम ने कहा कि इस तरह का व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। भाजपा विधायक ने कहा, चहल ने बाद में यह कहते हुए राजिंदर से खुद को दूर कर लिया कि उनका उस व्यक्ति से कोई लेना-देना नहीं है। मैंने व्यक्तिगत रूप से सोनू निगम से बात की है और उन्होंने मुझे सूचित किया कि उन्हें और उनके कार्यालय को फोन कॉल पर धमकी दी गई।

# अनुराग ठाकुर सिनेमा, टीवी जगत की हस्तियों से मिलने दुबई जाएंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सिनेमा और टेलीविजन जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ बैठक में शामिल होने के लिए 26 मार्च से तीन दिवसीय यात्रा पर दुबई जाएंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार को सीईओ गोलमेज वार्ता में ठाकुर वॉक्स सिनेमा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इग्नेस लाहोद, स्टार सिनेमाज के सीईओ सत्यजीत पेंढरकर, चैनल 2 समूह के संस्थापक एमडी अजय सेठी, एआरएन समूह के विवेक सेतिया और मैथ्यू जॉनसन तथा स्टार टीवी, अंतरराष्ट्रीय कारोबार के प्रमुख सुधीर नागपाल से मुलाकात करेंगे।

वह दुबई एक्सपो में इंडिया पवेलियन भी जाएंगे, जहां मीडिया एवं मनोरंजन सप्ताह चल रहा है। उनके साथ बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह भी इसमें शामिल होंगे। मंत्रालय ने बताया कि ठाकुर 28 मार्च को एक्सपो में दुबई फिल्म एवं टीवी आयोग, दुबई विकास प्राधिकरण के कार्यकारी बोर्ड सदस्य जमाल अल शरीफ से भी मुलाकात करेंगे।


# पांच अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के तौर पर मनाया जाएगा

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि प्रजातियों के संरक्षण अभियान के तहत और जागरूकता उत्पन्न करने के लिए इस साल से पांच अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने यह घोषणा भूपेंद्र यादव ने ट्विटर पर की। यादव ने कहा, यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थाई समिति ने अपनी 67वीं बैठक में निर्णय लिया है कि इस वर्ष से पांच अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जागरूकता उत्पन्न करना और सामुदायिक भागीदारी इस प्रजाति के संरक्षण के लिए अभिन्न अंग है। भारत में, ज्यादातर गांगेय डॉल्फिन, डॉल्फिन की मीठे पानी की एक प्रजाति है और यह असम, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में लंबी गहरी नदी में देखी जाती है। गंगा नदी की डॉल्फ़िन को 2010 में राष्ट्रीय जलीय प्रजाति घोषित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2020 में मीठे पानी और समुद्री डॉल्फ़िन दोनों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट डॉल्फिन की घोषणा की थी।

# उच्चतम न्यायालय की समिति करेगी कॉर्बेट और राजाजी टाइगर रिजर्व का दौरा

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में स्थित कॉर्बेट और राजाजी टाइगर रिजर्व के बफर जोन में नियमों का उल्लंघन करते हुए किए गए निर्माण कार्यों और सड़क परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति 28 मार्च को दोनों उद्यानों का दौरा करेगी। अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल ने बताया कि न्यायालय द्वारा गठित केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के सदस्य दोनों रिजर्व के बफर जोन में जाकर उनका निरीक्षण करेंगे। बंसल की अर्जी पर सीईसी राजाजी टाइगर रिजर्व के बफर जोन से गुजरने वाले लालढांगचिल्लरखाल मार्ग के उच्चीकरण और कॉर्बेट के पाखरो और मोरघटटी रेंज में पेड़ों के कथित अवैध कटान और इमारतों तथा जलीय क्षेत्रों के अवैध निर्माण की जांच कर रही है। पी. वी. जयकृष्णन सीईसी के अध्यक्ष हैं, जबकि महेन्द्र व्यास इसके सदस्य और अमरनाथ शेट्टी इसके सदस्य सचिव हैं। इससे पहले, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की एक टीम भी कॉर्बेट की मोरघट्टी और पाखरो रेंज में हुए अवैध निर्माण की जांच के लिए मौके पर गई थी और मामले में वन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की सिफारिश करते हुए कहा था कि उनकी मिलीभगत के बिना नियमों का उल्लंघन संभव नहीं है। प्राधिकरण की टीम द्वारा तत्कालीन मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक जे. एस. सुहाग और कालागढ़ के पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी किशन चंद सहित कई अधिकारियों को दोषी ठहराए जाने के बाद उनके खिलाफ कार्वाई की सिफारिशों के आलोक में कई जांच समितियां गठित की गईं। सीईसी के मौके पर जाकर निरीक्षण करने के बाद दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आने की संभावना है। मामले में अभी तक रेंजर बृज बिहारी शर्मा के खिलाफ निलंबन की कार्वाई की गई है।

# करण जौहर ने मलयालम फिल्म हृदयम के अधिकार खरीदे



**मुंबई।** फिल्मकार करण जौहर की निर्माण कम्पनी धर्मा एंटरटेनमेंट और फॉक्स स्टार स्टूडियोज ने मलयालम फिल्म हृदयम के अधिकार हासिल कर लिए हैं। फिल्म निर्माता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

फिल्म हृदयम में दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता मोहनलाल के बेटे प्रणव मोहनलाल नजर आए थे। यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है, जो इस साल 21 जनवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी और समीक्षकों ने भी इसकी काफी सराहना की थी। करण जौहर (49) ने ट्वीटर पर फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में बनाने के अधिकार खरीदने की जानकारी दी।

उन्होंने ट्वीट किया, मैं आपके साथ इस खबर को साझा करते हुए बेहद अच्छा और सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि धर्मा एंटरटेनमेंट और फॉक्स स्टार स्टूडियोज ने मलयालम फिल्म हृदयम को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में बनाने के अधिकार हासिल कर लिए हैं। मलयालम फिल्म हृदयम के लेखक और निर्देशक विनीथ श्रीनिवासन हैं। इसका निर्माण विशाख सुब्रमण्यम की निर्माण कम्पनी मेरीलैंड सिनेमाज ने किया था।




नई दिल्ली में लैक्मे फैशन वीक के दौरान डिजाइनर आरती विजय गुप्ता के साथ मॉडल

# आईपीएल की भिड़ंत को योद्धा तैयार

## ● स्वदेश में जोरदार वापसी के लिए मंच तैयार

भाषा। मुंबई

**भारतीय क्रिकेट** को मोटे दाम और नई पहचान दिलाने वाला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 10 टीम के साथ स्वदेश में अपना रंग बिखेरने के लिए तैयार है जिसका पहला मैच शनिवार को यहां मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और पिछले साल के उप विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला जाएगा।

यह 2011 के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व क्रिकेट में सबसे प्रतिष्ठित टी20 ट्रॉफी के लिए 10 टीम आपस में भिड़ेंगी। इस बार लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटन्स के रूप में दो नई टीम आईपीएल में पदार्पण करेंगी। देश में कोविड-19 की स्थिति नियंत्रण में होने के बाद क्रिकेट प्रेमियों को 2019 के बाद पहली बार स्टेडियम में जाकर मैचों का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। आईपीएल के सभी मैच भारत में खेले जाएंगे और स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शक इसे स्टेडियम में जाकर देख पाएंगे। दो नई टीम के जुड़ने से कुल मैचों की संख्या 60 से बढ़कर 74 हो गई है जिससे यह टूर्नामेंट दो महीने से भी अधिक समय तक चलेगा। सभी टीम हालांकि लीग चरण में 14 मैच ही खेलेंगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को 2021 में कड़ा सबक मिला था जब उसे महामारी फैलने के कारण बीच में टूर्नामेंट स्थगित करना पड़ा और बाद में उसे यूएई में पूरा करना पड़ा था।

इसको ध्यान में रखते हुए इस समय लीग चरण के मैच मुंबई और पुणे के तीन स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे ताकि हवाई यात्रा करने की जरूरत नहीं पड़े। पिच क्यूरेटर के लिए दो महीने तक पिचों को जीवंत बनाए रखना चुनौती होगी लेकिन टूर्नामेंट में बड़े स्कोर बनने की पूरी संभावना है। इस साल आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप खेला जाना है और ऐसे में आईपीएल कुछ भारतीय खिलाड़ियों का भाग्य भी तय करेगा। मुंबई इंडियन्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी लेकिन उसके कप्तान रोहित शर्मा स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्हें इसका कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। सूर्यकुमार यादव, कीरोन पोलार्ड, जसप्रीत बुमराह और इशान किशन जैस खिलाड़ी हालांकि अनुकूल परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) में सभी निगाहें विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जिन्होंने कप्तानी छोड़ दी है। लंबे समय तक सीएसके से जुड़े रहे फाफ डु प्लेसी को आरसीबी की कप्तानी सौंपी गई है। देखना होगा कि उनकी अगुवाई में टीम का भाग्य पलटता है या नहीं। दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल में यह आखिरी सत्र हो सकता है। उन्होंने पहले मैच से पूर्व कप्तानी छोड़कर रविंद्र जडेजा को कमान सौंप दी है। जडेजा पर सभी की निगाह रहेंगी क्योंकि उन्हें उस टीम की कमान संभालनी है जिसका 2008 से ही धोनी नेतृत्व कर रहे हैं जो चार बार की चैंपियन है। इस बार श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और मयंक अग्रवाल के नेतृत्वकौशल की भी परीक्षा होगी। अय्यर केकेआर की जबकि राहुल लखनऊ और हार्दिक गुजरात की कमान संभालेंगे। अग्रवाल को पंजाब का कप्तान बनाया गया है। अय्यर इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स जबकि राहुल पंजाब किंग्स की कप्तानी कर चुके हैं। हार्दिक के लिए यह आईपीएल में कप्तानी का पहला अनुभव होगा। उनकी प्रगति पर भारतीय टीम प्रबंधन की भी नजर होगी क्योंकि नियमित तौर पर गेंदबाजी नहीं करने के कारण उन्होंने राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह गंवा दी थी।




## ● मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और पिछले साल के उप विजेता केकेआर के बीच खेला जाएगा पहला मैच

## भाग्यशाली रहा कि धोनी की कप्तानी में खेलाः डुप्लेसी



**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की अगुआई करने को लेकर रोमांचित हैं क्योंकि टीम में उनकी मदद के लिए विराट कोहली जैसा खिलाड़ी है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में वह कैप्टन कूल एमएस धोनी की अगुआई में खेले थे। आरसीबी ने डुप्लेसी को सात करोड़ रुपए में खरीदा था और इससे पहले वह धोनी की अगुआई वाली चार बार की आईपीएल चैंपियन में 2012 से अहम सदस्य रहे थे। सैंतीस साल के इस खिलाड़ी ने आईपीएल वेबसाइट से एक साक्षात्कार में कहा, मैं भाग्यशाली रहा कि मैंने काफी लंबे समय तक एमएस धोनी के नेतृत्व में खेला। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ आगामी चरण के शुरुआती मुकाबले से पहले धोनी ने शुरुवार को सीएसके की कमान करिश्माई भारतीय आल राउंडर रविंद्र जडेजा को सौंप दी।

## सुपरस्टार बनने की राह पर है श्रेयस अय्यर : मैकुलम



**कोलकाता** नाइट राइडर्स के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने शुक्रवार को कहा कि उनके नए कप्तान श्रेयस अय्यर के भीतर टीम का दशकों का खिलाड़ी बनने के सारे गुण मौजूद है। दिल्ली को 2020 में आईपीएल फाइनल तक ले जाने वाले अय्यर को केकेआर ने 12 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा। उन्हें दो बार की चैंपियन टीम का कप्तान बनाया गया है। मैकुलम ने कहा , वह केकेआर के दशक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन सकते हैं। हमें यहीं से शुरुआत करनी है और वह बन सकते हैं। उन्होंने कहा , दुनिया भर में उसका काफी सम्मान है और अभी उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना बाकी है। उसके भीतर खेल का सुपरस्टार बनने के गुण है और मुझे उसके साथ काम करने का बेताबी से इंतजार है। न्यूजीलैंड के इस पूर्व धुरंधर बल्लेबाज ने कहा कि वह काफी रोमांचित है कि अय्यर भी आक्रामक मानसिकता वाले खिलाड़ी है। उन्होंने कहा , हम दोनों की खेल को लेकर मानसिकता एकसी है। हम सभी मिलकर यह साफ तय करेंगे और सिर्फ नतीजे ही नहीं बल्कि निर्देश पर फोकस होगा।

## बेलारूस के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगा भारत

भाषा। मनामा

### दूसरे दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय फुटबाल

पिछले मैच में बहरीन के हाथों 0-1 से मिली हार के बाद भारतीय फुटबॉल टीम ऊंची रैंकिंग वाली बेलारूस के खिलाफ शनिवार को होने वाले दोस्ताना मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। वीजा से जुड़े मसलों के कारण छह खिलाड़ी टीम के साथ सोमवार को नहीं जा सके लेकिन वे बुधवार को बहरीन के खिलाफ मैच के समय पहुंचे। अनिरुद्ध थापा और अनिकेत जाधव ही उस मैच में खेल सके और वह भी दूसरे हाफ में। बेलारूस के खिलाफ मुख्य कोच इगोर स्टिमक इंडियन सुपर लीग विजेता हैदराबाद एफसी के डिफेंडर चिंगलेनसना सिंह की सेवाएं ले सकते हैं। इसके अलावा मिडफील्ड की कमान ब्रेंडन फर्नांडिस संभालेंगे जो बुधवार को पहुंचे छह खिलाड़ियों में से हैं। संदेश झिंगन और चिंगलेनसना इससे पहले भी सेंटर बैक में दमदार जोड़ी रही है और बेलारूस के खिलाफ भी उनसे इसी प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बेलारूस रैंकिंग में भारत से दस पायदान ऊपर 94वें स्थान पर है। स्टिमक को मुंबई सिटी के राहुल भेके की सेवाएं नहीं मिल सकेगी जिन्होंने बहरीन के खिलाफ भारत के लिए एकमात्र गोल किया। स्टिमक पहले ही कह चुके हैं कि मुंबई सिटी के खिलाड़ी बहरीन के खिलाफ मैच के बाद लौट जाएंगे क्योंकि उन्हें एएफसी चैम्पियंस लीग की तैयारी करनी है। बहरीन के खिलाफ पांच खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया और अब केरला ब्लास्टर्स के डिफेंडर आर होर्मिपम को भी भारत के लिए पहला मैच खेलने का मौका मिल सकता है। वह जैकसन सिंह की जगह लेंगे। स्टिमक ने कहा , बेलारूस के खिलाफ मैच में कुछ बड़े बदलाव होंगे। मैं नए चेहरों को मौका देना चाहता हूं ताकि पासिंग में स्थिरता आए। बेलारूस का इस साल यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच है। इससे पहले उन्होंने बेल्जियम, वेल्स, चेक गणराज्य जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ खेला है।

### बदलाव के संकेत दिए स्टिमक ने

**मनामा।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने शनिवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग के बेलारूस के खिलाफ दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच से पहले कहा कि वह नए चेहरों को आजमाना जारी रखेंगे ताकि जून में एशियाई कप फाइनल दौर के क्वालीफायर के लिए खिलाड़ी तैयार रहें। बेलारूस 104वीं रैंकिंग पर काबिज भारत से 10 रैंकिंग ऊपर है। बुधवार को पहले मैत्री मैच में भारत को बहरीन से 1-2 से हार मिली थी। स्टिमक फिर भी युवाओं को आजमाने में हिचकिचाएंगे नहीं और उन्होंने संकेत दिया कि वह शनिवार को बेलारूस में केरला ब्लास्टर्स के 21 साल के डिफेंडर रूईवाह होर्मिपाम को शामिल करेंगे। मुख्य कोच ने वर्चुअल प्रेस कॉफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से, बेलारूस के खिलाफ मैच के लिए काफी बदलाव होंगे क्योंकि पिछले मैच में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं रहा था। इनमें से कुछ को मौका दूंगा जिन्हें मैं भविष्य के रूप में देख रहा हूं। उन्होंने कहा, हमें देखना होगा कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसा कर सकते हैं।

## हमजा डोप टेस्ट में नाकाम, निलंबित

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज जुबैर हमजा पर टूर्नामेंट से इतर डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण शुक्रवार को आईसीसी ने अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया। हमजा के डोप टेस्ट के लिए नमूना 17 जनवरी को लिया गया था। उन्हें प्रतिबंधित दवा फ्यूरोसेमाइड के सेवन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा , आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज जुबैर हमजा को डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है।

## हिताषी ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी का छठा चरण जीता

**गुरुग्राम।** हिताषी बख्शी ने शुक्रवार को यहां गोल्डन ग्रीन्स गोल्फ एवं रिजॉर्ट्स में 2022 हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के छठे चरण का खिताब अपने नाम किया जिससे वह इस सत्र में कई ट्राफियां जीतने वाली दूसरी गोल्फर बन गई। दूसरे दौर में 65 का शानदार कार्ड खेलने वाली हिताषी ने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह आसानी से विजेता बनी।

## सौम्या विज ने एआईटीए टेनिस टूर्नामेंट का एकल खिताब जीता

**चेन्नई।** गुजरात की शीर्ष वरीय सौम्या विज ने शुक्रवार को फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त विदुला रेड्डी को 6-0, 6-3 से हराकर चेन्नई टेनिस सेंटर द्वारा यहां आयोजित सीटीसी-एआईटीए महिला टेनिस टूर्नामेंट का एकल खिताब अपने नाम किया। गुजरात की खिलाड़ी को कर्नाटक की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जरा भी मशक्कत नही करनी पड़ी और उन्होंने आराम से खिताब जीत लिया। युगल फाइनल में सोनाशी भटनागर और चंदना पोटुगारी ने जननी रमेश और शेख अंजुम की जोड़ी को 6-3 6-3 से हराकर खिताब जीता।

## अहलावत और संधू डीजीसी ओपन में शीर्ष दो स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत और अजीतेश संधू शुक्रवार को यहां डीजीसी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद बोगी फ्री कार्ड खेलकर क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए है। अहलावत ने दूसरे दौर में 67 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर नौ अंडर है जिससे वह संधू से दो शॉट आगे चल रहे है। गुड़गांव के अहलावत का कुल स्कोर नौ अंडर पार 135 है जबकि संधू 137 के कुल स्कोर से अकेले दूसरे स्थान पर है।

## ओसाका की मियामी ओपन में एक और जीत, 11 वरीय खिलाड़ी बाहर

**मियामी गार्डन्स।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने आसान जीत के साथ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन 11 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा।

## भारतीय महिला टीम ने सैफ अंडर 18 फुटबॉल खिताब जीता

**जमशेदपुर।** भारत आखिरी लीग मैच में बांग्लादेश से 0-1 से हार गया लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर सैफ अंडर 18 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप अपने नाम की। भारत का गोल अंतर प्लस 11 था जबकि बांग्लादेश का प्लस तीन रहा। भारत की लिंडा कोम ने सर्वाधिक गोल किए और टूर्नामेंट की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर रहीं।

## देसाई, पढियार ने दुबई पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण जीता

**दुबई।** फॉटा धावक प्रणव प्रशांत देसाई और ऊंची कूद के खिलाड़ी रामसिंहभाई गोविंद पढियार ने 13वीं फाजा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत ने कुल 14 पदक अपने नाम किए। भारत ने पांच स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक जीते।

# सिंधू, प्रणय स्विस ओपन सेमीफाइनल में

भाषा। बासेल

**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और एच एस प्रणय अपने अपने मुकाबले में सीधे गेम में जीत दर्ज करके स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए।

दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कनाडा की पांचवीं वरीयता प्राप्त मिशेले लि को 36 मिनट में 21-10, 21- 19 से हराया। वहीं प्रणय ने राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पारूपल्ली कश्यप को 21-16, 21 - 16 मात दी। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू का सामना अब थाईलैंड की सुपानिदा केतेथोंग से होगा। दूसरी ओर प्रणय का सामना इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका जिंटिंग से होगा जिन्होंने भारत के समीर वर्मा को 21- 17, 21-14 से मात दी। सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी



प्रतिद्वंद्वी को पहले ही गेम में करारी शिकस्त दी। स्कोर 3-3 से बराबर होने पर उसने दो बार लगातार सात अंक बनाए। वह पहले गेम में 10-3 से आगे थी और फिर 17-4 से बढ़त बना ली। दूसरा गेम करीबी था। सिंधू पीछे चल रही थी लेकिन जल्दी ही वापसी करके स्कोर 4- 4 किया। वह 7-4 से आगे थी लेकिन कनाडा की खिलाड़ी ने अंतर एक अंक का कर दिया। सिंधू ने वापसी करके 14 -9 की बढत बनाई लेकिन लि ने स्कोर 16 . 16 कर लिया। सिंधू ने बराबरी से मुकाबला करते हुए आखिर में 21 . 19 से जीत दर्ज की। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी को मलेशिया की विवियन हू और चियू सिएन किम ने हरा दिया।

# आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को हराया विजय अभियान जारी रखा

### ● महिला वनडे विश्व कप

भाषा। वेलिंगटन

**आस्ट्रेलिया ने** कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। आस्ट्रेलिया की यह लगातार सातवीं जीत है जिससे वह अंकतालिका में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंचा। बारिश के कारण मैच 43 ओवर का कर दिया गया। पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी और पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर बांग्लादेश छह विकेट पर 135 रन ही बना पाया। आस्ट्रेलिया के लिए लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं रहा और ऑफ स्पिनर सलमा खातून (23 रन देकर तीन) की शानदार गेंदबाजी के सामने एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 41 रन था। बेथ मूनी ने यहीं से नाबाद 66 रन की पारी खेली तथा अनाबेल सदरलैंड (नाबाद 26) के साथ 66 रन की अटूट साझेदारी करके आस्ट्रेलिया का स्कोर 32.1 ओवर में पांच विकेट पर 136 रन पर पहुंचाया। इस हार के साथ बांग्लादेश की सेमीफाइनल में पहुंचने की रही सही उम्मीद भी समाप्त हो गई। बांग्लादेश ने पहले आठ ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया था लेकिन स्पिनर एशलीग गार्डनर (23 रन देकर दो) और जेस जोनासेन (13 रन देकर दो) के गेंद संभालने के बाद उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। गार्डनर ने मुर्शिदा खातून (12) के रूप में पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने वाली फरगाना हक ने आठ रन बनाए लेकिन सदरलैंड की गेंद पर विकेटकीपर एलिसा हीली को कैच देने से पहले वह बांग्लादेश की तरफ से वनडे में 1000 रन पूरे करने वाली पहली खिलाड़ी बनी।

## न्यूजीलैंड और नीदरलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ा

**नेपियर।** न्यूजीलैंड और नीदरलैंड के बीच एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच शुक्रवार को यहां बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। मैच से पहले भारी बारिश आने के कारण आउटफील्ड गीली हो गई जबकि गेंदबाजों के रन अप में फिसलन थी। बारिश खेल के निर्धारित समय से पहले थम गई थी लेकिन अंपायरों ने मैदान की स्थिति को खेल के अनुकूल नही पाया। बाद में फिर से बारिश होने लगी जिससे अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया। इन दोनों टीम के बीच अब तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी जिसका पहला मैच मंगलवार को होगा।

# एशियाई कुश्ती में दस सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेगी अंशु और सरिता

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व चैम्पियनशिप** रजत पदक विजेता अंशु मलिक और कांस्य पदक विजेता सरिता मोर मंगोलिया के उलानबटेर में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में दस सदस्ईय भारतीय महिला कुश्ती टीम की अगुवाई करेंगी। अंशु ने ओस्लो में 2021 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था।



वह 57 किलो वर्ग में भाग लेंगी जबकि सरिता 59 किलो वर्ग में उतरेंगी। सरिता ने 2021 विश्व चैम्पियनशिप में अपने वर्ग में कांस्य पदक जीता था। टीम का चयन लखनऊ में शुक्रवार को साइ प्रशिक्षण केंद्र पर चयन ट्रायल के बाद किया गया। ट्रायल में 62 किलो वर्ग में मनीषा ने रियो ओलंपिक की पदक विजेता साक्षी मलिक को 5-1 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट ट्रायल में नहीं आई। मनीषा (50 किलो), स्वाति शिंदे (53 किलो), सुषमा शोकीन (55 किलो), राधिका (65 किलो), सोनिका हुड्डा (68 किलो), निक्की (72 किलो) और सुदेश (76 किलो) ने भी टीम में जगह बनाई है। एशियाई चैम्पियनशिप 19 से 24 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।

## सीआईसी ने हॉकी इंडिया को कारण बताने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने हॉकी इंडिया को विदेशी खातों में धन हस्तान्तरण और उसकी नकद निकासी के पीछे के कारणों का खुलासा करने के अपने आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगाने की खेल संस्था की याचिका नामंजूर कर दी है। आयोग ने अपने नोटिस में कहा, मामले के रिकॉर्ड का अवलोकन करने पर अपीलकर्ता ने सूचित किया कि आपने सीआईसी के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी लेकिन उच्च न्यायालय ने सीआईसी के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इसमें कहा गया है, इसे देखते हुए आपको आयोग के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया जाता है।

# आस्ट्रेलिया ने तीसरा टेस्ट जीता, श्रृंखला अपने नाम की




### ● पाक को दूसरी पारी में समेटकर 115 रन से हराया

भाषा। लाहौर

**आस्ट्रेलिया ने तीसरे** और निर्णायक टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को यहां आखिरी सत्र में पाकिस्तान को दूसरी पारी में समेटकर 115 रन से जीत हासिल की और श्रृंखला पर 1-0 से कब्जा किया। मेजबान टीम अंतिम सत्र को नहीं निकाल सकी और खराब होते विकेट पर दूसरी पारी में 235 रन पर ढेर हो गई जिससे आस्ट्रेलिया ने 1998 के बाद पाकिस्तान के पहले दौरे पर तीन मैचों की श्रृंखला जीत ली। पाकिस्तान ने सुबह बिना किसी नुकसान के 73 रन से आगे खेलना शुरू किया था और चाय तक उसका स्कोर पांच विकेट पर 190 रन था। इसके बाद टीम आस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन के सामने पस्त हो गई जिन्हें पांचवें दिन विकेट से काफी टर्न और उछाल मिला जिससे उन्होंने 37 ओवर में 83 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। आस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 227 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी और पाकिस्तान को जीत के लिए 351 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। आस्ट्रेलिया के पहली पारी में 391 रन के जवाब में पाकिस्तान की पहली पारी 268 रन पर सिमट गई थी। लियोन ने अंतिम दिन 28 ओवर का मैराथन स्पैल फेंका। तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पाकिस्तान के 11वें नंबर के बल्लेबाज नसीम शाह को बोल्ड कर उसकी पारी खत्म की। पाकिस्तान के लिए इमाम उल हक (70) और कप्तान बाबर आजम (55) ने जुझारू अर्धशतकीय पारियां खेलीं लेकिन बाकी के बल्लेबाज कमिंस की रिवर्स स्विंग और लियोन की स्पिन के आगे नहीं टिक सके। कमिंस ने 23 रन देकर तीन विकेट झटके। रावलपिंडी में पहला टेस्ट ड्रा रहा था जिसकी पिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने औसत से कम आंका था। कराची में दूसरे टेस्ट में बाबर की 10 से ज्यादा घंटे में खेली गई 196 रन की पारी ने आस्ट्रेलिया को जीत से महरूम कर दिया था जिसमें पाकिस्तान ने पांच से ज्यादा सत्र में 171.4 ओवर खेले थे।

# उत्तरी मेसेडोनिया से हारकर इटली फिर विश्व कप में जगह बनाने से चूका

भाषा। पालेर्मो

**अकल्पनीय** और अविश्वसनीय। यूरोपीय चैंपियन इटली गुरुवार को यहां अलेक्सांद्र ट्रैजकोवस्की के आखिरी क्षणों में किए गए गोल के कारण प्लेऑफ सेमीफाइनल में उत्तरी मेसेडोनिया से 1-0 से हारकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने से चूक गया। इटली ने गोल पर 32 शॉट जमाए लेकिन किसी पर भी गोल नहीं कर पाया। इसके विपरीत उत्तरी मेसेडोनिया ने केवल चार शॉट गोल पर जमाए और आखिर में ट्रैजकोवस्की का दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम के दूसरे मिनट में किया गया गोल अंतर पैदा कर गया। असल में उत्तरी मेसेडोनिया के पास यही वास्तविक मौका था जिसे उसने भुनाया जबकि इटली ने कई मौके गंवाए जबकि कुछ अवसरों पर प्रतिद्वंद्वी टीम के गोलकीपर स्टोल दिमित्रीवस्की ने उसके प्रयासों को नाकाम किया। पांच साल पहले की तरह इटली के खिलाड़ी निराशा में मैदान पर लेट गए। उनकी आंखों में आंसू थे जबकि उत्तरी मेसेडोनिया के खिलाड़ी जश्न मना रहे थे। इटली विश्व कप 2018 के लिए भी क्वालीफाई नहीं पाया था।

## इक्वेडर और उरूग्वे ने क्वालीफाई किया



**साओ पाउलो।** ब्राजील और अर्जेंटीना के बाद इक्वेडर और उरूग्वे ने भी दक्षिण अमेरिका से विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई कर लिया है जिसका आयोजन इस साल के आखिर में कतर में होगा। तीसरे स्थान की टीम इक्वेडर को गुरुवार को पराग्वे से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद वह चौथे स्थान पर काबिज उरूग्वे की पेरू पर 1-0 से जीत से विश्व कप मे सीधे प्रवेश करने में सफल रहा। इक्वेडर और उरूग्वे दोनों के 25 अंक हो गए है और अब किसी अन्य टीम के यहां तक पहुंचने की संभावना नही है। ब्राजील और अर्जेंटीना पहले ही विश्व कप मे अपनी जगह सुरक्षित कर चुके थे। दक्षिण अमेरिका से पांचवे स्थान पर रहने वाली टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ मे एशियाई टीम से भिड़ेगी। पेरू के 21 अंक है और वह मंगलवार को पराग्वे पर जीत दर्ज करके यह स्थान हासिल कर सकता है।

## इब्राहिमोविच के बिना भी स्वीडन विश्व कप प्लेऑफ के फाइनल में

**स्टॉकहोम।** रॉबिन क्वाइसन ने स्वीडन की तरफ से एक और विश्व कप फुटबॉल में खेलने की जलाटन इब्राहिमोविच की उम्मीदों को जीवंत रखा। इब्रोहिमोविच निलंबित होने के कारण बाहर बैठकर मैच देख रहे थे। चेक गणराज्य के खिलाफ यह मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया था। ऐसे में क्वाइसन स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरते हैं और 110वें मिनट में गोल करके स्वीडन को 1-0 से जीत दिलाने के साथ उसे यूरोपीय क्वालीफाइंग के प्लेऑफ फाइनल में भी पहुंचा देते हैं। स्वीडन को नवंबर-दिसंबर में कतर में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए अब पोलैंड से उसकी धरती पर भिड़ना होगा। चेक गणराज्य 2006 के बाद पहली बार विश्व कप में जगह नहीं बना पाया।

## तुर्की को हराकर पुर्तगाल विश्व कप में जगह बनाने के करीब

**पोर्टो (पुर्तगाल)।** पुर्तगाल ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद गुरुवार की रात यहां तुर्की को 3-1 से हराकर कतर में इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पुर्तगाल के प्रशंसक हालांकि तब स्तब्ध रह गए थे जब रेफरी ने 85वें मिनट में तुर्की को पेनल्टी देकर उसे बराबरी करने का मौका दिया था। लेकिन बुराक इल्माज का शॉट क्रास बार के ऊपर से निकल गया और पुर्तगाल पर आया संकट टल गया। पुर्तगाल के लिए एडमिलसन ने 15वें और डिएगो जोटा ने 42वें मिनट में गोल किए।